धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ


सुप्रभात

रांची, गुरुवार

07.12.2023

* नगर संस्करण । पेज : 12

khabarmantra.net अगहन, कृष्ण पक्ष, दशमी संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 144



12 फिल्म फाइटर का फर्स्ट लुक रिलीज

## राज्य के हर कोने तक पहुंचेगी आपकी सरकार : हेमंत सोरेन

# अबुआ आवास आपका आवास

**खरसावां में सरकार आपके द्वार**

- वनोपज का भी एमएसपी तय होगा, राज्य में 50 हजार नियुक्तियां जल्द
- 236 करोड़ की 90 योजनाओं का शिलान्यास
- 80 करोड़ की 142 योजनाओं का उद्घाटन, 244 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/ सरायकेला- खरसावां।** सीएम हेमंत सोरेन ने कहा है कि अबुआ आवास सबका आवास होगा। आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के माध्यम से आदिवासियों, दलितों, पिछड़े वर्गों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, युवाओं, किसानों-मजदूरों और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाएं और सेवाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य का कोई ऐसा कोना नहीं मिलेगा, जहां सरकार नहीं पहुंचेगी। श्री सोरेन बुधवार को खरसावां के सिमला पंचायत स्थित गोंडपुर मैदान में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा, वनोपज को लेकर भी एमएसपी तय किया जायेगा। इसके लिए सिदो कान्हो वनोपज सहकारी संघ का गठन किया गया है। जल, जंगल और जमीन बचेगी तभी आदिवासी बचेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोगों को 370 करोड़ की योजनाओं की सौगात दी।

(शेष पेज 11 पर)

### अपना बकाया मांगने पर एजेंसी से डराने काम

सीएम ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य सरकार की कोयला रॉयल्टी का बकाया राशि एक लाख 36 हजार करोड़ का भुगतान नहीं कर रही है। बकाया मांगते हैं तो केंद्र सरकार ईडी और सीबीआई पीछे लगा कर डराती है। झारखंडी किसी से डरता नहीं है। लड़ कर अपना हक और अधिकार हमलोग लेनेवाले हैं। हम भागने वालों में से नहीं हैं। उन्होंने कहा, यदि बकाया राशि झारखंड को प्राप्त हो जाती, तो वृद्ध महिला-पुरुष को ढाई हजार रुपये प्रतिमाह देते, हजारों एकड़ भूमि में सिंचाई के लिए किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाते, युवाओं को स्वरोजगार के लिए 10 -10 लाख रुपये देते, 500 रुपये में गैस सिलेंडर देते लेकिन वे इस बकाया राशि को नहीं दे रहे हैं।



### जनता को अपने दम पर दे रहे अबुआ आवास

सीएम ने कहा कि जब केंद्र ने प्रधानमंत्री आवास योजना यहां बंद कर दी, तो अब सरकार राज्य संपोषित अबुआ आवास योजना के तहत अहर्ता प्राप्त जरूरतमंद को योजना से आच्छादित कर रही है। यह अबुआ आवास झारखंड के लोगों का अपना आवास होगा। यह तीन कमरों का सुसज्जित आवास होगा। केंद्र सरकार की अनदेखी के बाद यहां के लोगों की सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना राज्य सरकार के लिए जरूरी था। पहले की सरकार ने जो बंद कर दिया था, अब आपकी सरकार ने 20 लाख लोगों को हरा राशन कार्ड दे दिया है। अब जनवितरण प्रणाली की दुकान में दाल भी उपलब्ध कराया जायेगा।

# एल खियांग्ते झारखंड के नये मुख्य सचिव बने

- सुखदेव सिंह एटीआइ के महानिदेशक बनाये गये



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह का सरकार ने तबादला कर दिया है। वहीं, सीएस रैंक के आइएएस एल खियांग्ते को झारखंड का नया मुख्य सचिव बनाया गया है। वहीं सुखदेव सिंह को अगले आदेश तक श्री कृष्ण लोक प्रशासन संस्थान (एटीआइ) झारखंड रांची महानिदेशक के पद पर पदस्थापित किया गया है। इससे संबंधित अधिसूचना कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग ने बुधवार को जारी कर दी है। जिसके अनुसार नये सीएस के पास अपर मुख्य सचिव, वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का अतिरिक्त प्रभार होगा।

**24वें मुख्य सचिव होंगे खियांग्ते :** झारखंड के 24वें मुख्य सचिव बने एल खियांग्ते 1988 बैच के झारखंड कैडर के आइएएस ऑफिसर हैं। वह मूल रूप से मिजोरम के रहनेवाले हैं। रांची के डीडीसी रहे एल ख्यांग्ते का जन्म 26 अक्टूबर 1964 को हुआ था। वह 31 अक्टूबर 2024 को रिटायर होंगे। नये मुख्य सचिव एक अच्छे अधिकारी रहे हैं। इन्होंने कई महत्वपूर्ण विभागों में अलग-अलग पद पर काम किया है। फिलहाल वे एटीआइ के महानिदेशक थे। इसके अलावा उनके पास अपर मुख्य सचिव के रूप में वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग का भी दायित्व था। उनके बैच के दो आईएएस ऑफिसर हैं। इनमें अरुण कुमार सिंह इसी साल 31 दिसंबर को रिटायर होने वाले हैं, जबकि अलका तिवारी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। एल ख्यांग्ते से सीनियरिटी के मामले में झारखंड कैडर के 1987 बैच के आइएएस ऑफिसर एनएन सिन्हा भी केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं।

**लंबे समय तक सीएस रहे सुखदेव सिंह :** सुखदेव सिंह 1987 बैच के आइएएस अधिकारी हैं। मार्च 2020 में डीके तिवारी के रिटायर होने के बाद वे राज्य के 23वें मुख्य सचिव बनाये गये थे। (शेष पेज 11 पर)

## न्यूज डायरी

### लातेहार में पांच लाख का इनामी नक्सली धराया

**लातेहार।** भाकपा माओवादी सब जोनल कमांडर प्रदीप सिंह चेरो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उस पर सरकार ने पांच लाख रुपये इनाम घोषित किया था। गिरफ्तार नक्सली लातेहार सदर थाना क्षेत्र के बरियातू जागीर गांव का है।

### रामगढ़ उपकारा में भी हुई घंटों छापेमारी

**रामगढ़।** धनबाद जेल में गोलीबारी के बाद राज्य के सभी जेल हाई अलर्ट मोड पर हैं, जहां लगातार छापेमारी और निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में रामगढ़ जिले के छत्तरमांडू के चाहा स्थित रामगढ़ उपकारा में पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की टीम ने तीन घंटे तक सघन छापेमारी की। जेल के हर कैदी वार्ड और ब्लॉक की तलाशी ली गयी।

### साहिबगंज के एसपी नौशाद नहीं हुए हाजिर

**रांची।** विजय हांसदा को दिल्ली भेजने की व्यवस्था करने के आरोप में साहिबगंज एसपी नौशाद आलम ईडी के राडार पर हैं। उन्हें ईडी की तरफ से दोबारा बुधवार को पूछताछ के लिए रांची स्थित कार्यालय बुलाया गया था लेकिन वो नहीं आये। नौशाद आलम ने ईडी को चिट्ठी लिख कर समय मांगा है।

### गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग

**नयी दिल्ली।** भाजपा के किरोड़ी लाल मीणा ने गाय को देश का राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की। उन्होंने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि यह मुद्दा राष्ट्र की आर्थिक और आध्यात्मिक चेतना से जुड़ा है। शून्यकाल के दौरान सदन में गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग उन्होंने की।

### गुमला : आठ किलो गांजा के साथ तस्कर धराया

**गुमला।** गुमला पुलिस ने गांजा तस्करी के एक आरोपी को धर दबोचा है। उसकी गिरफ्तारी चांदनी चौक घाघरा के समीप से हुई है। पुलिस ने तस्कर के पास से आठ पैकेट गांजा बरामद किया है। आरोपी दीपक कुमार बिहार के रोहतास का निवासी है।

### परिवहन विभाग को हाइकोर्ट से बड़ी राहत

**रांची।** राज्य के परिवहन विभाग को झारखंड हाईकोर्ट ने कमर्शियल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। कमर्शियल कोर्ट ने परिवहन विभाग की एफएफपी बिल्डिंग स्थिति कार्यालय की संपत्ति को अटैच करने का आदेश दिया था। आदेश के बाद 5 दिसंबर को कार्यालय की संपत्ति को अटैच करने की कवायद की गयी थी।

### राष्ट्रपति, पीएम ने किया डॉ आंबेडकर को नमन

**नयी दिल्ली।** महापरिनिर्वाण दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, पीएम मोदी समेत बड़े नेताओं ने संविधान निर्माता डॉ अंबेडकर को नमन किया। डॉ भीमराव रामजी अंबेडकर की याद में महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 59,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 77,000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**





## इडी के अहम गवाह ने कहा

# पूजा सिंघल को जाता था कमीशन का पैसा



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मनरेगा घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने की आरोपी निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल से जुड़े मामले में बुधवार को इडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में खूंटी जिले के तत्कालीन नजारत डीसी अभय नंदन अंबष्ठ की गवाही दर्ज की गयी। पूजा सिंघल जब खूंटी की डीसी थी उन दिनों ईडी के गवाह वहां के नजारत डीसी थे। ईडी के प्रस्तुत गवाह ने मनरेगा घोटाले से संबंधित जानकारी दी। गवाही पूरी होने के बाद बचाव पक्ष ने गवाह का जिरह किया। जो पूरा नहीं हो सका। अदालत ने अगली सुनवाई 11 दिसंबर को निर्धारित की है। सुनवाई के दौरान पूजा सिंघल समेत जेल में बंद अन्य आरोपियों की वीसी के माध्यम से पेशी हुई। पूजा सिंघल 25 मई 2022 से जेल में है। मामले में अब तक पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी छह गवाह प्रस्तुत कर चुकी है। ईडी ने पूजा सिंघल मामले में अब तक श्रीराम ट्रांसपोर्ट के मैनेजर, पल्स बिल्डिंग बनाने वाला ठेकेदार अक्षत कटियार, गौतम राय, सुजीत कुमार एवं बिल्डर आलोक सरावगी की गवाही दर्ज करायी है।

(शेष पेज 11 पर)

# झारखंड में तूफान का असर, झमाझम बारिश

- बोकारो में हाइटेंशन तार गिरा, छह पशुओं की मौत
- 9 दिसंबर के बाद पड़ेगी कड़ाके की ठंड

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** चक्रवाती तूफान माइचौंग के कारण झारखंड में भी हवा का रुख बदल गया है। मंगलवार से ही इसका असर दिख रहा है। बुधवार सुबह से रांची, बोकारो धनबाद समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। बोकारो में तूफान और लगातार बारिश के कारण 11 हजार वोल्ट की तार टूटकर गिर जाने से छह पशुओं की मौत हो गयी। मौसम केंद्र ने पूर्वानुमान किया कि बुधवार को कोल्हान प्रमंडल और दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के कई जिलों में बारिश हुई। विभाग के मुताबिक, 8 दिसंबर से मौसम साफ होगा। वहीं, 8-9 से झारखंड में पारा गिरने की संभावना है, जिसके बाद राज्य में कड़ाके की ठंड पड़ सकती है।

**आज भी रहेगा असर :** राजधानी रांची सहित अन्य इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई। बादल और बारिश के कारण न्यूनतम तापमान में थोड़ी वृद्धि हुई है। वहीं, अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। इससे ठंड का एहसास ज्यादा हो रहा है। पूर्वानुमान के मुताबिक तूफान का असर गुरुवार तक जारी रहेगा।

**बोकारो में हाइ वोल्टेज तार गिरा :** तूफान के कारण बोकारो में लगातार बारिश हो रही है। तेज हवाएं चल रही हैं। इससे नावाडीह प्रखंड के ऊपरघाट में कंजकिरो स्थित सबस्टेशन के समीप लगातार 11 हजार वोल्ट की बिजली तार टूटकर गिर गया। (शेष पेज 11 पर)

### रांची से दो विमान लेट से उड़े



चक्रवाती तूफान के कारण बुधवार को सुबह से ही आसमान में बदल रहा और रूक-रूक कर बारिश होती रही है। खराब मौसम के कारण रांची से उड़ान भरने वाली विमान सेवाएं विलंब है। इनमें दिल्ली जाने वाली विमान अपने निर्धारित समय से डेढ़ घंटे देर से उड़ान भर सकी। वहीं पटना जाने वाला विमान अपने निर्धारित समय 2:00 बजे की जगह सवा घंटा लेट से रवाना हुई।

# सांसद धीरज साहू के 5 ठिकानों पर आइटी सर्वे

- ओड़िशा के तीन ठिकानों व रांची और लोहरदगा में छापा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/लोहरदगा।** कांग्रेस के दिग्गज नेता और राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के पांच व्यावसायिक और आवासीय स्थान पर इनकम टैक्स की टीम बुधवार की अहले पहुंची।

पुलिस बल की मौजूदगी में इनकम टैक्स की टीम ने धीरज साहू के ठिकानों पर सर्वे किया। सर्वे के दौरान मिले दस्तावेजों की जांच की और कुछ कागजात अपने साथ लेकर आयी है। सर्वे झारखंड में रांची, लोहरदगा और ओड़िशा में स्थित तीन ठिकानों पर हुई। राजधानी रांची के रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन में आइटी की टीम पहुंची, जहां देर शाम तक सर्च अभियान चलता रहा।

(शेष पेज 11 पर)

### दस्तावेजों की जांच पड़ताल जारी

इनकम टैक्स ओड़िशा की टीम पुलिस के साथ सर्वे के लिए बुधवार की सुबह लगभग 6:30 बजे लोहरदगा पहुंची। सभी गाड़ियां ओडिशा की थीं। लोहरदगा के साथ-साथ रांची और ओड़िशा के बलांगीर, संबलपुर और कालाहांडी में भी इनकम टैक्स की टीम ने एक साथ सर्वे शुरू किया गया। लोहरदगा में जिस वक्त सर्वे हो रहा था सांसद के परिवार का कोई भी सदस्य वहां नहीं था। इसके पूर्व 2019 में इनकम टैक्स का सर्वे चुका है। इसके अलावा इस साल लोहरदगा के कई व्यवसाईयों के यहां भी इनकम टैक्स का सर्वे हुआ था। हालांकि इनकम टैक्स को यहां से कुछ भी प्राप्त नहीं हो पाया था।

## रामगढ़ कोर्ट के बाहर वकीलों ने किया रोड जाम

# डीएसपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर जमकर की नारेबाजी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** अधिवक्ताओं ने रामगढ़ व्यवहार न्यायालय गेट के सामने बुधवार को रोड जाम कर मुख्यालय डीएसपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर नारेबाजी की। पार्किंग को लेकर विवाद में डीएसपी और अधिवक्ता के बीत कहासुनी हुई थी। अदिवक्ताओं का आरोप है कि पुलिस अधिकारी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया। वहीं डीएसपी ने आरोप को बेबुनियाद बताया है।

मुख्यालय डीएसपी संजीव कुमार मिश्र द्वारा अधिवक्ता भैरव ठाकुर के साथ रामगढ़ सिविल कोर्ट मुख्य द्वार के पास दुर्व्यवहार किये जाने के बाद अधिवक्ता आक्रोशित हो गये। देखते ही देखते अधिवक्ताओं की भीड़ सड़क पर उतर गयी। अधिवक्ताओं ने कोर्ट गेट के सामने सड़क पर खड़े होकर उसे पूरी तरह जाम कर दिया और जमकर नारेबाजी की। अधिवक्ता मुख्यालय डीएसपी से माफी मांगने और उनके खिलाफ ठोस कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे।

सड़क जाम की सूचना पर पहुंची रामगढ़ पुलिस तमाशबीन बनी रही। सड़क जाम हटाने का कोई प्रयास नहीं किया गया, जिसके कारण डीसी ऑफिस जाने वाले लोग जाम के कारण सड़क पर ही फंसे रहे।

अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक मुख्यालय डीएसपी लिखित रूप से माफी नहीं मांगते, हमारा आंदोलन जारी रहेगा। पीड़ित अधिवक्ता भैरव ठाकुर ने कहा कि मुख्यालय डीएसपी ने उनके साथ दुर्व्यवहार किया है। उन्होंने मुझे लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया। किसी भी मामले में फंसाने की धमकी भी दी है।

# राज्यपाल ने दी मंजूरी 15 से शीतकालीन सत्र

**रांची।** झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 दिसंबर से होगा। सत्र आहूत करने को लेकर प्रस्ताव पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है। संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि संसदीय कार्य मंत्रालय के द्वारा कैबिनेट के निर्णय की प्रत्याशा में राजभवन को मंजूरी के लिए भेजा था। इसे राज्यपाल ने मंजूरी प्रदान कर दी। अब 7 दिसंबर को होने वाली कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव को लाया जायेगा। इसकी मंजूरी प्रदान की जायेगी। इसके बाद अंतिम रूप से शिड्यूल जारी होगा।

**22 तक चलेगा सत्र :** जानकारी के अनुसार विधानसभा का शीतकालीन सत्र 15 से 22 दिसंबर तक चलेगा। इसमें छह कार्यदिवस होंगे। सरकार इस सत्र में इस वित्तीय वर्ष का दूसरा अनुपूरक बजट पेश करेगी साथ ही साथ कई नये और पुराने विधेयक को सदन में सरकार पेश करेगी।

**नेता प्रतिपक्ष के साथ दिखेगी भाजपा :** विधानसभा के शीतकालीन सत्र में इस बार भाजपा नये तेवर में दिखेगी। अब पार्टी अपने नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी की अगुवाई में सरकार को घेरते दिखाई देगी। इससे पूर्व पूर्व सीएम बाबूलाल मरांडी को भाजपा ने अपना नेता प्रतिपक्ष बना रखा था, लेकिन उन पर विधानसभा में दल बदल का केस चल रहा है। (शेष पेज 11 पर)

# सरायढेला थाने में आरोपी रितेश यादव से पूछताछ

**अमन सिंह हत्याकांड**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची, धनबाद।** गैंगस्टर अमन सिंह हत्याकांड के आरोपी रितेश यादव को सरायढेला पुलिस मेडिकल जांच के बाद पूछताछ के लिए वापस अपने साथ ले गयी। पुलिस सरायढेला थाना में रितेश से पूछताछ कर रही है। इसे देखते हुए थाना की सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। सुंदर महतो को पुलिस पांच दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर रही है। बुधवार को उसे मेडिकल जांच के लिए सदर अस्पताल लाया गया।

**थाने की सुरक्षा कड़ी :** रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो को कड़ी सुरक्षा में सरायढेला थाने में रखा गया है। थाने की सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। कोई अप्रिय घटना न हो इसके लिए विशेष इंतजाम किये गये हैं। कुछ चुनिंदा पुलिसकर्मियों को ही इस ओर जाने की इजाजत दी गयी है। थाने का बड़ा गेट बंद रखा गया है। लोगों को छोटे गेट से प्रवेश दिया जा रहा है। बिना काम के किसी भी व्यक्ति को थाने के अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जा रहा है। बड़े गेट पर दो पुलिसकर्मी तैनात हैं।

**बार-बार बयान बदल रहा आरोपी :** पुलिस रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो से पूछताछ कर रही है। फायरिंग को लेकर वह बार-बार पुलिस के सामने अपना बयान बदल रहा है। रितेश यादव का आधार कार्ड फर्जी पाया गया है। रितेश ने खुद को यूपी का निवासी बताया है। उसके बयान में कितनी सच्चाई है, इसका पता लगाने के लिए पुलिस यूपी भी गयी है। उसने खुद को यूपी के प्रयागराज का रहने वाला बताया है।

# नेहरू ने गलती नहीं ब्लंडर किया, बना पीओके : शाह

## जम्मू-कश्मीर से संबद्ध विधेयकों पर बयान से भड़के कांग्रेसी, वाकआउट

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के तीसरे दिन बुधवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू और कश्मीर आरक्षण (संशोधन) विधेयक 2023 और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन विधेयक 2023 पर कहा, मैं यहां जो विधेयक लेकर आया हूं वह उन लोगों को न्याय दिलाने और उनका अधिकार दिलाने से संबंधित है। जिनके खिलाफ अन्याय हुआ, जिनका अपमान हुआ और जिनकी उपेक्षा की गयी। गृह मंत्री ने कहा कि देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू के कार्यकाल के दौरान हुए दो बड़े ब्लंडर (गलतियों) का खामियाजा जम्मू-कश्मीर को वर्षों तक भुगतना पड़ा। पंडित नेहरू के संदर्भ में शाह की टिप्पणियों कांग्रेस के सदस्यों ने पुरजोर विरोध किया। सत्तापक्षा और विपक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई। (शेष पेज 11 पर)



### पंडित नेहरू ने खुद मानी थी गलती

शाह ने कहा, मेरा मानना है कि इस मामले को संयुक्त राष्ट्र में नहीं ले जाना चाहिए था, लेकिन अगर ले जाना था तो संयुक्त राष्ट्र के चार्टर 51 के तहत ले जाना चाहिए था, लेकिन चार्टर 35 के तहत ले जाया गया। उनके मुताबिक, पंडित नेहरू ने खुद माना था कि यह गलती थी, लेकिन मैं मानता हूं कि यह ब्लंडर था। इस बीच बीजू जनता दल के भर्तृहरि ने कहा कि इसके लिए हिमालयन ब्लंडर (विशाल भूल) का प्रयोग किया जाता है और गृह मंत्री चाहे तो इसका भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

**अधीर की चुनौती शाह ने स्वीकारी :** जम्मू कश्मीर मामले पर चर्चा के दौरान लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने चैलेंज किया कि आप बार-बार नेहरु की आलोचना करते हैं, इसलिए बेहतर होगा कि आप एक दिन बहस की चुनौती स्वीकार कर लीजिए। दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा। इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि वह इस चैलेंज को स्वीकार करते हैं। चौधरी ने कहा कि आश्चर्य की बात है कि जब भी कश्मीर की बात आती है तो सरकार के मंत्री और भाजपा के अनेक नेता हर बात में नेहरूजी की आलोचना करते हैं।

# इंडी गठबंधन में कभी कोई मतभेद नहीं : नीतीश कुमार

- सब तेजी से एकजुट हों, मिलकर चुनाव लड़ें

एजेंसी



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री एवं जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के शीर्ष नेता नीतीश कुमार ने राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम को लेकर विपक्षी गठबंधन इंडिया के दलों को स्पष्ट संदेश देते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि बहुत तेजी से विपक्ष एकजुट हो और आगे से सब एकसाथ मिलकर चुनाव लड़ें। श्री कुमार ने बुधवार को यहां बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को उनके महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।

हाल में हुए विधानसभा चुनाव परिणाम से संबंधित प्रश्न पर कहा कि चुनाव में पिछली बार कांग्रेस उन राज्यों में जीती थी। कांग्रेस को इसबार भी अच्छा वोट आया है लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) जीती। तेलंगाना में कांग्रेस जीती है। इनसब चीजों पर कोई खास चर्चा की बात नहीं है। उन्होंने कहा कि वह तो यही चाहते हैं कि बहुत तेजी से विपक्ष एकजुट हो। मुख्यमंत्री ने कहा, खबर में चल रहा था कि हम इंडिया गठबंधन की बैठक में नहीं जा रहे हैं। (शेष पेज 11 पर)

# इडी ऑफिस नहीं पहुंचे साहिबगंज एसपी नौशाद आलम, पत्र लिखकर मांगा समय

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** साहिबगंज एसपी नौशाद आलम इडी पूछताछ के लिए उपस्थित नहीं हुए। नौशाद आलम ने इडी को पत्र लिखकर समय की मांग की है। जानकारी के मुताबिक, बुधवार सुबह नौशाद आलम ने इडी के अधिकारियों को पत्र के जरिये सूचना दी कि वह बुधवार को उपस्थित होने में सक्षम नहीं हैं। पत्र में इडी के समक्ष उपस्थित ना होने का कारण भी लिखा है। उन्होंने इडी के अधिकारियों से पूछताछ के लिए दूसरी तारीख मांगी है।



### 12 घंटे तक हुई थी पूछताछ

गौरतलब हो कि इडी ने इससे पहले 28 नवंबर को भी एसपी नौशाद आलम से 12 घंटे तक पूछताछ की थी। लेकिन उस दौरान साहिबगंज एसपी के अधिकांश जवाब से एजेंसी के अफसर संतुष्ट नहीं हुए थे। जिसके बाद इडी ने दोबारा उन्हें समन भेजकर छह दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया था। इडी की टीम ने एसपी नौशाद आलम से पूछताछ के लिए बाकायदा सवालों की एक पूरी लिस्ट तैयार कर रखा है। गवाह को प्रभावित करने के मामले में एसपी नौशाद आलम से पूछताछ की जा रही है।

### परिवहन विभाग को झारखंड हाइकोर्ट से मिली बड़ी राहत

# एफएफपी बिल्डिंग के कार्यालय की संपत्ति अटैच करने के लोअर कोर्ट के फैसले पर लगी रोक

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के परिवहन विभाग को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने कमर्शियल कोर्ट के फैसले पर रोक लगा दी है। कमर्शियल कोर्ट ने परिवहन विभाग की एफएफपी बिल्डिंग स्थिति कार्यालय की संपत्ति को अटैच करने का आदेश दिया था। आदेश के बाद 5 दिसंबर को कार्यालय की संपत्ति को अटैच करने की कवायद की गई थी। इसके खिलाफ परिवहन विभाग ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हाईकोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि आज बुधवार को सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश संजय मिश्रा और न्यायाधीश आनंद सेन की खंडपीठ ने मेसर्स के. एस. सॉफ्टनेट सॉल्यूसन्स प्रा. लि. को चार सप्ताह के भीतर प्रति शपथ पत्र दाखिल करने का आदेश दिया है। परिवहन विभाग के सचिव कृपानंद झा ने बताया कि हाईकोर्ट से रिलीफ मिल गई है।

बता दें कि यह मामला 2004 का है। तब तत्कालीन राज्य सरकार ने राज्य में नौ इंटिग्रेटेड चेकपोस्ट बनाने के लिए टेंडर निकाला था। चेकपोस्ट बनाने का ठेका के. एस. सॉफ्टनेट सोल्यूशन्स प्रा.लि. को मिला था। लेकिन राज्य सरकार की लापरवाही के कारण कंपनी को सिर्फ पांच जगहों पर ही चेकपोस्ट बनाने का काम मिल पाया। बाकी चार जगहों पर जमीन का अधिग्रहण नहीं हो पाया। इसकी वजह से कंपनी द्वारा खरीदी गई सामग्री बर्बाद हो गई।

सरकार ने 2013 में चेकपोस्ट के प्रपोजल को ड्रॉप कर दिया। तब कंपनी ने राज्य सरकार से अपने नुकसान का हजार्ना मांगा। राज्य सरकार ने साल 2017 में माना कि कंपनी को हजार्ने के तौर पर 11 करोड़ रु. दिए जाएंगे। लेकिन पांच साल बीत जाने के बावजूद कंपनी को पैसा नहीं मिला। इसके बाद कंपनी ने सिविल कोर्ट परिसर स्थिति कमर्शियल कोर्ट में याचिका दायर की। कोर्ट की कार्रवाई के बावजूद कंपनी को पैसा नहीं लौटाने पर कोर्ट के आदेश से गठित जिला प्रशासन की टीम ने परिवहन विभाग कार्यालय की संपत्ति अटैच करने का आदेश दे दिया।


## कार्यालय जिला परिषद,कोडरमा

**Expression of Interest (EoI)**

**शुद्धिपत्र**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 782/जि0प0 दिनांक 28.11.2023 एवं PR सं0 312219 द्वारा प्रकाशित Expression of Interest (EoI) से संबधित सूचना में अपरिहार्य कारणवश निम्नवत् संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | विवरणी | पूर्व में प्रकाशित तिथि | संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | Expression of Interest (EoI) प्राप्ति की अंतिम तिथि | 08.12.2023 | 09.12.2023 |

निविदा से संबंधित शेष सभी सूचनाएं एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद कोडरमा

PR 312832 Panchayati Raj(23-24).D



## AFFIDAVITE

I Vicky, kumar, Gupta S/O Vijay Sah, Resident of New Madhukam, Road NO 5/J, Devi Mandap Road, Big Reliance Tower, RANCHI, JHARKHAND-834005, do hereby solemnly affirm and declare as follows:-
1. That I am an Indian citizen by birth and resident of above mention address.
2. That my correct name is Vicky kumar Gupta which is mentioned in my children's birth certificate, Uid, pan card and other documents.
3. That I have a 10th mark sheet No. 1369194 in which my name has been mentioned as Vicky kr. Gupta which is not correct.
4. That my correct Name is Vicky Kumar Gupta.
5. That I have to correction of correct Name is Vicky Kumar Gupta as my said pan and Uid card in place of Vicky kr. Gupta from concerning Authority.
Sworn and signed at Ranchi. 04/12/2023.
Ref No. 257



## कार्यालय,कार्यपालक अभियन्ता, लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा

पत्रांकः–1132 सिमडेगा,दिनांकः–

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय का पत्रांकः–782, दिनांकः–22.11.2023 के द्वारा आमंत्रित निविदा आमंत्रण सूचना संख्याः–WRD/MID SIMDEGA/ F2-03/2023-24 दिनांकः–22.11.2023 जो, दिनांकः–23.11.2023, एवं 24.11.2023 को विभिन्न समाचार पत्र में प्रकाशित हुआ। जिसका पी0 आर0 नम्बर–311756 minor Irrigation (2023-24)D वर्षः–2023–24 है एवं बेवसाईट पर अपलोड (Upload) किया जा चुका है, को निम्नांकित रूप से संशोधित किया जाता हैः–

| क्रमांक | निविदा सूचना संख्या | Particulars | Revised Date |
|---|---|---|---|
| 1 | 03 | Name of the Work:- Construction of Checkdam of Sanbotha Toli Nala, Block-Kolebira, Simdega. | Date of Opening of e-tendar का दिनांकः–20.12.2023 (02:00 PM) के स्थान पर दिनांकः–21.12.2023 (02:00PM) पढ़ा जाय। |

कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल,सिमडेगा

PR 312808 Minor Irrigation(23-24)*D



## झारखण्ड सरकार
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा

**अतिअल्पकालिन ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

निविदा सूचना संख्या - DWSD/SIM/DT/EDDT/GPT/05/2023-24 (2nd Call) दिनांक – 05.12.2023 (द्वितीय कॉल)

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Name of Work:- Construction of 125 x 115 mm dia and 70m/90m/120m mtrs. deep drilled Tube-Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump, 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted D.T.H Rig machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on "Turn Key Basis" in different rural habitations of Simdega District under D. W. & S. Division, Simdega for the Year 2023 -24. | | | | |
| ग्रुप संख्या | ड्रिल्ड नलकूप की संख्या | प्राक्कलित राशि (रू० में) | अग्रधन की राशि (रू० में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू० में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
| SIM/DT/70M – Gr.01 | 90 | 80,25,966.00 | 1,60,600.00 | 10,000.00 | 165 Days |
| SIM/DT/70M – Gr.02 | 90 | 80,25,966.00 | 1,60,600.00 | 10,000.00 | 165 Days |
| 2 | Name of Work:- Construction of 300 x 115 mm dia and 60m deep (Av.) Gravel Packed drilled Tube-Well with installation of India Mark II (IS 15500 part - 2/2004) hand pump, 32 mm dia G.I. medium class Riser Pipe by Truck Mounted Mechanical/ Hydraulic Reverse Rotary with mud pump Rig machine with 125 mm dia blue casing UPVC Pipe with drain, Platform etc. on "Turn Key Basis" in different rural habitations of Simdega District under D.W.& S. Division, Simdega for the Year 2023-24. | | | | |
| SIM/GPT/60M – Gr.01 | 40 | 58,91,191.00 | 1,17,900.00 | 10,000.00 | 75 Days |
| 3 | वेबसाइट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 08.12.2023 समय 04.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4 | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अन्तिम तिथि एवं समय | 16.12.2023 समय 05.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 5 | सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई– गवर्नेस, झारखण्ड मंत्रालय, के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.23 के आलोक में विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि Online जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 16.12.2023 समय 05.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 6 | तकनीकी बिड खोलने की तिथि एवं समय | 18.12.2023 समय 12.00 बजे अपराह्न | | | |
| 7 | तकनीकी बिड खोलने का स्थान | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सिमडेगा। | | | |
| 8 | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम/पदनाम :- | ई0 मुकेश कुमार, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सिमडेगा। | | | |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलिफोन नं0 | 06525-350233 | | | |
| 10 | ई– प्रोक्यूरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन सं0 | 9431501512 | | | |

नोट – केवल ई निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे।
अधिक जानकारी के लिए वेवसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वचछता प्रमंडल, सिमडेगा

PR 312802 (Simdega) 23-24 (D)


### भाजपा आदिवासी समाज को हक और अधिकार दिलाने को कृतसंकल्प

# झामुमो नेतृत्व वाली सरकार में आदिवासियों के लिए कोई संवेदना नहीं : बाबूलाल मरांडी

**संथाल परगना में आयोजित मोटर साइकिल रैली का किया नेतृत्व**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची/दुमका।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को भारी बारिश के बीच अनुसूचित जनजाति मोर्चा के तत्वावधान में संथाल परगना में आयोजित मोटर साईकिल रैली का नेतृत्व किया। दो दिवसीय मोटर साईकिल रैली के दूसरे चरण का बुधवार को दूसरा दिन था। श्री मरांडी ने बीती रात कुमारभजा गांव के आवासीय विद्यालय में रात्रि विश्राम किया। ग्रामीणों की समस्या से प्रत्यक्ष रूबरू हुए। रैली में कुमारभाजा, लिट्टीपाड़ा से पाकुड़िया तक सैकड़ों आदिवासी युवा शामिल हुए। जगह-जगह पुष्प वर्षा एवं पारंपरिक रूप से स्वागत हुआ। श्री मरांडी ने कहा कि भाजपा आदिवासी समाज को उसका हक और अधिकार दिलाने, विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार लगातार जनजातियों के लिए योजनाएं चला रही है। चाहे जनजाति गांव का विकास हो या शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन सभी क्षेत्र की योजनायें चलाई जा रही है। युवाओं को ऋण के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा है। जनजाति क्षेत्र के उत्पाद को विश्व व्यापार से जोड़ा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने अलग राज्य दिए। जनजाति मंत्रालय बनाया। आज मोदी मंत्रीमंडल में 8 मंत्री पहली बार जनजाति समाज से हैं। उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज के स्वतंत्रता सेनानी, महापुरुषों को आजादी के बाद कभी सम्मान नहीं मिला, लेकिन मोदी सरकार ने जनजाति समाज का गौरव बढ़ाया। पहली बार देश में जनजाति समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति पद को सुशोभित कर रहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आदिवासी होने का केवल दंभ भरते हैं। उनके मन में समाज के लिए न कोई सोच है, न सम्मान है और न संवेदना है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को उनके क्षेत्र में मलेरिया से हुई मौत की चिंता तक नहीं है। वे पीड़ितों से मिलना भी जरूरी नहीं समझते हैं। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में कई स्थानों पर पिछली भाजपा सरकार में स्वीकृत आवासीय विद्यालय बनकर 4 वर्षों से उद्घाटन की बाट जोह रहे हैं।

# पिछले साल टैक्स कलेक्शन का आंकड़ा बीते कुछ सालों से बेहतर रहा : वित्त मंत्री

**वाणिज्यकर विभाग के संवाद कार्यक्रम में टाटा मोटर्स और सीसीएल समेत टॉप टैक्स पेयर्स सम्मानित**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** झारखंड सरकार के वाणिज्य कर विभाग की ओर से बुधवार को बीएनआर सभागार में संवाद 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने किया। इस दौरान वाणिज्यकर सचिव विप्रा भाल और कमिश्नर संतोष वत्स समेत विभाग के अधिकारी, चैम्बर के प्रतिनिधि एवं कई व्यवसायिक संगठन के लोग मौजूद थे। कार्यक्रम में टैक्स कलेक्शन कैसे बढ़े और जो समस्या है उसका समाधान कैसे हो, इस पर चर्चा की गयी। अधिकारियों ने कहा कि 2 लाख टैक्स पेयर हैं, लेकिन टैक्स कैश में नहीं जमा होता है। यह चिंता का विषय है।

टैक्स पेयर्स की बातों को सुनने के बाद वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि पिछले साल टैक्स कलेक्शन का आंकड़ा और सालों से काफी अच्छा रहा था, जो राज्य का 70% राजस्व है। टैक्स कलेक्शन का लक्ष्य 24000 करोड़ रुपये रखा गया है। विभाग ने लक्ष्य का अभी तक 14000 करोड़ का राजस्व प्राप्त कर लिया है। वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि चैंबर के लोगों और विभिन्न टैक्स दाताओं के साथ सीधी वार्ता हुई है और हमने उनकी समस्याओं को जाना है। कई सुझाव भी मिले हैं। जमशेदपुर तथा धनबाद जैसे शहरों में भी इस तरह के कार्यक्रम होने चाहिए। राज्य में माइनिंग एक बड़ा क्षेत्र है। सबसे ज्यादा माइनिंग झारखंड में होता है। जीएसटी मिला कर जो कलेक्शन राज्य में हुआ है वो अच्छा रहा।

### सम्मानित किये गये

कार्यक्रम में टॉप टैक्सपेयर्स सम्मानित किये गये। इनमें टाटा कमिंस प्राइवेट लिमिटेड, टाटा मोटर्स लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड, बीसीसीएल, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड शामिल थे। विभाग ने चैंबर प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया।

## खबर एक नजर में

### गृह मंत्री अमित शाह से मिले सुदेश महतो विधानसभा चुनावों में जीत के लिए दी बधाई



**रांची।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से संसद भवन में पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान राज्य की वर्तमान राजनीतिक हालात सहित अन्य विषयों पर चर्चा हुई। साथ ही उन्होंने तीन राज्यों के चुनाव में मिली प्रचंड जीत के लिए उन्हें बधाई भी दी।

### शराब घोटाले के आरोपी योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर हुई सुनवाई

**रांची।** शराब घोटाले की राशि का मनी लाउंड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद योगेंद्र तिवारी की जमानत याचिका पर बुधवार को ईडी के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें को सुना। दलीलें पूरी होने के बाद आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने 16 दिसंबर की तारीख निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में ईडी की ओर से मामले में जवाब दाखिल किया गया था। ईडी ने योगेंद्र तिवारी को बीते 19 अक्तूबर को गिरफ्तार किया था। तब से वह न्यायिक हिरासत में है। योगेंद्र तिवारी द्वारा बालू की तस्करी और अवैध तरीके से जमीन की खरीद बिक्री कर अर्जित आय को शराब के कारोबार में लगाने की खुलासा ईडी की जांच में हुई है। उसने जमानत की गुहार लगाते हुए 24 नवंबर को अर्जी दाखिल की है।

### शीर्ष नक्सली प्रशांत बोस को बेल देने से झारखंड हाइकोर्ट का इनकार

**रांची।** शीर्ष नक्सली प्रशांत बोस और उनकी पत्नी शिला देवी को बेल देने से झारखंड हाईकोर्ट ने इकार कर दिया है। प्रशांत बोस और उनकी पत्नी की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस नवनीत कुमार की बेंच में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता सतीश प्रसाद ने पक्ष रखा। प्रशांत बोस की ओर से अधिवक्ता जितेन्द्र सिंह ने पक्ष रखा। वहीं राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता भोला नाथ ओझा ने बहस की। उन्होंने अपनी बहस के दौरान अदालत को बताया कि प्रशांत बोस नक्सलियों के थिंक टैंक हैं और इनके खिलाफ झारखंड के अलग–अलग जिलों में कई मामले दर्ज हैं। इसलिए इन्हें जमानत नहीं दी जानी चाहिए। उनकी दलील सुनने के बाद अदालत ने प्रशांत बोस और उनकी पत्नी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

### हाइकोर्ट का आदेश- चांडिल प्रखंड के प्रमुख पद पर बरकरार रहेंगी अमला मुर्मू

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में बुधवार को अमला मुर्मू की याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान अदालत ने यह आदेश पारित किया कि अमला मुर्मू चांडिल प्रखंड के प्रमुख पद पर बरकरार रहेंगी। दरअसल पिछले वर्ष हुए पंचायत चुनाव में अमला मुर्मू ने अनुसूचित जनजाति आरक्षित सीट से भादूडीह पंचायत समिति सदस्य के लिए चुनाव लड़ा और जीती। जिसके बाद उन्होंने चांडिल प्रमुख पद के लिए निर्वाचित हुई। उनके निर्वाचन को गुरूपद हांसदा ने सरायकेला डीसी के समक्ष यह कहकर चुनौती दी कि अमला का जाति प्रमाण पत्र सही नहीं है। शिकायत पर डीसी ने अमला मुर्मू के खिलाफ फैसला सुनाते हुए उनके प्रमुख और पंचायत समिति सदस्य के पद को रद्द कर दिया था और प्रखंड प्रमुख का चुनाव कराने का आदेश जारी किया था। डीसी के इस आदेश को अमला मुर्मू ने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। जिसपर झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम कुमार चौधरी की अदालत में सुनवाई हुई।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 2202 लाभार्थियों को मिला आयुष्मान भारत कार्ड

**विकसित भारत संकल्प यात्रा में 6776 लोगों को सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा गया**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत झारखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों में आयोजित शिवरों के दौरान 6 अक्टूबर तक 2202 लाभार्थियों को आयुष्मान भारत कार्ड जारी किये गये हैं। वहीं, इन शिविरों के माध्यम से 6776 लोगों को सुरक्षा बीमा योजना से जोड़ा गया है। आउटरीच गतिविधियों के माध्यम से जागरूकता बढ़ाने और केंद्र द्वारा शुरू किये गये विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रमों को अंतिम छोर तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों के साथ-साथ विशेष रूप से डिजाइन की गई पांच आईईसी वैन भी ग्राम पंचायत तक जाकर लोगों को जागरुक कर रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान इफको के सहयोग से किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक ड्रोन एवं इफको नैनो उर्वरकों का फसलों में प्रयोग के बारे मे भी जानकारी दी जा रही है। किसानों के खेतों में लगे मटर, आलू, सरसों, मक्का फसलों में इफको नैनो यूरिया, नैनो डीएपी, एवं तरल सागरिका का स्प्रे ड्रोन कराकर उन्हें जानकारी भी दी जा रही है।

### राज्य सरकार की गलत नीति के कारण हो रहा पलायन : दीपक प्रकाश

**रांची।** राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश ने शून्यकाल में झारखंड से हो रहे पलायन मामले को उठाया। श्री प्रकाश ने कहा कि झारखंड राज्य लोहा, तांबा, सोना, अभ्रक, बॉक्साइट, यूरेनियम जैसी खनिज संपदा से परिपूर्ण राज्य है। झारखंड में कई उद्योग वहां लग सकता है लेकिन राज्य सरकार की नीति के कारण इसमें बाधाएं हैं। केंद्र सरकार की सभी अहर्ता पूरी करने के बावजूद भी राज्य सरकार की गलत नीयति के कारण झारखंड के माइंस आज बंद हैं। केंद्र सरकार के द्वारा खदानों का लीज में आवंटन किया जा रहा है परंतु राज्य सरकार की गलत नीति और नीयति के कारण भूमि अधिग्रहण नहीं हो पा रहा है। झारखंड के माइंस नहीं खुलने के पीछे सरकार की संरक्षण में एक संगठित अपराधियों और दलालों का गिरोह काम कर रहा है।

# झामुमो के गढ़ में बाबूलाल की धमक, खिलायेंगे कमल!

**भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पिछले दो दिनों से पाकुड़ समेत अन्य जिलों में मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व कर कमल खिलाने का कर रहे प्रयास। झामुमो और सीएम हेमंत सोरेन पर श्री मरांडी बोल रहे हमला, संथाल परगना की सभी तीनों लोकसभा सीटों पर भाजपा को जीताने का किया आह्वान।**

उदय चौहान



**रांची।** झामुमो के गढ़ संथाल परगना में बाबूलाल ने हमला बोला है। श्री मरांडी ने बीते मंगलवार से विभिन्न क्षेत्रों में मोटरसाइकिल रैली का नेतृत्व कर कमल खिलाने की अपील की है। उन्होंने संथालपरगना के तीनों लोकसभा सीटों पर पीएम नरेंद्र मोदी के झोली में डालने की बात कही है। बुधवार को भारी बारिश के बावजूद श्री मरांडी को सुनने के लिये हजारों महिला-पुरूष पहुंचे थे। इस दौरान श्री मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार के सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा है कि झारखंड में बालू और खनिज संपदा की लूट मची है। अवैध धंधे को सोरेन परिवार का संरक्षण है। संताल परगना में तमाम अवैध कारोबार को सोरेन परिवार संरक्षण दे रहा है। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन की सरकार आदिवासी विरोधी है एनडीए 2024 में राज्य की सभी 14 लोकसभा सीट जीतेगा।

**अवैध कारोबारियों को राज्य सरकार की है खुली छूट :** संताल परगना के विभिन्न जिलों में हो रही खनिज संपदा की लूट और अवैध कारोबार पर सोरेन परिवार के संरक्षण है। इसके कारण कई दागी अभी जेल की हवा खा रहे हैं। संताल परगना में खनिज पदार्थों का दोहन नहीं रुका तो आंदोलन तेज करने की बात कही।

गौरतलब है कि राजमहल लोकसभा सीट पर झामुमो के विजय हांसदा का कब्जा है। इसके अलावा दो अन्य सीटों पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने अब राजमहल सीट पर भी कमल खिलाने की रणनीति पर काम शुरू कर दिया है।

### झारखंड में भाजपा नेतृत्व की मजबूत सरकार बनेगी

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि विधानसभा चुनाव में संथाल परगना क्षेत्र में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर होगा। झारखंड में भाजपा के नेतृत्व की मजबूत सरकार बनेगी। मोटरसाइकिल रैली में कुमारभाजा, लिट्टीपाड़ा से पाकुड़िया तक सैकड़ों आदिवासी युवा शामिल हुये। महिलाएं घंटों तक छाता लगाये स्वागत में खड़ी रहीं। उन्होंने कहा कि कहा कि भाजपा आदिवासी समाज को उसका हक और अधिकार दिलाने, विकास की मुख्यधारा से जोड़ने केलिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि कहा कि मोदी सरकार लगातार जनजातियों केलिए योजनाएं चला रही। चाहे जनजाति गांव का विकास हो या शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वावलंबन एसभी क्षेत्र की योजनायें चलाई जा रही है। युवाओं को ऋण के माध्यम से रोजगार से जोड़ा जा रहा। जनजाति क्षेत्र के उत्पाद को विश्व व्यापार से जोड़ा जा रहा है।

## झारखंड हाइकोर्ट ने आरआरडीए के वाइस चेयरमैन से पूछा

# अतिक्रमण का मामला कोर्ट में आने पर भी एक्शन क्यों नहीं लिया?

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**रांची।** राज्य के नगर निकायों में नक्शे स्वीकृति में पैसों के खेल मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान की झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान कोर्ट के आदेश के आलोक में आरआरडीए के वाईस चेयरमैन अमित कुमार एवं टाउन प्लानर स्वप्निल मयूरेश कोर्ट के समक्ष उपस्थित हुए।

हाईकोर्ट के जस्टिस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने आरआरडीए वाइस चेयरमैन पर नाराजगी जताते हुए मौखिक कहा कि जब कोर्ट के संज्ञान में हरमू नदी के उद्गम स्थल की अतिक्रमण की बात सामने आयी और हाईकोर्ट के निर्देश पर एडवोकेट कमिश्नर ने उस क्षेत्र का दौरा किया था। उसके बाद आपने उस क्षेत्र का सर्वे क्यों नहीं किया। वहां कितने मकान बने हैं कितने अवैध हैं, इसके बारे में आरआरडीए की ओर से सर्वे क्यों नहीं किया गया। टाउन प्लानर भी वहां एडवोकेट कमिश्नर के साथ

**हरमू नदी के उद्गम स्थल पर अतिक्रमण का मामला**

गये थे लेकिन उसके बाद आरआरडीए ने अतिक्रमण पर एक्शन नहीं लिया।

अतिक्रमण से नदी की चौड़ाई पर कितना असर पड़ा है। इसका भी सर्वे होना चाहिए था लेकिन आरआरडीए ने इसपर कुछ नहीं किया। इससे पहले आरआरडीए की ओर से बजरा मौजा के मकानों का चार स्वीकृत नक्शा को



कोर्ट के सामने प्रस्तुत किया गया।

इधर कोर्ट ने आरआरडीए को निर्देश दिया कि एडवोकेट कमिश्नर के रिपोर्ट के आदर पर बजरा मौजा में बजरा नदी के निकट बने भवनों के बारे में सर्वे कर अगली सुनवाई 22 दिसंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करें।



कोर्ट ने नदी में अतिक्रमण के शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी मामले में सरकार से पूछा कि क्या अधिवक्ता लाल ज्ञान रंजन शाहदेव को सुरक्षा मुहैया करायी गयी है। इस पर सरकार की ओर से कहा गया कि एक सुरक्षा कर्मी उन्हें उपलब्ध कराया गया है। इस पर कोर्ट ने कहा कि दो सुरक्षा कर्मी अधिवक्ता ज्ञान रंजन को मुहैया कराया जाना चाहिए। सुरक्षा कर्मी ऐसा हो जो फिट हो, अधिक उम्र वाला पुलिस कर्मी ना हो। कोर्ट ने पूछा कि लाल ज्ञान रंजन द्वारा दर्ज एफआईआर पर क्या कार्रवाई हुई। जिसपर सरकार की ओर से कहा गया कि इस पर कार्रवाई जारी है।

# बरियातू थाना में युवक को जमीन पर पटक कर मुंशी ने छह घंटे तक पीटा

### 2 पुलिसकर्मी पकड़े रहे हाथ, पैर के तलवे पर मुंशी बरसाता रहा डंडा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बरियातू थाना में युवक की बेरहमी से पिटाई का मामला आया है। इसका वीडियो भी वायरल हुआ है। चोरी के आरोप में पकड़े गये एक युवक की कथित तौर पर थानेदार सुरेश कुमार मंडल के कहने पर मुंशी ने 6 घंटे तक पिटाई की। रोहित मुंडा को मुंशी मुनि चौधरी समेत अन्य पुलिसकर्मियों ने पीटा। पुलिसकर्मी उसके तलवे पर बेरहमी से लगातार लाठियां बरसाते रहे। युवक लगातार छोड़ देने की गुहार लगाता रहा लेकिन पुलिसकर्मी लाठियां बरसाते रहे।

**थानेदार ऊपर तक पहुंच होने की दिखाते हैं धौंस** : बरियातू इलाके में रहनेवाले लोग थानेदार के रवैये से बिल्कुल खुश नहीं हैं। थाने के आसपास रहनेवाले लोगों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर कहा कि थानेदार ऊपर तक पहुंच होने की लोगों पर धौंस दिखाते हैं। पिछले कई महीनों से वहां तैनात मुंशी मुनि चौधरी भी थानेदार की भरपूर मदद करते हैं और एक-एक इशारे पर दिये गये टास्क को पूरा करते हैं।

### युवक का नाम सुनते ही बिफरे थानेदार, मुंशी से कहा- पहले इसे दम भर मारो



चोरी के आरोप में पड़कर थाना ले गये युवक से जब नाम पता पूछा गया तो उसने अपना नाम रोहित मुंडा बताया। नाम सुनते ही थानेदार सुरेश कुमार मंडल बिफर पड़े और मुंशी से कहा जरूर यह चोरी किया होगा। पहले इसे दम भर मारो, उसके बाद कुछ बात करो। थानेदार का इशारा मिलते ही वहां मौजूद पुलिसकर्मी रोहित मुंडा को घसीटते हुए अंदर ले गये और मारपीट करना शुरू कर दिया।

**चोरी के आरोप में पकड़ा था, भेज दिया जेल** : इस मामले में पूछने पर बरियातू थानेदार सुरेश कुमार मंडल ने कहा कि चोरी के आरोप में भरम टोली से दो दिन पहले ही युवक को पकड़ा गया था। युवक को जेल भेज दिया गया है।

> रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि मामले की जानकारी मिली है और इसकी जांच की जायेगी।
> **चंदन कुमार सिन्हा, एसएसपी रांची**

**एसएसपी ने मित्रतापूर्ण व्यवहार का दिया था निर्देश** : एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रांची पुलिस और आम लोगों के बीच मित्रता पूर्ण व्यवहार करने का निर्देश दिया था, लेकिन थाने में तैनात पुलिस अधिकारी उनके निर्देश को मानने को ही तैयार नहीं हैं।

### हथियार उठाने के लिए विवश न करने की दी चेतावनी

# सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में क्षत्रिय महासभा ने निकाला आक्रोश मार्च

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में राजधानी के तमाम क्षत्रियों ने बुधवार को जिला स्कूल के पास से अल्बर्ट एक्का चौक तक आक्रोश मार्च निकाला। मौके पर क्षत्रियों ने एक स्वर में कहा कि यह एक जघन्य अपराध है। ऐसे अपराधियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट में सुनवाई कर फांसी देनी चाहिए। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखण्ड के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह उर्फ बीनू सिंह ने कहा कि हत्यारों को 48 घंटे के अंदर गिरफ्तार किया जाए अन्यथा पूरे देश में उग्र आंदोलन किया जाएगा। हम क्षत्रियों के खून में हथियार उठाने की परंपरा है। हथियार उठाने के लिए विवश न किया जाए।

मौके पर प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सिर्फ शूटरों को गिरफ्तार करने से काम नहीं चलेगा बल्कि इसके साजिशकर्ता को सामने लाना होगा। जय राजपूताना सेना के अध्यक्ष देवराज सिंह ने कहा कि




साफ प्रतीत होता है कि एक बहुत बड़ी साजिश के तहत उनकी हत्या कराई गई है। ऐसी घटनाओं के बाद ऐसा प्रतीत होने लगा है कि आम आदमी कहीं भी सुरक्षित नहीं है। इस आक्रोश मार्च में नन्द किशोर सिंह चंदेल, वसंजीत सिंह, श्याम सिंह, विपिन सिंह, रवि सिंह, नीतू सिंह, विनय सिंह, मुकेश सिंह, काली सिंह, ललन सिंह, शिवजी सिंह, रणधीर सिंह, डीके सिंह,बी एन सिंह, राकेश सिंह, बैजनाथ सिंह, रविंद्र कुमार सिंह, अजीत सिंह, बालाजी सिंह, बबन सिंह राठौर, धर्मेंद्र सिंह, अविचल सिंह, निखिल राणा, बलराम सिंह, सुरेंद्र सिंह, चंद्रशेखर सिंह, वीरेंद्र सिंह, नरेंद्र सिंह, अनूप सिंह, शिवम सिंह, विजय सिंह, सतीश सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, मधुवेंद्र सिंह, गणेश सावाल, संजीत सिंह, अमर सिंह राजकुमार सिंह, दीपक सिंह, अजय सिंह, सुरेश सिंह, शिवराज सिंह, अंकित सहदेव, विक्रांत राणा, आर्यन राजपूत, पंकज सिंह, सुरेश सिंह, कमलाकांत सिंह, संतोष सिंह, सुधाकर सिंह, अमन सिंह, रवि सिंह, कौशल सिंह, सुमन सिंह, अजय कुमार सिंह, सुप्रिया सिंह, मधु सिंह, अर्जुन नारायण सिंह, अमरजीत सिंह, अनु रणजीता सिंह, इंद्रजीत सिंह, सुनील सिंह, पिंटू सिंह, विनय सिंह, अजय सिंह, मिंटू सिंह, श्याम सुंदर सिंह, आकाश रजवार, संजय सिंह, प्रशांत तिवारी, प्रभात सिंह, प्रणव सिंह, अभिषेक सिंह, विकास सिंह, विनय सिंह, अजीत सिंह, सुधीर सिंह, चंदन चौधरी, निभा सिंह, करनल बीके सिंह,नीरज सिंह, कुंदन सिंह, गुड्डू सिंह,हरि सिंह ,सैकड़ो की संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग शामिल थे।

# सायरन बजते ही रनवे पर भागी रेस्क्यू टीम

**खबर मन्त्र संवाददाता** | **मॉक ड्रिल**

**रांची।** सायरन के बजते ही सभी लोग अलर्ट हो जाते हैं। रनवे पर फ्लाइट लैंड करते ही वहां मौजूद रेस्क्यू टीम उसकी ओर भागने लगते हैं जबकि फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी आग बुझाने के लिए तैयार हो जाती है। इसके ठीक पीछे एंबुलेंस की कतार लगी रहती है। रेस्क्यू में तैनात टीम स्ट्रेचर के साथ घायलों को निकालने में जुट जाती है। दरअसल बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के रनवे पर मॉक ड्रिल किया गया, ताकि आपात स्थिति में किसी भी हादसे से निपटा जा सके।



इस दौरान सीआईएसएफ की टीम, जिला पुलिस के जवान, फायर ब्रिगेड की टीम, अस्पताल के कर्मचारी, एंबुलेंस और एयरपोर्ट ऑथोरिटी ऑफ इंडिया के लोग सहित कई सदस्य शामिल हुए।

## रांची में 100 से ज्यादा आर्म्स लाइसेंस रद्द

**रांची।** रांची जिला प्रशासन ने वैसे आर्म्स लाइसेंस धारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। जिनपर हाल के दिनों में गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हुए हैं। रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा के आदेश पर पिछले करीब 18 महीने में 100 से ज्यादा लोगों के हथियार के लाइसेंस रद्द किए गए हैं। इनमें वैसे लोगों का नाम भी शामिल है, जिनका लाइसेंस उम्र ज्यादा होने के कारण रद्द किया गया है। कई लोगों ने अपनी स्वेक्षा से भी आर्म्स के लाइसेंस को सरेंडर किया है। वहीं जिला प्रशासन ऐसे लाइंसेंसधारियों का लाइसेंस रद्द करने की तैयारी में है, जिनके खिलाफ हथियार के दुरूपयोग की शिकायत आई है। आर्म्स लाइसेंस धारियों के खिलाफ इस ताबड़तोड़ कार्रवाई के बाद भी हथियार का लाइसेंस लेने वालों की संख्या में कमी नहीं आ रही है। हर महीने रांची में हथियार के लाइसेंस के लिए लगभग 30 से ज्यादा आवेदन आ रहे हैं लेकिन सभी तरह की प्रक्रिया पूरी करने और सभी अहर्ताओं को पूरा करने वालों को ही लाइसेंस दिया जा रहा है।

## एसएसपी ने सिविल कोर्ट की सुरक्षा को लेकर बैठक की

**रांची।** एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने बुधवार को सिविल कोर्ट परिसर रांची की सुरक्षा को लेकर बैठक बुलाई। इस बैठक में बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव एंव अन्य वरिष्ठ अधिवक्ताओं के बुलाया गया। जिनमें मुख्य रूप से कोर्ट कार्य के दौरान सुरक्षा से संबंधित सभी बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में एसपी सिटी, कोतवाली डीएसपी कोतवाली, थाना प्रभारी कोतवाली और अन्य लोग भी मौजूद थे। इस दौरान सीनियर एसपी ने पुलिस अफसरों-कर्मियों को कई जरूरी निर्देश दिये।

# केतारी बगान में आरओबी निर्माण की योजना तैयार

### कैबिनेट की मंजूरी मिलते ही शुरू होगा काम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची के चुटिया इलाके में केतारी बगान से नामुकुम-रांची रेलवे स्टेशन के बीच आरओबी का निर्माण कराया जायेगा। पथ निर्माण विभाग ने आरओबी निर्माण का डीपीआर तैयार कर लिया है। इसकी मंजूरी के लिए वित्त विभाग के पास भेजा गया है। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद कैबिनेट की बैठक में स्वीकृति के लिए प्रस्ताव लाया जायेगा। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस पुल निर्माण के लिए 4480.82 लाख रुपये की योजना बनायी गयी है। बताते चलें कि केतारी बगान रेलवे फाटक के चौड़ीकरण के बाद भी अब भी वहां रोजाना जाम लगता है। जाम लगने के कारण रोजाना लोग ऑफिस या अपने गंतव्य तक देर से पहुंचते हैं। यहां पर आरओबी नहीं रहने से लाखों की आबादी परेशान है। सांसद रांची संजय सेठ ने भी इसको लेकर राज्य सरकार के अधिकारियों से वार्ता की है। केंद्र ने भी इस पर बजट स्वीकृत किया है। हाल में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भी रांची दौरा में वहां पर आरओबी बनाने की बात कही थी। ऐसे में अब सरकार से मंजूरी मिलने के बाद इसके निर्माण का रास्ता साफ होगा।

## कडरू और हिंदपीढ़ी के बीच पुल बनेगा पुल

**रांची।** रांची नगर निगम कडरू और हिंदपीढ़ी मेन रोड के बीच एक पुल तैयार कराने में लगा है। वार्ड नंबर 23 और 24 के बीच इस पुल को तैयार करने के लिए उसने दो करोड़ 53 लाख 54 हजार 370 रुपये का बजट तय किया है। जिसे भी इसके लिए कार्य का आवंटन होगा, उसे 365 दिनों में पुल तैयार कर देना होगा। इस कार्य के लिए निगम ने ई प्रोक्योरमेंट नोटिस जारी कर दिया है।

## सदर अस्पताल में युवक की पिटाई

**रांची।** सदर अस्पताल में अस्पताल परिसर में मोबाइल चोरी के आरोप में एक युवक की जमकर पिटाई कर दी गयी। युवक बार- बार अपने आपको बेकसूर बता रहा था। मोबाइल चोरी के आरोपी की पिटाई का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। इसके बाद अस्पताल में लोगों ने उसे बंधक बना लिया और लोअर बाजार थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

# आज भी कई जिलों में बारिश होने के आसार, कल तक छाये रहेंगे बादल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बंगाल की खाड़ी से दो दिसंबर को उठे साइक्लोन माइचौंग का असर झारखंड में भी दिख रहा है। बुधवार सुबह से रांची समेत कई जिलों में झमाझम बारिश हुई। वहीं कुछ जिलों में रुक-रुककर बारिश हो रही है।

मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार बुधवार को राज्य के सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। वहीं राज्य में अगले दो दिन के दौरान न्यूनतम तापमान में कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। इसके बाद दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को भी



राज्य के कई स्थानों में हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी जबकि 8 दिसंबर तक आंशिक बादल छाए रहेंगे। रांची का न्यूनतम तापमान 16.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। जबकि जमशेदपुर का 19.2 और डालटनगंज का 18.8 डिग्री दर्ज किया गया है। वहीं रामगढ़ में सबसे ज्यादा 18.5 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है, जबकि चतरा में 13.5 और बोकारो में 10.5 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।




सी. पी. राधाकृष्णन
राज्यपाल, झारखण्ड



हेमन्त सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

सशस्त्र सेना झंडा दिवस
7 दिसम्बर

संदेश

आज सशस्त्र सेना झंडा दिवस है। इस शुभ अवसर पर मैं भारतीय सेना के सभी कार्यरत तथा अवकाश प्राप्त सैनिकों एवं उनके परिवार के सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ।

प्रत्येक वर्ष 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जाता है। इस दिन हम अपने देश की सशस्त्र सेना के प्रति सम्मान एवं एकजुटता प्रदर्शित कर उनका मनोबल बढ़ाते हैं और उन्हें आश्वासन देते हैं कि हम सभी भारतवासी उनके साथ हैं, जिनकी दिलेरी बहादुरी, सतर्कता एवं चौकसी के कारण ही देश की सीमाएं एवं हम सभी देशवासी सुरक्षित हैं।

हमारे देश की सशस्त्र सेना निरंतर सतर्क रहकर देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता की रक्षा में सतत् सेवारत रहती है। चाहे युद्ध का समय हो या शांति काल, हमारी सशस्त्र सेना ने अपने कर्तव्य, साहस, समर्पण तथा निष्ठा से राष्ट्र को सदैव गौरवान्वित किया है। यह देश एवं हम सभी देशवासी अपने देश के महान वीर सैनिकों के प्रति सदैव ऋणी रहेंगे।

हम सभी नागरिकों का कर्तव्य है कि हम अपनी क्षमता अनुसार "सशस्त्र झंडा दिवस कोष" में योगदान देकर उन वीर सैनिकों, जिन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दी है, के प्रति अपना आभार प्रकट करें।

मुझे पूर्ण विश्वास है कि झारखण्ड के निवासी अपने गौरवमयी परंपरा को दृष्टि में रखते हुए झंडा दिवस के अवसर पर उदारतापूर्वक दान देकर सशस्त्र बलों के प्रति हम सभी की गहरी कृतज्ञता एवं असीम प्यार अभिव्यक्त करने में अन्य राज्यों के लिए भी उदाहरण प्रस्तुत करेंगे।

जय हिन्द!

हम प्रत्येक वर्ष 07 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस के रूप में मनाते हैं। इस अवसर पर हम उन बहादुर सैनिकों के प्रति श्रद्धा एवं सम्मान प्रकट करते हैं, जिन्होंने विगत युद्धों तथा आतंकवाद के खिलाफ वीरतापूर्वक लड़ते हुए देश के लिए अपनी जान की कुर्बानी दी या निःशक्त हो गये।

राष्ट्र को अपनी सशस्त्र सेना पर गर्व है। बाहरी आक्रमण से भारतीय सेना ने देश की रक्षा करने तथा राष्ट्र की एकता एवं अखंडता कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हम सबका नैतिक कर्तव्य है कि इन बहादुर सैनिकों के कल्याण एवं पुनर्वास हेतु प्रयास करें। इसके लिए राज्य में "सैनिक कल्याण कोष" का गठन किया गया है। राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी कार्यक्रमों में इस राशि का उपयोग किया जाता है, जिससे विरांगना विधवाओं, निःशक्त सैनिकों और उनके आश्रितों तथा सेवारत कर्मियों को लाभ मिलता है। हम सभी को इस कोष में उदारतापूर्वक दान देना चाहिए।

मैं झारखण्ड की जनता से अपील करता हूँ कि सशस्त्र सेना झंडा दिवस के शुभ अवसर पर शहीद सैनिकों, निःशक्त जवानों एवं आश्रितों के कल्याणार्थ गठित सैनिक कोष में उदारतापूर्वक दान दें।

हम सबों का सहयोग प्रतीक रूप में अपनी सशस्त्र सेना के प्रति हमारी कृतज्ञता का प्रकटीकरण होगा। यह अंशदान हमारे सैनिकों का मनोबल ऊँचा करेगा एवं देशवासियों के सम्मुख एक अनुकरणीय उदाहरण बनेगा।

जोहार!

गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, राज्य सैनिक कल्याण निदेशालय, झारखण्ड सरकार

PRNO 312724 (Home,Prison And Disaster Management) IPRD 23-24

## आज का राशिफल
### 07-12-2023

**विक्रम संवत** 2080, **शक संवत** 1945। **ऋतु** : हेमंत। सूर्य दक्षिणायन। **मास** : मृगशीर्ष, **पक्ष** : कृष्ण, **तिथि** : दशमी 05.07 बजे प्रातः में समाप्त। **नक्षत्र** : उत्तरा फाल्गुनी 06.29 बजे समाप्त। **योग** : आयुष्मान 00.00 बजे रात्रि में समाप्त। **करण** : वणिज 16.10 बजे तक, तदनंतर विष्टि 05.07 बजे प्रातः में समाप्त। **चंद्रायु** 23.6 घंटे। **दिशाशूल** : दक्षिण।

**मेष** : मित्तव्ययता रखें, क्योंकि रुपये-पैसों की सुविधा आगे मिले न मिले। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। शुभांक-4-5-7

**वृष** : निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। शुभांक-3-5-7

**मिथुन** : कार्यारम्भ से पहले उचित मूल्यांकन कर लें। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। शुभांक-5-7-9

**कर्क** : ज्ञानीजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। आध्यात्मिक वातावरण बनेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ सांझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। शुभांक-2-6-7

**सिंह** : विवादों व मुकदमे बाजी से राहत मिलेगी। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। शुभांक-4-6-8

**कन्या** : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। भावनाओं में न बहें, सावधान रहें। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। अवरुद्ध कार्य सम्पन्न होंग। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-5-7

**तुला** : शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। शुभांक-2-4-6

**वृश्चिक** : कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। हरि करें सो खरी अतः हानि का कोई भय नहीं, यथावत कार्य जारी रखें। मातृ पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-7

**धनु** : मुंह मांगी मुराद मिलेगी यानि इच्छित फल की प्राप्ति होगी। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-3-5-8

**मकर** : स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। हितैषी ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। शुभांक-3-6-9

**कुंभ** : मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। किसी से निकटता प्रेम-प्रसंग में बदलेगी। शुभांक-3-5-7

**मीन** : अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। शुभांक-5-8-9

# भारतीय संविधान के मुख्य वास्तुकार थे डॉ आंबेडकर : कर्मवीर सिंह

## भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में परिनिर्वाण दिवस पर याद किये गये संविधान निर्माता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि डॉ भीमराव आंबेडकर उन दुर्लभ व्यक्तित्वों में से एक थे, जिन्होंने भारतीय समाज के भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। श्री सिंह बुधवार को देश रत्न भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम में बोल रहे थे। यह आयोजन पार्टी मुख्यालय में किया गया था।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब न केवल दलित, बल्कि हर किसी के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। वे भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार भी थे। आज जो समानता, मौलिक अधिकार और विशेषाधिकार हमें प्राप्त है, वह सभी बाबासाहेब की ही देन है। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी को डॉ आंबेडकर के कार्यों के बारे से अवगत करना हम सभी का दायित्व है।




श्री सिंह ने कहा कि बाबा साहेब अपने जमाने के सबसे ज्यादा पढ़े लिखे महान विद्वान लोगों में से एक थे। उनके पास अलग अलग 32 विषयों की डिग्रियां थीं। बाबा साहेब को किताबे पढ़ने का शौक था। उनके पास किताबों का विशाल व बेहतरीन संग्रह था। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब के आदर्श पर चलकर ही हम एक सुखी और समृद्ध विकसित राष्ट्र की परिकल्पना साकार कर सकते हैं।

कार्यक्रम में गंगोत्री कुजूर, नीरज पासवान, सीताराम रवि, सुरेंद्र महतो, रंजय भारती, सीमा पासवान, कमलेश राम, योगेंद्र लाल, प्रो कमलेश किशोर, राजीव लाल, राम लगन राम, मनोज कुमार राम, किशोर कुमार राम, सत्येंद्र रजक, उपेंद्र रजक, छोटू पासवान सुरेंद्र राम उपस्थित थे। इसके पूर्व प्रदेश मुख्यालय में बाबा साहब के चित्र पर क्षेत्रीय संगठन महामंत्री नागेंद्र त्रिपाठी सहित अन्य नेता-कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### परिनिर्वाण दिवस पर डॉ बाबासाहेब आंबेडकर को बीएयू में दी गयी श्रद्धांजलि

रांची। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में बुधवार को देशरत्न डॉ भीमराव आंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुये बीएयू के प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ जगरनाथ उरांव ने कहा कि बाबासाहब आम्बेडकर जैसे महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ और समाज सुधारक का जीवन भारतवासियों के लिये हमेशा प्रेरणा का स्रोत बना रहेगा। दलितों के साथ होनेवाले सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध उनके द्वारा चलाया गया अभियान सामाजिक समता और समरसता की स्थापना में मील का पत्थर साबित हुआ। बीएयू के एससी-एसटी सेल के नोडल आफिसर डॉ अभिषेक कुमार ने कहा कि डॉ आंबेडकर श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था और उनके सशक्तिकरण के लिये हमेशा संघर्षरत रहे। वे भारत के संविधान निर्माता होने के साथ-साथ भारत गणराज्य के निर्माताओं में से एक थे। वानिकी संकाय के शिक्षक डॉ बसंत चन्द्र उरांव ने धन्यवाद ज्ञापन किया। विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मियों ने डॉ आंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पण कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी।

## नरेंद्र सिंह होरा की हत्या मामले में सद्दाम समेत छह दोषी करार

**रांची।** अपर बाजार के थोक चावल व्यवसायी नरेंद्र सिंह होरा हत्याकांड की सुनवाई करते हुए अदालत ने छह अभियुक्तों को दोषी करार दिया है। अदालत ने बहुचर्चित इस हत्या के मामले में ट्रायल फेस कर रहे पांच आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में रिहा कर दिया है। पांच साल पुराने हत्याकांड की सुनवाई करते हुये अपर न्यायायुक्त प्रथम दिनेश राय अदालत ने सद्दाम उर्फ बबन खान, फैजल खान, बिरसा कच्छप एवं शबीब अंसारी समेत छह को दोषी पाया है। सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 13 दिसंबर की तारीख निर्धारित की। नरेंद्र सिंह होरा की हत्या पांच अक्तूबर 2018 को मेन रोड रोस्पा टावर के निकट रात करीब नौ बजे गोली मारकर कर दी गई थी।

# सरला बिरला स्कूल में इन्क्लूसिविटी पर कई कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर सरला बिरला पब्लिक स्कूल ने बाल विकास और मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, दीपशिखा के छात्रों के साथ एक इनडोर टूर्नामेंट का आयोजन किया। यह एक मैत्रीपूर्ण खेल कार्यक्रम था, जिसमें सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने दीपशिखा स्कूल के छात्रों के साथ मिलकर हर्डल रेस, क्रॉलिंग द सर्कल, नंबर गेम, अंब्रेला एवं क्रिकेट जैसे खेल खेले। अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाड़ी, टाटा स्टील के एचओडी, स्पोर्ट्स और झारखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष हरभजन सिंह कार्यक्रम के दौरान उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में अरुण दत्ता, टाटा स्टील के टेनिस कोच और अन्य एथलीट अधिकारी भी उपस्थित थे।



इस अवसर पर स्पेशल ओलंपिक पर एक ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में टाटा स्टील के सेवानिवृत्त क्वालिफाइड साइक्लिंग कोच सतबीर सिंह सहोता उपस्थित थे। उन्होंने राष्ट्रीय साइकिलिंग चैंपियनशिप में 5 बार हमारे देश का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने छात्रों को बौद्धिक विकलांगता वाले लोगों के संबंध में जागरूक किया। साथ ही, स्पेशल ओलंपिक के उद्देश्य के संबंध में कई जानकारी प्रदान की।

विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ प्रदीप वर्मा ने इस तरह के आयोजन के लिए स्कूल के प्रयासों की सराहना की। प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर छात्रों के साथ उनके मैत्रीपूर्ण मैचों में शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम इन्क्लुसिविटी और इक्विटेबल क्वालिटी वाली शिक्षा पर सस्टेनेबल डेवेलपमेंट गोल की पूर्ति की दिशा में एक कदम के रूप में स्कूल द्वारा शुरू की गयी पहल है।

# संत थॉमस स्कूल में वार्षिक खेल दिवस का आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** संत थॉमस स्कूल, धुर्वा के प्रांगण में 43वां दो दिवसीय वार्षिक खेल दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। श्रृंखला के पहले दिन (मंगलवार) को नर्सरी से कक्षा पांचवी तक के विद्यार्थियों की प्रतियोगिता आयोजित की गयी। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भारतीय महिला हॉकी टीम की पूर्व कप्तान श्रीमती पुष्पा प्रधान थीं। विशिष्ट अतिथि जॉली कुरियन, सेक्रेटरी, एमटीइएस तथा सिजन कुमार, ट्रेजरर, एमटीइएस थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रेव. डॉ एमओ उमेन (जूनियर), उप प्रधानाचार्या सूजन उमेन, गण्यमान्य अतिथि एवं अभिभावक भी समारोह में उपस्थित थे।



कार्यक्रम का आरंभ कक्षा पांचवी कक्षा की छात्राओं के स्वागतगान, नृत्य एवं ईश वंदना के साथ हआ। मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलन के पश्चात विद्यालय के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी उज्ज्वल तिवारी (क्रिकेट), अवनि कुमारी (शतरंज), देवांश अग्रवाल (बैडमिंटन), सौरभ बंजारा (बैडमिंटन) ब्लेसी एंजेल लकड़ा (स्केटिंग), शलभ केरकेट्टा (स्केटिंग), जैस्मिन केरकेट्टा (स्केटिंग) ने मशाल जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विद्यालय के छात्र-प्रमुख अनिक चौहान ने विद्यार्थियों से खेल में स्वस्थ- प्रतिस्पर्धा रखने की शपथ दिलवायी। कदमताल एवं बैंड के सुंदर प्रदर्शन ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम के पूर्वार्ध में नृत्य, गीत, योगा, एरोबिक्स, ड्रिल आदि काय्रक्रम हुए। तत्पश्चात मुख्य अतिथि की उद्घोषणा के साथ खेल प्रतियोगिताएं प्रारंभ हुईं। विद्यालय के चारों सदन, नेहरू ((ब्लू हाउस) टैगोर (ग्रीन हाउस) कलाम (रेड हाउस) टेरेसा (यलो हाउस), के बच्चों द्वारा प्रस्तुत मैस्कॉट प्रदर्शन मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। साथ ही, अभिभावकों के लिए आयोजित विभिन्न खेलों में उनका उत्साह देखने योग्य था।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों को खेल का महत्व बताते हुए यह संदेश दिया कि किस प्रकार खेलों से न केवल हमारा शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि इससे विद्यार्थियों में एकता, सहयोग, स्वस्थ खेल भावना एवं अनुशासन का भी विकास होता है। अंत में खिलाड़ियों में पुरस्कार वितरण एवं राष्ट्रगान के साथ प्रतियोगिता का प्रथम दिवस हर्षोल्लास के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# हम चोर नहीं हैं साहब... तो आखिर चोर है कौन !

## फर्जी लोन मामले में सूबेदार ने कराया पत्नी पर मामला दर्ज

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** बैंक के खाते 8.11 लाख रुपये लोन के मामले में खेलगांव पुलिस ने जांच आरंभ कर दी है। जांच के क्रम में पुलिस ने बैंक कर्मियों से सीसीटीवी फुटेज से लेकर तमाम तरह की दस्तावेजों की मांग की गयी है। लोन दिलाने के मामले में किन- किन लोगों की संलिप्तता है, इसकी भी जांच की जा रही है।

बता दें कि सेना के सूबेदार ने पत्नी सहित अन्य के खिलाफ खेलगांव थाना में प्राथमिकी करायी है। इसमें गाड़ीगांव पाहन टोली निवासी सूबेदार भिन्सेंट कुजूर ने कहा है कि वे सेना की यूनिट दस (बिहार) में कार्यरत हैं। 13 मार्च 2023 को ड्यूटी के लिए गलवान गये थे। फिर बिहार रेजीमेंट सेंटर दानापुर के लिए छुप्ती लेकर चार नवंबर को घर पहुंचे। छह नवंबर 2023 को कोकर स्थित एसबीआइ शाखा गये. वहां पास- बुक अपडेट कराया। पता चला कि खाता से आठ लाख रुपये का लोन 12 सितंबर 2023 को लिया गया है। इसके बाद बैंक मैनेजर से लोन के बारे में पूछताछ की। फिर बैंक कर्मचारी ने जांच किया और कहा कि उनके खाता से एक खाता में छह लाख 76 हजार रुपये, दूसरे खाता में 90 हजार रुपये व एक अन्य अभिषेक मुखर्जी के खाते में 45 हजार रुपये ट्रांसफर हुआ है। वहां से घर वापस आकर पत्नी प्रमिला कुजूर से पूछा, तो उन्होंने बताया कि आशीष लकड़ा ने घर आकर मुझे गुमराह किया। उसके दोस्त और बैंक कर्मचारी ने मिलकर फर्जी तरीके से सबकुछ किया है।

इधर, पुलिस जांच में यह भी पता चला है कि भिंन्सेंट कुजूर ने एसबीआई से पूर्व में ही 15 लाख रूपये का लोन लिया था, तब आठ लाख लोन की क्या जरूरत थी। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि आखिर भिन्सेंट कुजूर की पत्नी ने झूठा बयान क्यों दिया। क्योंकि यदि कोई लोन लेता है तो उसे उन सभी प्रक्रियाओं से गुजरना पड़ता है तो आरबीआई की गाइडलाइंस में है। एक ओर भिन्सेंट कुजूर का कहना है कि वे ड्यूटी के लिए गलवान गये थे तो उनका लोन एसबीआई शाखा से कैसे पास हो गया। पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# आरकेडीएफ विश्वविद्यालय रांची के कुलपति को मिला शिक्षा गौरव पुरस्कार

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** ब्रेनवंडर्स की ओर से 9वीं एडुलीडर्स शिक्षा शिखर सम्मेलन में आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस चटर्जी को शिक्षा गौरव पुरस्कार- 2023,राजस्थान की राजधानी जयपुर में प्रदान किया गया। शिक्षा हमेशा गतिमान रहती है। यह इतिहास और भविष्य का निर्माण साथ-साथ करती है। यह पुरस्कार राष्ट्रीय शिक्षकों के पुरस्कार विजेताओं के सम्मान में जिन्होंने अपने दृष्टिकोण से शिक्षा के क्षेत्र में उच्च मापदंड को स्थापित किया है ,उसके साथ-साथ वह राष्ट्रीय के स्तंभ भी रहे हैं। उनके कार्य को सराहना एवं लोगों को प्रेरित करने के लिए यह सम्मान प्रदान किया जाता है। शिक्षा गौरव पुरस्कार- 2023,आरकेडीएफ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर एस चटर्जी को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के लक्ष्य को प्राप्त करने के अतिरिक्त, उनकी उपलब्धियां एवं कार्यों को सम्मानित करने के लिए प्रदान किया गया है। इस शिक्षा शिखर सम्मेलन में देश के विभिन्न भागों से शिक्षा के क्षेत्र में स्थापित विद्वानों के अतिरिक्त प्रसिद्ध हस्तियां भी उपस्थित थी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ अमित कुमार पांडे भी उपस्थित थे। शिक्षा का गौरव पुरस्कार की सूचना जैसे ही विश्वविद्यालय को प्राप्त हुई वहां खुशी का माहौल बन गया। शिक्षकों एवं समस्त कर्मचारियों ने बधाई दी।

## एचडीएफसी बैंक ने शुरू की परिवर्तनकारी पहल

**रांची।** एचडीएफसी बैंक ने अपने सीएसआर ब्रांड परिवर्तन के माध्यम से ग्रामीण भारत के कई राज्यों में महिला नेतृत्व वाले परिवारों के उत्थान के उद्देश्य से एक परिवर्तनकारी पहल शुरू की है। इस परियोजना का लक्ष्य झारखंड, राजस्थान, असम, त्रिपुरा और मेघालय सहित राज्य हैं। इस पहल के लिए बैंक ने सहयोग किया है। कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य महिला नेतृत्व वाले परिवारों को स्थायी आय सृजन को बढ़ावा देना है।

## आदित्य साहू ने रास में आदिवासियों के लिए केंद्र की योजनाओं का ब्योरा मांगा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा सांसद आदित्य साहू ने बुधवार को राज्यसभा में जनजाति कार्य मंत्रालय से आदिवासियों के आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक उत्थान के लिए केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का ब्योरा मांगा। सदन में श्री साहू के प्रश्न का उत्तर देते हुए जनजातीय कार्य राज्यमंत्री रेणुका सिंह सरूता ने बताया कि प्रधानमंत्री जनजातीय कार्य मिशन, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त और विकास निगम, कमजोर जनजातीय समूह विकास, बुनियादी और उच्च शिक्षा के लिए छात्रों को वित्तीय सहायता, एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय योजना, टीआरआई को सहायता योजना और प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना जैसी योजनाओं केलिये राज्य सरकार को सहायता राशि उपलब्ध करा रही है।

## खबर एक नजर में

### मंगसीर बदी नवमी महोत्सव संपन्न

**रांची।** श्री रानी सती मंदिर कमेटी की ओर से आयोजित मंगसीर बदी नवमी महोत्सव के अंतिम दिन बुधवार को मंदिर परिसर में सुबह 5:00 बजे मंगल आरती का आयोजन किया गया। मंगल आरती के बाद 56 भोग पूरे दिन भक्तों के द्वारा लगाया गया। इस मौके पर भव्य झांकी का निर्माण विमल झुनझुनवाला के निर्देशन में किया गया है,जिसकी भक्तों ने बहुत प्रशंसा की भक्तों के विशेष अनुरोध पर झांकी को यथावत रखने का निश्चय किया गया। संध्या 7:00 बजे से कीर्तन मंडल के द्वारा नवमी कीर्तन किया गया। इस मौके पर सुहागन महिलाओं द्वारा दादी जी की महाआरती की गई।

### एमिटी यूनिवर्सिटी और जेयूटी के बीच एमओयू

**रांची।** एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के माननीय संस्थापक-अध्यक्ष और चांसलर के विजन और मिशन के साथ आगे बढ़ते हुए, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड ने शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग के लिए बुधवार को एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड और झारखंड यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी (जेयूटी) के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर हुआ। एमओयू पर हस्ताक्षर एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के कुलपति डॉ. अशोक के. श्रीवास्तव, एमिटी यूनिवर्सिटी झारखंड के रजिस्ट्रार प्रभाकर त्रिपाठी और माननीय राज्यपाल के अकादमिक सलाहकार ई. बालागुरुसामी की उपस्थिति में हुए।

### दरगाह की जमीन पर बनी दुकानों का सर्वे

**रांची।** रिसालदार बाबा दरगाह कमिटी के 7 सदस्यीय बने कमिटी की ओर से रिसालदार बाबा कैम्पस के बाहर में बने दुकानों का सर्वे बुधवार को किया गया। सभी दुकानदार अपने-अपने दुकानों में मौजूद रहकर सर्वे कराने में अपनी पूर्ण भागीदारी की, ताकि सर्वे का काम आसानी पूरा किया जा सके। कमिटी के ओहदेदार जो सर्वे में थे अयुब गद्दी, जावेद अनवर, रिजवान अहमद, सादिक, आसिफ नईम, नज्जू अंसारी, अनीस गद्दी, सदर अयुब गद्दी, और उपाध्यक्ष बेलाल अहमद सेक्रेटरी मौजुद थे। दरगाह कमेटी के सदर ने कहा कि कमेटी अपने मेनिफेस्टो के मुताबिक जो भी वादा किया था उसे पूरा कर रहा है, उसमें दुकान किस-किस के नाम से है और कौन-कौन दुकान का किराया उठा रहा है। नई कमेटी को इसकी जानकारी नहीं है, इसलिए यह सर्वे कराया जा रहा है।

# झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी में भी पढ़ाये जायेंगे प्राथमिक चिकित्सा डिप्लोमा कोर्स

## जेएसओयू और एफएसीआइ के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी (जेएसओयू) ने प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए फर्स्ट एड काउंसिल ऑफ इंडिया (एफएसीआइ) नई दिल्ली के साथ समझौता किया है। इसके तहत एफएसीआई के सहयोग से ओपेन यूनिवर्सिटी दो डिप्लोमा कोर्स शुरू करेगी। इसमें प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञ में डिप्लोमा और जन स्वास्थ्य रक्षक में डिप्लोमा कोर्स शामिल हैं। जेएसओयू के रजिस्ट्रार डॉ घनश्याम कुमार सिंह ने बताया कि डिप्लोमा कोर्स में नामांकन कराने वाले छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा शिक्षा, प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम और जरूरतमंदों को चिकित्सा सहायता देना सिखाया जाएगा।

एफएसीआई के अध्यक्ष डॉ शबाब आलम ने बताया कि एफएसीआई के डिप्लोमा कोर्सों को यूनिवर्सिटी के अध्ययन केंद्रों में ऑनलाइन माध्यम से पढ़ाया जाएगा। इसके लिए एफएसीआई जल्द ही एक मोबाइल ऐप भी लॉन्च करेगी, जिसमें बच्चे लॉगिन करके अपने कोर्स का अध्ययन कर सकेंगे। स्टडी मैटीरियल हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध होगा। इसके अलावा झारखंड में एफएसीआई का एक ऑफिस भी खोला जाएगा, ताकि यूनिवर्सिटी के शिक्षण केंद्रों और छात्रों को हर तरह की मदद और मार्गदर्शन मिल सके।

## मुख्य नगर निवेशक गजानंद राम सेवानिवृत्त हुए, दी गयी विदाई

**रांची।** राज्य सरकार के नगर विकास एवं आवास विभाग में प्रतिनियुक्त मुख्य नगर निवेशक गजानंद राम को सेवा निवृत्ति के बाद बुधवार को विदाई दी गई। इस मौके पर नगर विकास एवं आवास विभाग, राज्य शहरी विकास अभिकरण, जुडको, रांची स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन सहित संलग्न इकाइयों के 100 से ज्यादा पदाधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। पदाधिकारी और कर्मियों ने गजानंद राम को नई पारी के लिए बधाई दी और अपने-अपने साथ लंबे समय तक किए गए कार्यों के खप्ते मीठे अनुभव को साझा किया। गौरतलब है की पिछले 30 नवंबर को श्री गजानंद राम सेवानिवृत हुए हैं। इस मौके पर गजानंद राम ने कहा कि राज्य सरकार के साथ मैंने 18 साल झारखंड में काम किया है। इन वर्षों में राज्य सरकार ने मुझे बहुत कुछ दिया है।

## पूर्व में था अमन का सहयोगी, बाद में छोटू के लिए करने लगा काम

# गैंगस्टर अमन सिंह को गोली मारनेवाला शूटर यूपी का निकला विकास साव और अमर रवानी की भूमिका भी आयी सामने

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** 3 दिसंबर 2023 को जेल के अंदर गैंगस्टर अमन सिंह की गोली मारकर हत्या करनेवाले शूटर रितेश यादव यूपी का ही निकला। गोली चलाने वाले रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो को पुलिस ने जेल भेज दिया है। इधर, जेल आइजी उमाशंकर सिंह और सीआइडी आइजी असीम विक्रांत मिंज धनबाद पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली। अधिकारी वहीं पर डटे हुए हैं।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वारदात के दौरान सिर्फ रितेश यादव उर्फ सुंदर महतो ही नहीं मौजूद था बल्कि उसके साथ दो कैदी और थे। सूत्रों ने जेल के अंदर लगे सीसीटीवी फुटेज के बारे में जो जानकारी दी है उसके मुताबिक सुंदर महतो के हाथ में पिस्टल थी जबकि दो अन्य कैदी विकास साव और अमर रवानी भागते हुए नजर आ रहे हैं। सूत्रों के द्वारा बताई गयी सीसीटीवी फुटेज के अनुसार रेल अस्पताल के पहले तल्ले के कोने में अमन सिंह अपने बेड पर मौजूद था। जेल के अंदर नीचे के कॉरिडोर में कैदियों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ था। विवाद के सुलझाने में जेल के कर्मी जुटे थ। इस भीड़ में सुंदर महतो, विकास साव और अमर रवानी भी मौजूद था लेकिन भीड़ जुटने के बाद तीनों मौका देखकर वहां से निकल गए। सीढ़ियों के रास्ते तीनों जेल अस्पताल के पहले तल्ले पर पहुंचे, जहां अमन सिंह बेड पर था। उन्होंने खिड़की से अमन के ऊपर फायरिंग की। जिसके बाद वह बेड पर ही गिरा रहा गया और उसकी मौत हो गई। जेल में फायरिंग की आवाज सुनकर अन्य कैदी भी मौके पर दौड़ते हुए पहुंच गए। कैदियों ने मिलकर तीनों की जमकर पिटाई कर दी, तीनों का इलाज जेल अस्पताल में किया गया।

### कौन हैं दोनों, जिनके नाम सामने आये

जेल के अंदर वारदात के दौरान सुंदर के साथ दिखाई देने वाला विकास साव ने सतीश सिंह हत्याकांड मामले में साल 2021 में न्यायालय सरेंडर किया था। बीजेपी धनबाद प्रखंड अध्यक्ष सतीश सिंह की दिनदहाड़े 19 अगस्त 2020 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसमें सतीश साव शूटर की भूमिका में था। वह कुस्तौर का रहने वाला है। वहीं अमर रवानी चर्चित जमीन कारोबारी लाला हत्याकांड का आरोपी है। हत्या समेत कई अन्य मामले उसके ऊपर दर्ज हैं। 13 से 14 अलग-अलग मामले न्यायालय में चल रहा है। पूर्व में यह अमन सिंह के लिए काम किया करता था लेकिन हाल ही में वह आशीष रंजन उर्फ छोटू के संपर्क में आया था।

स्पीड न्यूज

## पूर्व सांसद ने किया कैंटीन का उदघाटन



**अनगड़ा।** जैप टू गेट चतरा के समीप सैनिक कैंटीन फैमिली ग्रोसरी शॉप का उदघाटन बुधवार को पूर्व सांसद रामटहल चौधरी ने फीता काट कर किया । मौके पर उन्होंने कहा कि लोगों को सुविधाएं बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा हैण इस कैंटीन में आम लोगों को भी पांच से पचास प्रतिशत किफायती दर पर आम जरूरत के सामान उपलब्ध होंगे । बीएसएफ के हेड कांस्टेबल पंकज सिंह इस कैंटीन का संचालन करेंगे । इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह वासुदेव महतो उमाकात राय किस्टो कुजुर पुष्पनाथ महतो रामेश्वर यादव मनोज शर्मा यामिनी देवी राजेश मिश्रा उपस्थित थे।

## डायट में मीडिल स्कूलों की टीएलएम मेला आयोजित

**रातू।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में प्राचार्या दीप्ति कुमारी की ओर से टीएलएम मेला का आयोजन किया गया। जिला स्तरीय मेले का उद्घाटन जेसीईई आरटी के उप निदेशक महीप कुमार सिंह, अपर निदेशक मसौदी टुडू और अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के गुरु प्रसाद, साकेत सिंह व जैनेंद्र कुमार ने किया। प्रतियोगिता में रांची मध्य विद्यालयों के शिक्षकों ने स्वर्निर्मित टीचिंग लर्निंग मटेरियल का प्रदर्शन कर मनमोह लिया। इसमें कांके को पहला स्थान मिला। वहीं चान्हो व ओरमांझी क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। अतिथियों ने उन्हें ट्रॉफी और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। मौके पर सोनाली दीप्ति मिंज, नूतन माला मिंज, डॉ प्रियंका, मनु शेषाद्री व किरण डूंगडूंग आदि मौजूद थे।

## गैरमजरुआ भूमि पर होटल निर्माण कार्य को लेकर ग्रामीण भड़के

### सिकिदिरी पुलिस ने काम बंद कराया

**सिकिदिरी।** ग्रामीणों की शिकायत पर सिकिदिरी-ओरमांझी पथ के बक्सीडीह गांव के समीप गैर मजरुआ जमीन पर हो रहे अवैध होटल निर्माण कार्य को सिकिदिरी थाना की पुलिस, अंचल कार्यालय अनगड़ा व वन विभाग ने बुधवार को मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य को बंद करा दिया। ग्रामीणों का आरोप है कि बक्सीडीह मौजा के खाता नंबर 63, प्लाट नंबर 54 रकबा 16 डिसमिल गैरमजरुआ जमीन पर सिकिदिरी निवासी शंकर जायसवाल व चंदन जायसवाल अतिक्रमण कर अवैध रूप से होटल का निर्माण कार्य करा रहा थे। इस दौरान उक्त भूखंड में लगे छह हरे-भरे पेड़ को भी काट दिया गया। इसके अलावा मुख्य पथ से सटाकर गड्ढे खोदकर निर्माण कार्य कराने की भी तैयारी की जा रही थी। ग्रामीण निर्माण कार्य का विरोध करने लगे। वहीं इस की सूचना पथ प्रमंडल रामगढ़ को भी दी है। ग्रामीणों की शिकायत पर मौके पर पहुंचे अंचल व वन विभाग के कर्मचारियों ने कहा कि अग्रतर कानूनी कार्रवाई के लिए इसकी जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारी को सौंपी जाएगी।

# लोहे के पाइप से मार कर पति ने की पत्नी की हत्या

## नशे में धुत होकर दिया घटना को अंजाम, गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिकिदिरी।** सिकिदिरी थाना क्षेत्र के कुच्चू कटहर टोली में नशे में धुत पति आशाराम बेदिया ने लोहे की पाईप से मारकर अपनी पत्नी संपति देवी (37 वर्ष) की हत्या कर दी। घटना मंगलवार की देर रात की है। अपनी पत्नी की हत्या करने के बाद आशाराम घर के बगल खेत में जाकर छिप गया था। बुधवार की सुबह मृतका के बच्चों ने ग्रामीण को घटना की जानकारी दी। सूचना मिलने पर सिकिदिरी थाना की पुलिस ने आरोपित को उसके घर के पीछे से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त लोहे के पाइप चूल्हा फूंकने को बरामद कर लिया है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। एसआई अरुण कुमार सिंह ने बताया कि नशे में धुत पति ने मामूली विवाद में पत्नी की सर पर वार कर हत्या की है। इधर घटना की जानकारी मृतक के भाई अनगड़ा थाना क्षेत्र के बीसा बेहरा टोली विशेश्वर बेदिया को दी गई। विशेश्वर बेदिया के शिकायत पर सिकिदिरी थाना में बहनोई आशाराम बेदिया पर अपनी बहन की हत्या का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराया है। आरोपित के दो पुत्री सीमा कुमारी (12 वर्ष) सुमित्रा कुमारी (08 वर्ष) और पुत्र सीताराम बेदिया (05 वर्ष) है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। थाना प्रभारी सत्य प्रकाश रवि ने बताया कि आरोपित को गुरुवार को जेल भेजा जायेगा।

## नाबालिग लड़की को भगाने के आरोपी को जेल

**मांडर।** बिहार के रंजीतपुर निवासी चंदन कुमार को मांडर पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसके ऊपर थाना क्षेत्र की एक सत्रह वर्षीया नाबालिग लड़की को भगाने का आरोप लगाते हुए लड़की के पिता द्वारा मांडर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। लड़की को भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार 164 के बयान के बाद लड़की को उसके परिजनों को सौंप दिया जायेगा। मामले को लेकर लड़की के पिता ने मंगलवार को अपनी बेटी को घर से अगवा कर लेने का आरोप लगाते हुए मांडर थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## पुलिस जवान के खाते से उड़ाये 1.15 लाख

### साइबर अपराधियों ने एटीएम बदल कर की धोखाघड़ी



**रातू।** थाना क्षेत्र में साइबर अपराध थम नहीं रहा है। यहां आये दिन बैंक खातेधारियों से धोखाघड़ी की जा रही है। इससे लोगों में भय का माहौल है। 4 दिसंबर को अपराधियों ने झारखंड पुलिस के जवान और पिठोरिया निवासी 55 वर्षीय सुखदेव उरांव को निशाना बनाया। रुपये निकालने एटीएम घुसे श्री उरांव के कार्ड की हेराफेरी कर 1 लाख 15 हजार रुपये की निकासी कर ली गयी। मोबाइल पर मैसेज देख उनके होश उड़ गये। मामले को लेकर भुक्तभोगी की ओर से रातू थाने में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करायी गयी है। जानकारी के मुताबिक श्री उरांव धनबाद जिले के टुंडी थाना अंतर्गत बिगनेरिया पिकेट में पदस्थापित हैं। एसबीआई की रातू ब्रांच में उनका एकाउंट है। वह जरूरी काम से रुपये निकालने काठीटांड़ आये। एटीएम नया था। उनसे पिन मिलाने में देरी हुई। इस बीच ग्राहक बनकर अंदर घुसे अपराधकर्मियों ने चकमा देकर एटीएम बदल डाले और रुपये की निकासी कर ली। पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# विद्यार्थियों ने किया वृद्धाश्रम का भ्रमण, साझा किये अनुभव



**रातू।** समर्पणदीप बीएड कॉलेज प्रबंधन की ओर से आउटरीच प्रोग्राम के तहत छात्र कल्याण के सौजन्य से चालू सत्र के विद्यार्थी और शिक्षक-शिक्षिकाओं को बरियातू स्थित वृद्धाश्रम का एक दिनी शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। उन्होंने आश्रम के सदस्यों के साथ यादगार पल बिता दोपहर का खाना खाकर वृद्धों से उनके अनुभव साझा किये। कार्यक्रम को सफल बनाने में रूबी चौधरी, अभिषेक सिंह, नवल किशोर गुप्ता, विकास पोद्दार, जितेन्द्र प्रसाद, विशाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह, डॉ रजनीश पांडेय, आनंद भगत, शशि कुमारी तिर्की, लीना कुमारी, वासिफ शाह, सजीत महतो, शालिनी सिन्हा, ऋतु जया केरकेट्टा, दिनेश महतो, शिवराज भगत, सत्यभामा, अभिलाषा, पल्लवी, आशा, हेमा, दीपशिखा, प्रेरणा, आकृति, कुंदन, संदीप, अतुल, कृष्णा, आलिया, पंकज, बबलू, राजकुमार, कार्तिक, अजीत, आमिर, लीना, सुधा, रोशबीन व शामी की सराहनीय भूमिका रही।

# डीएमएफसी से होगा आधारभूत संरचना का निर्माण

## डीडीसी ने किया तीन विद्यालयों का निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रातू।** डीडीसी दिनेश यादव ने छोटानागपुर राज प्लस टू, मवि रातू राज और मवि हुरहुरी का निरीक्षण किया। श्री यादव ने प्राचार्य सारिका शर्माए संजय झा से पठन-पाठन, शौचालय, बेंच-डेस्क, पेयजल व चहारदीवारी की जानकारी ली तथा इसके लिये प्रस्ताव भेजने का निर्देश दिया। डीडीसी ने बताया कि जिले के प्रत्येक स्कूल में डीएमएफसी फंड से आधारभूत संरचना का निर्माण कराया जायेगा। इसके तहत सौ बच्चे के अनुपात में शौचालय बनवाये जायेंगे। बेंच-डेस्क का इंतजाम होगा। ड्रीप बोरिंग व चहारदीवारी भी करायी जायेगी। मौके पर एडीपीओ कौशल किशोर, डिपार्टमेंट ऑफ होम अमित परिहार व प्रीति श्रुति, बीईईओ कल्पना तांती, अभियंता सुहैल अख्तर, बीपीओ हिना नाज, प्राचार्या सरिता शर्मा, प्राचार्य संजय झा आदि मौजूद थे। इससे पूर्व उन्होंने बीईईओ समेत अन्य पदाधिकारी, अभियंता व बीपीओ के साथ बैठक कर विद्यालयों के विकास पर चर्चा की।

## तिगरा में हुआ परिसंपत्ति का वितरण



श्री यादव तिगरा में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। लोगों से रू ब रू होकर उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने धोती-साड़ी, कंबल, समूह के बीच पहचान पत्र, साइकिल की डीबीटी चेक, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लाभुकों को प्रमाण पत्र व किसानों को बिरसा सिंचाई कूप के कायार्देश का वितरण किया। मौके पर बीडीओ हरिशंकर बारिक, बीएएचओ डॉ विजय कुमार, एलईईओ अर्चना सिन्हा, सीआई संतोष उरांव, बीएओ मुकेश प्रसाद, बीएसओ अभिषेक कुमार, मनरेगा बीपीओ मनिता कुमारी, डीडब्लूओ अलख सिंह व उप प्रमुख रियाजुल अंसारी आदि मौजूद थे। अध्यक्षता मुखिया सुखदेव उरांव ने की जबकि संचालन तैयब अंसारी ने किया।

## प्रखंड स्तरीय आजसू पार्टी ने किया कमेटी का विस्तार

**खलारी।** खलारी प्रखंड अंतर्गत पुरनी राय में आजसू पार्टी का बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता आजसू प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार चौहान व संचालन इम्तियाज अंसारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय महतो व जिला महिला मोर्चा बिना देवी उपस्थित हुए। बैठक में खलारी पंचायत के 14 पंचायत में आजसू पार्टी कमिटी के विस्तार का निर्णय लिया गया। इस दौरान 14 पंचायत में 25 रेवन्यु गांव पर चर्चा किया गया। बैठक में 14 पंचायत में शक्तिशाली प्रभारियों को नियुक्त किया गया।

## एक नजर में

### सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें ग्रामीण : विधायक



**अनगड़ा।** प्रखंड के बोंगई बेड़ा पंचायत सचिवालय में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में विधायक राजेश कच्छप ने कहा कि सरकार ने अबुआ आवास किशोरी समृद्धि योजना फूलो झानो तथा मुख्यमंत्री रोजगार सहित कई कल्याणकारी योजनाएं लांच किया है। ग्रामीणों से इन कल्याणकारी योजनाओं का उन्होंने लाभ उठाने की अपील की। अबुआ आवास के करीब चार सौ से अधिक आवेदन आए। ग्रामीणों के बीच डेढ़ करोड़ रुपयों की परिसम्पतियां भी वितरण किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख दीपा उरांव उपप्रमुख जयपाल हजाम जिप सदस्य अनुराधा मुन्डा प्रखंड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय अंचल पदाधिकारी राजू कमल पशुपालन पदाधिकारी सेवा पालीत सीआई रवि रमेश मुखिया हिरदु उरांव साथ पंसस संयोजि देवी कांग्रेस पश्चिमी मंडल अध्यक्ष बरतु मुन्डा विभिन्न विभागो के पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

### जशपुरिया वीएड कॉलेज में मनायी गयी डॉ आंबेडकर की पुण्यतिथि

**अनगड़ा।** जशपुरिया बीएड कॉलेज में डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मानई गयी। मौके पर संस्था के अध्यक्ष जैलेंद्र कुमार ने कहा कि डॉ बाबा साहब अंबेडकर एक लोकप्रिय भारतीय विधिवेत्ता थे। उन्होंने दलित बौद्ध आंदोलन को प्रेरित किया और अछूतों से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। मौके पर कालेज के प्राचार्य डॉ अनिल कुमार मिश्र बीएड एवं किंगपीन कॉलेज ऑफ नर्सिंग के हर्ष राज विभा कुमारी सरिता शर्मा शशि प्रभा सरिता सिंह उषा मिन्ज रंचन कुमारी महफूज अंसारी इत्यादि उपस्थित थे।

### एससी-एसटी-ओबीसी एकता मंच ने मनाया बाबा साहेब का परिनिर्वाण दिवस

**खलारी।** एसटी- एससी- ओबीसी एकता मंच के तत्वावधान में डॉ0 भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर अंबेडकर पार्क डकरा में दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया गया। उनके पुण्यतिथि में मंच के वक्ताओं ने बाबा साहब के बातों को साझा करते बताय कि उन्होंने कहा था मुझे वह धर्म पसंद है जो स्वतंत्रता समानता और बंधुत्व सिखाता है जैसे मनुष्य नश्वर है वैसे ही विचार भी हैं। एक विचार को प्रचार की आवश्यकता होती है जैसे एक पौधे को पानी की आवश्यकता होती है अन्यथा यह सूख जाता है और मर जाता है। उनके शब्दो को बारीबारी से बाबा साहब के विचारों से अवगत कराया।

# रैयतों ने चूरी खदान का कोयला डिस्पैच कराया ठप

## परियोजना में नौकरी देने की मांग की



खबर मन्त्र संवाददाता

**खलारी।** सीसीएल के ठग कानून से आहत होकर चुरी परियोजना के द्वारा अधिग्रहित रैयतों ने बीसीकेयू टू के बैनर तले सुबह छह से लेकर 10.30 तक चुरी खदान से कोयला उत्पादन डिस्पैच ट्रांस्पोटिंग ठप करा दिया। चुरी के रैयतों को अब तक नौकरी, मुआवजा नही मिला है। रैयत राजेश महतो व बीसीकेयू के नेताओं में कहा कि काफी आंदोलन करने के बाद वर्ष 2022 में पांच रैयतों को नौकरी दी गई थी। शेष लोगों को अभी भी आश्वासन दिया जा रहा है। रैयतों द्वारा पांच घंटा बंद के बाद सीसीएल ने रैयतों की बात मानी। अनन फानन में रैयतों के साथ एनके जीएम संजय कुमार बैठक कर रैयतों को असवशन दिया कि चूरी में लंबित पड़ी रैयतों की नौकरी को 15 दिनों के भीतर पब्लिक डोमेन में दिया जाएगा। रैयतों ने प्रबंधन के बात से सहमत होकर 11 बजे पुनः चुरी परियोजना का कार्य शुरू कर दिया गया।

# रोजगार सेवकों की हड़ताल समाप्त

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हो रही परेशानी हुई दूर

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** चान्हो प्रखंड के ग्राम रोजगार सेवक व कनीय अभियंता पर वित्तीय अनियमितता व कार्य में लापरवाही के आरोप पर एकतरफा (बर्खास्त) कार्रवाई से नाराज रांची जिला के सभी मनरेगा कर्मी एक दिसंबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे, जिसके समर्थन में हड़ताला पर गए ओरमांझी प्रखंड के 10 रोजगार सेवक, तीन कनीय अभियंता, बीपीओ सहित सभी 16 कर्मी विधायक राजेश कच्छप की पहल व डीसी रांची के आश्वासन के बाद कार्य पर वापस लौट गए हैं। कनीय अभियंता रविरंजन कुमार, रंजीत वर्मा, प्रदीप कुमार दास, कंचन लकड़ा, रमन कुमार, शैलेंद्र कुमार, शशि टोप्पो, नागेश्वर यादव, बीपीओ दीपमाला तिर्की, बिमला कुमारी, दीपा मुंडा, सविता टोप्पो, पुष्पा कच्छप, सरस्वती बांडों द्वारा कहा गया है कि बर्खास्त कर्मी को पुनः वापसी में पूर्ण सहयोग का आश्वसन दिया गया है। बुधवार को ओरमांझी में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हल्की वर्षा के साथ मौसम में बढ़ी ढंड के बावजूद गरीब जरूतमंद योजना का लाभ लेने कार्यक्रम में पहुंचे थे।



कार्य में वापस लौटकर कार्य करते रोजगार सेवकगण।

## बच्चों ने मनाई बाबा साहेब की पुण्यतिथि

**अनगड़ा।** सोहावती देवी पब्लिक स्कूल चिलदाग में भी बुधवार को डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्य तिथि मनाई गयी। मौके पर विद्यालय के सचिव डॉ अमर कुमार चौधरी प्राचार्य एडवर्ड कुगुन सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने बाबा साहब को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर डॉ अमर चौधरी और प्राचार्य एडवर्ड लुगुन ने अम्बेडकर के जीवन से मिलने वाली सीख और उनके आदर्शों को अपनाने की छात्रों से अपील की गई। छात्र छात्राओं को भारत के संविधान के प्रति प्रतिज्ञा भी कराया गया। प्रतिज्ञा कराने में विभिन्न कक्षा के छात्र छाताओं ने भाग लिया।

# दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी मुकाम पाना कठिन नहीं

## आईएसएम में खेल महोत्सव का समापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**मांडर।** इंस्टिट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में वार्षिक खेल महोत्सव स्पर्धा 2023 का समापन समारोह बुधवार को आयोजित किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में दिल्ली पब्लिक स्कूल रांची के प्राचार्य डॉ राम सिंह एवं अन्य अतिथि में गुरुनानक स्कूलए रांची के पूर्व प्राचार्य डॉ मनोहार लाल तथा आईएचएम रांची के विभागाध्यक्ष आलोक आस्वाल उपस्थित थे। वार्षिक खेल महोत्सव के समापन सभी की उपस्थिति में राष्ट्रगान एवं फुटबॉल टूर्नामेंट का निर्णायक मुकाबला गत वर्ष के फुटबॉल टूर्नामेंट के विजेता प्राचार्य एकादश एवं बीएससी के प्रथम वर्ष के छात्रों के बीच खेल के साथ की गयी। इस निर्णायक मुकाबला में प्राचार्य डॉ भूपेश कुमार की कुशल नेतृत्व वाली टीम द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन दिखाते हुए पेनालिटी शूट में 4-2 की बढ़त बनाकर विजेता घोषित हुई। फुटबॉल टूर्नामेंट हेतु श्री संजय को बेस्ट फुटबॉलर तथा डॉ भूपेश कुमार को प्लेयर ऑफ टूर्नामेंट चुना गया।

### अपनी सोच को रखें सकारात्मक

मुख्य अतिथि डॉ राम सिंह ने वार्षिक खेल महोत्सव 2023 के लिए आईएचएम रांची की सराहना की। उन्होंने डॉ भूपेश कुमार के अथक प्रयासों एवं कुशल नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए बताया कि अपनी सोच को असीमित रखकर बेहतर स्किल कुशल नेतृत्व, दृढ़ निश्चय से किसी भी बड़े से बड़े मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपनी सोच तथा नजीरिय को सकारात्मक रखने की सलाह दी। प्राचार्य भूपेश कुमार ने आयोजन की सफलता का श्रेय छात्रों को समर्पित किया।

# जेबीकेएसएस ने मृतक के परिजन को दिलाया 7 लाख मुआवजा और नौकरी

**तमाड़।** प्रखंड क्षेत्र के सिंदवारडीह गांव निवासी तारकेश्वर महतो का मंगलवार को टाटीसिलवे स्थित ईसीपीएल फैक्ट्री परिसर में आकस्मिक निधन हो गया। मृतक तारकेश्वर महतो इसी फैक्ट्री में सुरक्षा प्रहरी के रूप में कार्यरत थे। उनके मौत की जानकारी फैक्ट्री प्रबंधन ने मृतक के परिजनो को दिया। परिजनों ने जेबीकेएसएस के सदस्यों को मामले की जानकारी देते हुए मुआवजा दिलाने के लिए मदद की गुहार लगायी। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय सदस्य देवेन्द्र नाथ महतो और महिला नेत्री दमयंती मुंडा समर्थकों के साथ ईसीपीएल पहुंचे। जेबीकेएसएस के सदस्यो, ईसीपीएल प्रबंधन के बीच कई घंटों तक वार्ता के बाद टाटीसिल्वे थाना प्रभारी महेन्द्र करमाली की उपस्थिति में ईसीपीएल द्वारा मृतक तारकेश्वर महतो के परिजन को 7 लाख मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को स्थाई नौकरी देने पर सहमति बनी। ईसीपीएल एचआर मिथलेश सिंह द्वारा तत्काल पचास हजार दिया गया। शेष बचे 6.50 लाख 15 दिनो में देने पर लिखित सहमति बनी।



# लक्ष्य प्राप्ति में विद्यार्थियों का हुनर करता है मदद

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में व्याख्यान माला

खबर मन्त्र संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रगति परिषद के तत्वावधान में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुल्ही ओरमांझी सभागार में बुधवार को आयोजित शिक्षा और लक्ष्य विषय पर व्याख्यान माला में 9वीं व 10वीं कक्षा विद्यार्थियों को लक्ष्य प्राप्ति के गुरु बताया गया। शिक्षाविद शैलेन्द्र मिश्र ने कहा कि असंभव को संभव बनाने की शक्ति शिक्षा में है। कई उदाहरण के माध्यम से विद्यार्थियों को समझाने की कोशिश की, जिसके अंदर जोश जुनून और लक्ष्य प्राप्त करने की जज्बा हो, छोटी-छोटी समस्याएं उसकी सफलता के मार्ग को अवरूद्ध नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि लगातार कड़े मेहनत से हुनर पैदा होती है। यहीं लक्ष्य प्राप्ति का रास्ते को आसान बनाती है। वहीं सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ओरमांझी के अध्यक्ष सत्यनारायण तिवारी ने कहा शिक्षा प्राप्ति का अंतिम लक्ष्य चरित्र का निर्माण होना चाहिए। छात्र-छात्राओं से बेहतर नागरिक बनने व समाज और राष्ट्र की सेवा करने का अपील किया। एकता मंच के अध्यक्ष मोतीलाल महतो ने छात्र-छात्राओं से अपने लक्ष्य का निर्धारण करने उसे हासिल करने के लिए लगातार अभ्यास करने का सुझाव दिया।



छात्र-छात्राओं को संबोधित करते वक्ता।

## मैट्रिक परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करें विद्यार्थी

विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य विजय आनंद ने लक्ष्य निर्धाति कर मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन को कहा। इससे पूर्व विद्यालय परिवार द्वारा कार्यक्रम के वक्ताओं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य जय प्रकाश कुमार व धन्यवाद ज्ञापन प्रबंध समिति सदस्य विजय आनन्द ने किया। मौके पर शिक्षक व छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कंजिया पंचायत भवन में अंजुमन चुनाव आज

**मांडर।** प्रखंड अंजुमन चुनाव गुरुवार को कंजिया पंचायत भवन में किया जाना हैं। चुनाव प्रभारी ईरशाद ईमाम ने बताया कि सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक मतदान होगा। रिजल्ट की घोषणा देर शाम हो जाएगी। मतदान से मांडर सीओ और थाना प्रभारी मांडर ने भी सहयोग का आश्वासन दिया है। चुनाव प्रक्रिया का संचालन चुनाव समिति और सफल चुनाव संपन्न कराने के लिए 30 स्वयं सेवक नियुक्त किया गया हैं। मांडर प्रमुख फिलिप सहाय एक्का को चुनाव पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है।

# बेड़ो : सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**बेड़ो।** मांडर पथ पर बेड़ो थाना क्षेत्र के केशा मोड़ के समीप हुई सड़क हादसा में एक बाइक सवार दो युवको की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए। घटना बुधवार की रात करीब पौने नौ बजे की है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर बेड़ो थाना के थाना प्रभारी मुकेश कुमार हेम्ब्रम व एएसआई अक्षय कुमार सिंह सदल बल घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल से मृतक युवक के जेब से एक मोबाइल बरामद किया। जिससे फोन करने पर स्वजनों ने एक युवक का नाम रंथू उरांव, पिता धन्नो उरांव बंझिला मांडर बताया है। वही दूसरे युवक की पहचान नहीं हो पाई है। वहीं घटना की सूचना मिलने पर मृतक के स्वजन बेड़ो थाना पहुंचे। जानकारी अनुसार एक बाइक पर सवार होकर दोनों युवक बेड़ो की ओर आ रहा था। इसी बीच बेड़ो मांडर पथ पर पूर्व से खड़ी एक ट्रेलर को उसने पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवकों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

# सार्थक संदेश

इस चुनाव का एक सार्थक संदेश यह है कि मतदाताओं ने भ्रष्टाचार व परिवारवाद को सिरे से खारिज किया है। बीआरएस के सफाये को इस उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि तेलंगाना की जनता ने 2013 में तेलंगाना राज्य गठन में महत्वपूर्ण योगदान के लिये कांग्रेस के प्रति आभार जताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी के रूप में पार्टी को नया उम्मीदों का चेहरा मिला है। बहरहाल, इन चुनाव परिणामों ने आम चुनाव की राह तय कर दी है। यही वजह है कि दिल्ली में भाजपा कार्यालय में आयोजित विजय समारोह में इस जीत को केंद्र सरकार की नीतियों व विकास कार्यक्रमों की जीत बताया गया। नरेंद्र मोदी ने चुनाव अभियान के उस वक्तव्य को दोहराया कि मोदी की गारंटी का मतलब होता है, गारंटी की गारंटी मिलना। जाहिर बात है कि कई गारंटियां कांग्रेस ने भी दी थी लेकिन जनता का सकारात्मक प्रतिसाद मोदी की गारंटी को मिला। इसी उत्साह में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित विजय समारोह में नरेंद्र मोदी ने कहा- ये जीत की हैट्रिक, चौबीस की हैट्रिक की गारंटी है। लेकिन एक बात जरूर है कि बिना मुख्यमंत्री के चेहरों को सामने रखे मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतना इस बात का पर्याय है कि मोदी की छवि राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य बनी हुई है। बहरहाल, इस जीत में कैडर बेस्ड पार्टी होने का लाभ भाजपा को मिला है। निश्चित तौर पर भारतीय लोकतंत्र में यह एक बड़ा सार्थक संदेश है कि विकास की राजनीति को लेकर भी भारतीय मतदाता सजग है। वर्तमान सरकारों की जिन्होंने हार झेला है उन सभी को जनता ने सिर्फ इसलिए नकार दिया कि उनकी योजनाओं पर न तो आम लोगों को भरोसा था और न ही उनकी राजनैतिक चतुराई आम लोगों के बीच चलती है।

# मेहरबान सरकार

गुरमीत राम रहीम इंसान के नाम से जाना जाने वाला यह धर्मगुरु एक रेप मामले में रोहतक की सुनारिया जेल में बंद था। उसे 21 दिनों की पैरोल मिली है। चार दिन पहले उसकी ओर से पैरोल की अपील की गई थी तथा वह मंगलवार की दोपहर जेल से निकलकर उत्तरप्रदेश के बागपत के बरनावा आश्रम में पैरोल के दिन काटने के लिये रवाना हो गया। उसे डीएसपी के नेतृत्व में एक पुलिस टीम बाकायदा बरनावा आश्रम तक सुरक्षित छोड़कर आयेगी। राम रहीम को जेल में लेने के लिये उसके कुछ शिष्य आये थे जो उनके साथ ही रहेंगे। स्वाभाविक है कि फरलो मंजूर होने के बाद राम रहीम के अनुयायियों और समर्थकों में खुशी की लहर है। उल्लेखनीय है कि राम रहीम को अपनी दो शिष्याओं के साथ बलात्कार करने एवं एक पूर्व डेरा प्रबंधक रंजीत सिंह की हत्या के आरोप में 20 वर्ष की सुनाई गई है। अगस्त 2017 में पंचकूला की एक विशेष सीबीआई अदालत ने उसे दोषी करार दिया था। वैसे राम रहीम को फरलो पर बाहर आने के मसले को हरियाणा 2024 में होने वाले विधानसभा चुनाव के साथ भी जोड़ा जा रहा है। राम रहीम का एक बड़े वर्ग पर अच्छा-खासा प्रभाव है जो उसके अपराधी साबित होने के बाद भी कम नहीं हुआ है। कहते हैं कि हरियाणा की सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी पहले भी उसकी मदद अपने प्रचार के लिये अप्रत्यक्ष रूप से लेती रही है। इसके एवज में ही राम रहीम पर यह मेहरबानी होती है।उनके रहते परिषद द्वारा की गई थी। हरियाणा में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है लेकिन रेप के मामले में बंद कथित बाबा पर सरकार की मेहरबानी पार्टी की रणनीति की पोल खोलती है। सिर्फ चुनाव जीतने की राजनीति निश्चित ही सभी दलों का मूल मंत्र होता जा रहा है। ऐसे में भाजपा कहती जरूर है कि वह अलग है लेकिन करती है अन्य दलों की तरह ही।

# मानवाधिकार की रक्षा पहली प्राथमिकता हो





-सुधीर शर्मा

> रही बात मौलिक अधिकारों की तो ये देश के संविधान में उल्लिखित अधिकार है। ये अधिकार देश के नागरिकों को और किन्हीं परिस्थितियों में देश में निवास कर रहे सभी लोगों को प्राप्त होते हैं। यहाँ पर एक बात और स्पष्ट कर देना उचित है कि मौलिक अधिकार के कुछ तत्त्व मानवाधिकार के अंतर्गत भी आते हैं जैसे- जीवन और वैयक्तिक स्वतंत्रता का अधिकार।

**द्वितीय** विश्वयुद्ध की समाप्ति के बाद 1948 में 48 देशों के समूह ने समूची मानव-जाति के मूलभूत अधिकारों की व्याख्या करते हुए एक चार्टर पर हस्ताक्षर किये थे। इसमें माना गया था कि व्यक्ति के मानवाधिकारों की हर कीमत पर रक्षा की जानी चाहिये। भारत ने भी इस पर सहमति जताते हुए संयुक्त राष्ट्र के इस चार्टर पर हस्ताक्षर किये। हालाँकि देश में मानवाधिकारों से जुड़ी एक स्वतंत्र संस्था बनाने में 45 वर्ष लग गए और तब कहीं जाकर 1993 में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग अस्तित्व में आया जो समय-समय पर मानवाधिकारों के हनन के संदर्भ में केंद्र तथा राज्यों को अपनी अनुशंसाएँ भेजता है।

वर्तमान समय में देश में जिस तरह का माहौल आए दिन देखने को मिलता है ऐसे में मानवाधिकार और इससे जुड़े आयामों पर चर्चा महत्त्वपूर्ण हो जाती है। देश भर में मॉब लिंचिंग की घटनाएं, बिहार के मुजफ्फरपुर और उसके तुरंत बाद उत्तर प्रदेश के देवरिया में शेल्टर होम की बच्चियों के साथ हुए वीभत्स कृत्य देश में मानवाधिकारों की धज्जियाँ उड़ाते दिखते हैं।

कई विवादास्पद घटनाओं जैसे- ऑपरेशन ब्लू स्टार के बाद उत्पन्न दंगे, शाहबानो मामले के बाद मौलानाओं में भड़की विरोध की चिंगारी, बाबरी मस्जिद ध्वस्त होने के बाद देश भर में हुए दंगे, गुजरात में हुए हिन्दू-मुस्लिम दंगे, कश्मीर में आए दिन हो रहे दंगे इत्यादि के समय भी देश के नागरिकों के मानवाधिकारों का हनन किसी से छिपा नहीं है।

हालांकि ऐसे कई मसले हमें देखने को मिल जाते हैं जब मानवाधिकारों के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाते हुए ठलफउ अपने कर्त्तव्यों का बखूबी पालन करता है लेकिन फिर भी आयोग अन्य कई मामलों पर अपनी अनुशंसाएँ देने में खुद को लाचार पा रहा है। तो क्या इसे एक निष्प्रभावी संस्था मान लिया जाए? लिहाजा सवाल उठता है कि इस लाचारी के क्या कारण हैं और क्या इस लाचारी का कोई समाधान है? इस लेख के माध्यम से हम इन्हीं सवालों के जवाब तलाशने की कोशिश करेंगे।

एक वाक्य में कहें तो मानवाधिकार हर व्यक्ति का नैसर्गिक या प्राकृतिक अधिकार है। इसके दायरे में जीवन, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार आता है। इसके अलावा गरिमामय जीवन जीने का अधिकार, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक अधिकार भी इसमें शामिल हैं।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा अपनाए गए मानवाधिकार संबंधी घोषणापत्र में भी कहा गया था कि मानव के बुनियादी अधिकार किसी भी जाति, धर्म, लिंग, समुदाय, भाषा, समाज आदि से इतर होते हैं। रही बात मौलिक अधिकारों की तो ये देश के संविधान में उल्लिखित अधिकार है। ये अधिकार देश के नागरिकों को और किन्हीं परिस्थितियों में देश में निवास कर रहे सभी लोगों को प्राप्त होते हैं। यहाँ पर एक बात और स्पष्ट कर देना उचित है कि मौलिक अधिकार के कुछ तत्त्व मानवाधिकार के अंतर्गत भी आते हैं जैसे- जीवन और वैयक्तिक स्वतंत्रता का अधिकार। भारत ने मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के तहत राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का गठन और राज्य मानवाधिकार आयोगों के गठन की व्यवस्था करके मानवाधिकारों के उल्लंघनों से निपटने हेतु एक मंच प्रदान किया है।

भारत में मानवाधिकारों की रक्षा के संदर्भ में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग देश की सर्वोच्च संस्था के साथ-साथ मानवाधिकारों का लोकपाल भी है। उच्चतम न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश इसके अध्यक्ष होते हैं। यह राष्ट्रीय मानवाधिकारों के वैश्विक गठबंधन का हिस्सा है। साथ ही यह राष्ट्रीय मानवाधिकार संस्थानों के एशिया पेसिफिक फोरम का संस्थापक सदस्य भी है।

मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम,1993 की धारा 12(ज) में यह परिकल्पना भी की गई है कि विकसित समाज के विभिन्न वर्गों के बीच मानवाधिकार साक्षरता का प्रसार करेगा और प्रकाशनों, मीडिया, सेमिनारों तथा अन्य उपलब्ध साधनों के जरिये इन अधिकारों का संरक्षण करने के लिये उपलब्ध सुरक्षोपायों के बारे में जागरूकता बढ़ाएगा।

इस आयोग ने देश में आम नागरिकों, बच्चों, महिलाओं, वृद्धजनों के मानवाधिकारों, अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के अधिकारों की रक्षा के लिये समय-समय पर अपनी सिफारिशें सरकार तक पहुँचाई हैं और सरकार ने कई सिफारिशों पर अमल करते हुए संविधान में उपयुक्त संशोधन भी किये हैं।

शिकायतें प्राप्त करना तथा लोकसेवकों द्वारा हुई भूल-चूक अथवा लापरवाही से किये गए मानवाधिकारों के उल्लंघन की जाँच-पड़ताल शुरू करना इसमें शामिल हैं ताकि मानवाधिकारों के उल्लंघन को रोका जा सके।

एक आँकड़े के अनुसार, अप्रैल 2017 से लेकर दिसंबर 2017 की अवधि के दौरान लगभग 61,532 मामले विचार हेतु दर्ज किये गए और आयोग ने लगभग 66,532 मामलों का निपटारा किया। इस अवधि के दौरान आयोग द्वारा नागरिक और राजनीतिक अधिकारों, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकारों के कथित उल्लंघन के 49 मामलों की मौके पर जाँच की गई।

कैदियों की जीवन-दशाओं का अध्ययन करना, न्यायिक हिरासत तथा पुलिस हिरासत में हुई मृत्यु की जाँच-पड़ताल करना भी आयोग के कार्य-क्षेत्र में शामिल है। भारत में मानवाधिकार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मानवाधिकार के क्षेत्र में शोध-कार्य करना भी मानवाधिकार के कार्यों के अंतर्गत आता है।

इसके अलावा भी यह आयोग कई और कार्य करता है जैसे-

समाज के विभिन्न वर्गों में मानवाधिकार से संबंधित जागरूकता बढ़ाना।

किसी लंबित वाद के मामले में न्यायालय की सहमति से उस वाद का निपटारा करवाना।

लोकसेवकों द्वारा किसी भी पीड़ित व्यक्ति या उसके सहायतार्थ किसी अन्य व्यक्ति के मानवाधिकारों के हनन के मामलों की शिकायत की सुनवाई करना।

**(लेखक प्लस टू स्कूल फतेहपुर बिहार के के शिक्षक और विचारक हैं।)**

## खास बात
### घातक ब्रेन ट्यूमर

**कैंसर** की तरह ब्रेन ट्यूमर भी जीवन घातक बीमारी है। समय रहते इस बीमारी का इलाज कराने पर जीवन को बचाया जा सकता है। लेकिन गंभीर बीमारी के लक्षण पता नहीं होने पर समय हाथ से निकल जाता है।

क्या होता है ब्रेन ट्यूमर?-

दिमाग में करीब 1 खरब ब्रेन सेल्स होती है। जिसकी मदद से मस्तिष्क काम करता है। लेकिन कोशिकाओं का नियंत्रण बिगड़ने से दिमाग के सेल्स नष्ट होने लगते हैं और वह एक कैंसर के रूप में फैलने लगती है। इससे ब्रेन ट्यूमर हो जाता है।

ब्रेन ट्यूमर के लक्षण-

- ब्रेन ट्यूमर होने के कई तरह के संकेत है। अगर बॉडी में किसी प्रकार के झटके महसूस होते हैं, चक्कर आना, बिना किसी कारण के कंपन होना इस बीमारी के संकेत है।

- जब दिमाग को आराम नहीं मिलता है तो वह सुन्न पड़ने लगता है। यह सुन्नपन चेहरे से भी हो सकता है। थोड़ी देर में आराम नहीं मिलने पर डॉक्टर को जरूर दिखाएं।

- बहुत अधिक सिरदर्द होने पर दवा लेना, लेकिन इसके बाद भी आराम नहीं मिलने पर डॉक्टर से जरूर संपर्क करें।

- कई बार लोग चीजें रखकर भूल जाते हैं लेकिन हर बार ऐसा नहीं होता है। अगर आपके साथ बार-बार ऐसा हो रहा है, छोटी-छोटी चीजें रखकर भूलने लग जाते हैं। साथ ही नींद से जुड़ी परेशानी भी होने लगती है।

- ब्रेन ट्यूमर के सांकेतिक लक्षण में चेहरे का रंग भी बदलने लगता है। कभी पर्पल, सफेद, ब्लू, ग्रीन रंग में त्वचा दिखने लगती है। ऐसे लक्षण दिखने पर हल्के में नहीं लें। तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

- कई बार नसों में खिंचाव और तेज दर्द होने पर इंसान खुद को कंट्रोल नहीं कर पाता है। कुछ लोगों को ट्यूमर के कारण दौरे भी पड़ने लगते हैं।

- कई बार आंखों से संबंधित परेशानी होने लगती है उसे नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। बार-बार धुंधलापन दिखना, रंगों को समझने में परेशानी होना, आंखों का कमजोर होना।

- अगर आपको लगता है कि बोलने या सुनने में परेशानी हो रही है तो डॉक्टर से तुरंत संपर्क करें। इस तरह के लक्षण को नजरअंदाज नहीं करें।

# महान योगी गीधराज

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**गीधराज** ने प्राण त्याग दिये। राम ने कहा मैं स्वयं ही इनका दाह संस्कार करूंगा। लक्ष्मण जी सूखी लकड़ियां लाये। राम ने गीधराज को मुखाग्नि दिया। एक बड़ा इतिहास बना कि किसी अवतारी महापुरुष ने किसी के मुंह में आग दिया हो। इसके पूर्व इस तरह का कोई इतिहास नहीं था और न ही भविष्य में ऐसी घटना फिर हुई। *रामकथा में वीर जटायु का अनुपम स्थान। दाह किया अपने हाथों से पुत्र बने भगवान।।*

**प्रसंग का अध्यात्म**

कहानी का यथार्थ यह है कि पहली बार गीधराज मनुष्य थे। आम व्यक्ति अमूमन समझ लेते हैं कि वह कोई पक्षी थे लेकिन गीधराज मनुष्य थे। दशरथजी से उनकी मैत्री थी। जब दशरथ जी जंगल में शिकार खेलने जाते थे तो अपने आदमियों को लेकर उनकी मदद करते थे। यह जब कर सकता है तब कोई मनुष्य की कर सकता है किसी पक्षी के लिये यह बात संभव नहीं है और जटायु नाम इसलिये था कि सर पर जटा हो गया था। उनका रहन सहन गंदा था। वे न तो स्थान करते थे, न मुंह धोते थे,न बाल बनाते थे। जब जो मिला खा लेते थे। भक्ष्य, अभक्ष्य कुछ भी खाने का का कोई फर्क नहीं था। इसलिये समाज में उन्हें गीधराज कहा जाता था। यह एक समाज के द्वारा दिया गया उपनाम था। और एसा व्यक्ति भी अगर भक्ति को प्राप्त कर सकता है तो निश्चय ही भक्ति के लिये कोई व्यक्ति जीना और मरना अगर करे तो उसे भक्ति की प्राप्ति हो जाएगी।

**(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)**

भारतीय संविधान का अनुच्छेद 243, तीसरे स्तर की स्थानीय सरकार -यानी पंचायती राज व्यवस्था को स्थापित करता है

आज झारखंड में 4345 स्थानीय जन-प्रतिनिधि हैं, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत महिलाएं हैं।

**– निशा उरांव, डायरेक्टर, पंचायती राज**

## रोचक ट्वीट

**अंतःकरण-** पावित्रय, आत्म-विश्वास और आशावादिता जीवन की महत्तम विभूति हैं ! जीवन अंतहीन संभावनाओं और अवसरों का अखंड स्त्रोत है ! आध्यात्मिक व्यक्ति प्रतिकूल परिस्थिति में अनुकूलता और उचित अवसर ढूंढ लेता है। **– स्वामी अवधेशानंद गिरी**





**सत्याग्रही** शहीद किसानों के नाम पर मुआवजा ना देना, नौकरी ना देना और अन्नदाताओं के खिलाफ पुलिस केस वापस ना लेना बहुत बड़ी गलतियाँ होंगी। पीएम कितनी बार माफी मांगेंगे?

**-राहुल गांधी**

# आज भी दुनिया में करोड़ों लोग मानवाधिकार से वंचित हैं

## सामयिक

**अन्नू रंजन**

**आज** विश्व मानवाधिकार दिवस है। इस महत्त्वपूर्ण दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। 'संयुक्त राष्ट्र संघ' की महासभा ने 10 दिसम्बर, 1948 को सार्वभौमिक मानवाधिकार घोषणापत्र को अधिकारिक मान्यता प्रदान की थी। तब से यह दिन इसी नाम से याद किया जाने लगा। किसी भी इंसान की ज़िंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है- मानवाधिकार। 'भारतीय संविधान' इस अधिकार की न सिर्फ. गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले को अदालत सजा देती है। शुरूआत 10 दिसम्बर, 1948 को 'संयुक्त राष्ट्र महासभा' ने विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र जारी कर प्रथम बार मानवाधिकार व मानव की बुनियादी मुक्ति पर घोषणा की थी। वर्ष 1950 में 'संयुक्त राष्ट्र' ने हर वर्ष की 10 दिसम्बर की तिथि को 'विश्व मानवाधिकार दिवस' तय किया। 65 वर्ष से पहले हुआ पारित 'विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र' एक मील का पत्थर है, क्या है 'मानव अधिकार' किसी भी इंसान की ज़िंदगी, आजादी, बराबरी और सम्मान का अधिकार है- मानवाधिकार। 'भारतीय संविधान' इस अधिकार की न सिर्फ.गारंटी देता है, बल्कि इसे तोड़ने वाले को अदालत सजा देती है। भारत में 28 सितंबर, 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर, 1993 में सरकार ने 'राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग' का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं, जैसे- बाल मजदूरी, एचआईवी/एड्स, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार आदि। 'विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र' का मुख्य विषय शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगारी, आवास, संस्कृति, खाद्यान्न व मनोरंजन से जुड़ी मानव की बुनयादी मांगों से संबंधित है। विश्व के बहुत से क्षेत्र गरीबी से पीड़ित है, जो बड़ी संख्या वाले लोगों के प्रति बुनियादी मानवाधिकार प्राप्त करने की सबसे बड़ी बाधा है। उन क्षेत्रों में बच्चे, वरिष्ठ नागरिकों व महिलाओं के बुनियादी हितों को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता। इस के अलावा नस्लवाद व नस्लवाद भेद मानवाधिकार कार्य के विकास को बड़ी चुनौती दे रहा है।

सभी गरीब बच्चों, महिला, बुजुर्ग व विक्लांग व्यक्तियों के लिऐ समान शिक्षा, मुफ्त स्वास्थ्य जांच कैम्प लगाना और दवाईयां तथा उपकरण उपलब्ध कराना।

सामाजिक बुराई के खिलाफ पहल करना और बुलंद आवाज उठाना तथा पीड़ितों को बुराई से निजात दिलाना।

बाल व बन्धुआ मजदूरी के अत्याचार से मुक्ति दिलाना।

बच्चों, महिलाओं तथा बुजुर्गो की रक्षा के लिये काम करना।

समाज के लिये योगदान करने वाली हस्तियों को समय-समय पर पुरूस्कृत करके उनका सम्मान करना।

समाज व हर वर्ग के लोगो के साथ मिलकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करना।

जनता तथा पुलिस के बीच में सहयोग का पुल बनाना तथा पीड़ितों को न्याय दिलाना।


नए शिक्षा संस्थान, अस्पताल व अनाथ आश्रम खोलना और अन्य आश्रमों की देख-रेख करना।

भ्रूण हत्या पर हर सम्भव रोक लगाना व उनके खिलाफ आवाज उठाना।

हर वर्ग के कमजोर व्यक्ति को समाज में न्याय दिलाना।

## कॉर्टून वर्ल्ड

मानवाधिकार पर आज की सोच





साभार कॉर्टूनमूवमेंट डॉट कॉम

## लेटर टू एडिटर

### असहनीय स्थिति

**संसद** लोकतंत्र का पवित्र मंदिर है, जिसमें देश व जन हितैषी मुद्दों पर न केवल चर्चा होती है, बल्कि कानून बनाए जाते हैं। लेकिन विडंबना की बात है कि संसद की पवित्रता व गरिमा तथा उसके औचित्य को सांसद ही ठेस पहुंचा रहे हैं। जबकि मुद्दों पर तर्कसंगत बहस व चर्चा होनी चाहिए। आखिर जन सरोकार से हटकर वे पार्टी सरोकार के साथ कैसे खड़ें हो सकते हैं। **– हेमा,जमशेदपुर**

### जागरूकता जरूरी

**अंगदान** महापुण्य का काम है। अंगदान जीते जी और इंसान की मृत्यु के बाद भी किया जा सकता है। देश में लोगों को अंगदान प्रेरित करने की जरूरत है। सरकारी तंत्र और सामाजिक संगठनों द्वारा लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए । यह सब सरकारी तंत्र के सहयोग ओर सामाजिक संगठनों द्वारा किया जा सकता है। लोगों को सम्मानित करने की भी जरूरत है।

**– जयदेव पाण्डेय, हजारीबाग**

# घर भी बनता जा रहा है प्रदूषण का केंद्र

## सामयिक

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

बात थोड़ी विचित्र अवश्य लग सकती है पर इसमें कोई दो राय नहीं कि हमारा घर भी प्रदूषण का केन्द्र बनता जा रहा है। इसकी गंभीरता को इससे समझा जा सकता लेसेंट की रिपोर्ट में 2019 में देश में एक लाख से अधिक नवजात बच्चों की मौत जन्म से एक माह के दौरान घरेलू प्रदूषण के कारण हुई है। आधुनिक जीवन शैली और घरों में प्रदूषण के कारक उत्पादों की प्रमुखता इसका कारण है। महिलाओं और बच्चों में डस्ट एलर्जी तो आम होती जा रही है। जरा-सी गंदगी या धूल-मिट्टी से सामना हुआ कि छींक पर छींक, नाक टपकना और यहां तक कि श्वांस लेने में दिक्कत तो आम होती जा रही है। ऐसे में समस्या और अधिक गंभीर हो जाती है। डिओ, शेंपू, मच्छर मारने की दवाएं जैसे अनेक उदाहरण होने के साथ ही सोफा, कालीनों में जमी धूल भी बड़ा कारण बनती जा रही है।

प्रदूषण आज की ज्वलंत समस्या है तो सबसे अधिक चर्चा और चिंता का कारण भी प्रदूषण बन गया है। प्रदूषण को लेकर वैश्विक सम्मेलन हो रहे हैं तो प्रदूषण को कम करने के उपायों पर बड़े बड़े सम्मेलनों में चचाएं हो रही है। तस्वीर का एक पक्ष यह भी है कि हमारा घर भी प्रदूषण का केन्द्र बनता जा रहा है। माइक्रो लेवल पर कोई भी बात की जा सकती है पर हमारे घर व मकान में फैल रहे प्रदूषण और उसके कारण होने वाले जानलेवा दुष्परिणामों की और लेसेंट जर्नल की रिपोर्ट आंख खोलने के लिए काफी है। रिपोर्ट के अनुसार घरेलू प्रदूषण के चलते हमारे देश की ही बात की जाय तो 2019 में 16 लाख 70 हजार लोगों की असमय मौत का कारण वायु प्रदूषण ही रहा है। इनमें 6 लाख 10 हजार लोगों को घरेलू प्रदूषण के कारण अपनी जान से हाथ धोना पड़ा वहीं इनमें एक लाख 16 हजार तो बच्चे ही हैं। यह तो 2019 के आंकड़े हैं। आज के हालात सुधार के ना होकर इससे अधिक ही चिंतनीय है। ऐसे में घरेलू प्रदूषण के खतरे से बचाव के लिए ठोस प्रयास किया जाना समय की आवश्यकता है।

घरेलू प्रदूषण के दुष्प्रभाव को इस मायने में देखा जा सकता है कि अस्थमा और कैंसर जैसी जानलेवा बीमारियों का कारण यह घरेलू प्रदूषण बनता जा रहा है। प्रदूषण के कारण एलर्जी होना तो आम बात है।

महिलाओं और बच्चों को डस्ट एलर्जी होना या अन्य किसी से एलर्जी होना आम होता जा रहा है। दरअसल, हमारे घर की दैनिक उपभोग की वस्तुएं ही किसी ना किसी कारण से प्रदूषण का कारण भी बन जाती है। इनमें से अधिकांश तो अनजाने में होती है। दरअसल अवेयरनेस के कारण या हमारी जीवन शैली भी इसका एक कारण है। घर में मच्छर मारने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले कीटनाशी मच्छाररोधी दवा भी घरेलू प्रदूषण का प्रमुख कारण है तो दूसरी और घरेलू साज-सज्जा सामग्री में फर्नीचर, लकड़ी का सामान, चटाईयां, कालीन आदि की समय पर साफ सफाई नहीं होने से यह प्रदूषण का कारक बन जाते हैं। इसी तरह पूजा में काम ली जाने वाली धूपबत्ती, अगरबत्ती, धूम्रपान, महिलाओं के कास्मेटिक उत्पाद, केमिकल युक्त शेम्पू आदि, पोछा लगाने के लिए उपयोग में लिए जाने वाले कीटनाशी के साथ घरों में उपयोग किये जाने वाले केमिकल पेंट, रंग-रोगन में उपयोग किये जाने वाले उत्पाद भी प्रदूषण और एलर्जी के प्रमुख कारक बनते जा रहे है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### स्कॉर्पियो पलटने से चार घायल



**मांडू।** प्रखंड मुख्यालय से 100 मीटर दूरी पर मंगलवार 12:30 बजे रात्रि में स्कॉर्पियो के पलटने से चार लोग घायल हुए। गया जिले के रहने वाले रांची से सफेद रंग की स्कॉर्पियो नंबर जेएच 01 एफए 9275 से गया जाने के क्रम में अज्ञात वाहन की चकमा देने से स्कॉर्पियो रोड पर पलट जाने से राधा देवी 40 वर्ष,यशवंत कुमार गुप्ता16 वर्ष अनंता कुमारी 14 वर्ष सुनील कुमार गुप्ता घायल हो गए। दुर्घटना में राधा देवी स्कॉर्पियो पलटने से वाहन में ही दब गई। जिससे उनके सर में चोट आई है। मांडू थाना प्रभारी अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे और घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मांडू पहुंचाया। राधा देवी के सिर में टांका लगाया गया।

### कोयलांचल में मनी अंबेडकर पुण्यतिथि



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल, सयाल-उरीमारी आदि क्षेत्रों में बुधवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर की गई। साथ ही उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। इधर सयाल उतरी पंचायत के अंबेडकर भवन में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की 67वीं पुण्यतिथि पर उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित एवं माल्र्यापण कर श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पूर्व मुखिया सह झामुमो नेता सत्येंद्र यादव ने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब के अधूरे सपनो को पूरा करना हमसबों का दायित्व है। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालो में सुचित राम, रामजी राम, खजांची राम, संजय शर्मा, प्रभु पासवान, अरविन्द राम, कालीचरण करमाली, सुनील कुमार, रितेश राम, दीप नारायण राम, राकेश कुमार, राजनाथ राम, रामकरण राम, विश्वरंजन राम, अर्जुन सिंह, रामकृपाल मालाकार, बच्चन पांडे, राम प्रसाद महतो आदि शामिल थे।

### रविंद्र के परिजनों को मिले मुआवजा : आजसू



**भुरकुंडा।** आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी के निर्देश पर आजसू पार्टी के एक प्रनिधिमंडल ने आंध्र प्रदेश में मारे गए दिवंगत रविन्द्र गंझू की माता से उनके घर जाकर मुलाकात की। साथ ही पूरे मामले की जानकारी ली। साथ ही पीड़ित परिवार को ढ़ाढ़स बंधाते हुए हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने कहा कि आदिवासियों को वोट बैंक समझने वाली स्थानीय विधायक व वर्तमान सरकार मामले पर क्या कर रही है समझ से परे है। आदिवासियों के हित का ढोल पीटने वाली विधायक अंबा प्रसाद अभी तक आदिवासी परिवार का हाल-चाल तक लेने नहीं पहुंची हैं। जो की अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जिस राज्य में आदिवासियों के नाम पर राजनीति कर सत्ता हासिल की जाती हो वहां के आदिवासियों की दुर्दशा देख चिंता होती है। सत्ताधारी दल आदिवासी हित का ढोल पिटती नजर आती है लेकिन उनके लिए करती कुछ नहीं है। श्री सिन्हा ने रविन्द्र गंझू की मौत की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। साथ ही विधायक अंबा प्रसाद से प्रवासी मजदूरों के नियमावली के अनुसार झारखंड सरकार से अविलंब सहायता राशि दिलाने की भी मांग की है। परिजनों से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में आजसू पतरातू प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष अनिल सोनी, बुद्धिजीवी मोर्चा के सचिव रोबिन मुखर्जी, युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष राज नायक आदि शामिल थे।

### एसडीओ ने उपकारा का किया निरीक्षण



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के संयुक्त निर्देशानुसार मंगलवार रात अनुमंडल पदाधिकारी शीलवंत कुमार भट्ट, प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी सह उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर कुमार रजक ने अन्य अधिकारियों के साथ छत्तरमांडू स्थित उपकारा रामगढ़ का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुरक्षा के मद्देनजर सर्वप्रथम अनुमंडल पदाधिकारी ने प्रभारी जेलर से प्रविष्ट बंदियों की पंजी, दंड पुस्तिका, मुलाकात पुस्तिका, सहित अन्य अभिलेखों की जाँच की प्रतिनियुक्ति पदाधिकारियों द्वारा उप कारा परिसर सहित सभी बैरकों में बारी-बारी से बंदियों की सामग्रियों की जांच की गई। साथ ही सीसीटीवी फुटेज को भी देखा गया। निरीक्षण के मौके पर बीडीओ चितरपुर, अंचल अधिकारी रामगढ़, सीओ चितरपुर, सीओ मांडू, अंचल अधिकारी गोला सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

# करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च 10 को

▸▸ सुखदेव सिंह को हजारीबाग के झंडा चौक पर दी जायेगी श्रद्धांजलि

खबर मन्त्र संवाददाता



**हजारीबाग।** शहर के आनंदा चौक के निकट दहेज उन्मूलन सह समाज उत्थान स्वर्ण महासभा के कार्यालय में बैठक का आयोजन हुआ। अध्यक्षता महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सीडी सिंह और संचालन अर्जुन सिंह ने किया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह उपस्थित हुए।

सर्वप्रथम उपस्थित लोगों ने निर्णय लिया की राजस्थान के जयपुर में राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की गोली मारकर हत्या के विरोध में हजारीबाग शहर में रविवार 10 दिसंबर को आनंदा चौक के निकट स्थित महासभा के कार्यालय से हजारों की संख्या में शाम के चार बजे कैंडल मार्च निकाल शहर के मुख्य मार्ग होते झंडा चौक पहुंच श्रद्धांजलि अर्पित किया जायेगा। साथ ही घटना को अंजाम देने वाले और षड्यंत्र रचने वाले को गिरफ्तार कर अविलंब फांसी देने की मांग की जायेगी। मुख्य अतिथि मुन्ना सिंह ने कहा की राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या कायराना हरकत है, प्रशासन हत्यारो को जल्द गिरफ्तार करे। महासभा के अध्यक्ष सीडी सिंह ने कहा की जब जब कायरो द्वारा ऐसे घटना को अंजाम दिया जाएगा हमारा समाज और मजबूती से आगे बढ़ेगा। मौके पर चंद्रशेखर मिश्रा, रामाशंकर त्रिपाठी, अर्जुन सिंह, दीपक सिंह, अभिषेक पांडे, नवीन सिंह, सुधीर कुमार चौधरी, बबलू सिंह, शिव शंकर प्रसाद, साकेत सिन्हा, रामाधीन सिंह, अर्जुन ओझा, अजय शर्मा, राम सागर ओझा, अजीत सिंह, राम सिंह, बबलू सिंह, आदित्य सिंह, नन्हे सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# तिलैया बस्ती में 10 दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित

▸▸ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव से मिले डीवीसी के विस्थापित एसडीओ के नाम सौंपा ज्ञापन

खबर मन्त्र संवाददाता



**बरही।** कोल्हुआकला पंचायत के डीवीसी विस्थापित गांव तिलैया बस्ती में डीवीसी ने 10 दिनों से बिजली आपूर्ति बंद कर दी है।बिजली की आपूर्ति बंद किये जाने के कारण ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

इस बाबत ग्रामीणों ने बरही एसडीओ के नाम भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव के नेतृत्व में एक ज्ञापन सौंपते हुए डीवीसी प्रबंधन को चेतावनी दी है कि यदि अभिलंब बिजली आपूर्ति बहाल नहीं की गई तो ग्रामीण चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने पर मजबूर होंगे।जिसके तहत सबसे पहले तिलैया डैम से बांझेडीह प्लांट में पानी सप्लाई की जाने वाली पानी को रोक दिया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गणेश यादव ने कहा कि तिलैया बस्ती डीवीसी द्वारा विस्थापित गांव है। विस्थापन के समय डीवीसी प्रबंधन ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया था कि विस्थापित गांव को निःशुल्क बिजली, पानी उपलब्ध कार्रवाई जाएगी। इसके पूर्व 2020 में भी ग्रामीणों ने इस संदर्भ में विरोध दर्ज किया था। इसके बाद डीवीसी विधायक और एसडीओ के समक्ष निःशुल्क बिजली पानी देने पर सहमति बनी थी, एक बार फिर 3 वर्षों के बाद बिजली काट दी गई है। आवेदन में सैकड़ो लोगों ने हस्ताक्षर कर एसडीओ को ज्ञापन सौंपा है।

### रजरप्पा में अंबेडकर को दी श्रद्धांजलि



**रजरप्पा।** छोटकी लारी में बुधवार को डॉ. अम्बेडकर की 67वें पुण्यतिथि मनाई गईं। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गईं। सेवानिवृत प्राचार्य पुन्नू राम नायक ने कहा कि बाबा साहेब डॉ. अम्बेडकर परम राष्ट्र भक्त थे। उन्होंने कहा कि जनतंत्र सार्वजनिक जीवन जीने की पद्धति है, जनतंत्र की जड़े व्यक्ति की समाजिक संबंधो में खोजनी पड़ती है, जनतंत्र एक ऐसी शासन प्रणाली है, जिसके द्वारा आर्थिक एवं समाजिक क्षेत्र में बिना रक्त की एक गुण बहाए क्रांतिकारी परिवर्तन लाई जा सकती है। ऐसी शासन प्रणाली की सफलता के लिए मजबूत विरोधी दल का होना जरूरी है।

# बेटी ने पिता को दी मुखाग्नि

खबर मन्त्र संवाददाता



**कुजू।** शिवपुरी कॉलोनी कुजू निवासी दीपक सिंह उम्र 53 का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। इसके बाद कुजू में मंगलवार उनका अंतिम संस्कार दामोदर नदी के घाट पर किया गया। इस दौरान दीपक सिंह के पुत्र नहीं होने के कारण पुत्री कोमल सिंह ने पुत्र का का फर्ज निभाते हुए पिता का अंतिम संस्कार किया। पढ़ाई कर रही बड़ी बेटी कोमल सिंह ने दुःख की घड़ी में अपनी माता रानी सिंह को संभालते हुए शव यात्रा के दौरान अपने परिजनों के साथ अर्थी को कंधा भी दिया। साथ ही पिता के चिता को मुखाग्नि देखकर बेटा का फर्ज पूरा किया। दीपक सिंह अपने पीछे पत्नी रीना सिंह, दो बेटी सहित अपनी मां को छोड़ गये। इधर घाट में शामिल लोगों ने भी कोमल सिंह के इस कार्य की सरहाना किया। उन्होंने कहा कि बेटिया किसी मामले में बेटे से कम नही है। वह और कोई जमाना था जब बेटो को बेटी से ज्यादा दर्जा दिया जाता था, लेकिन अब हमारी बेटिया भी बराबर के अधिकार रखती है।

### दोतल्ला पंचायत में बाबा साहेब को दी श्रद्धांजलि



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत सचिवालय में बुधवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के पुण्यतिथि के अवसर पर उनके चित्र के समक्ष पूजा-अर्चना एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। मौके पर मुखिया सत्यवंती देवी ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आहवान किया। इस दौरान सत्यवंती देवी ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए सभी ग्रामीणों से इसका शत प्रतिशत लाभ उठाने की अपील की।

### चोकाद में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** स्थानीय उद्यमियों को भारत सरकार की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देने के उद्देश्य से बुधवार को एमएसएमई विकास कार्यालय रांची द्वारा गोला प्रखंड अंतर्गत पंचायत भवन चोकाद में उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सहायक निदेशक एमएसएमई गौरव न पीएम विश्वकर्म योजना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उद्यमियों को इस योजना का अधिक से अधिक लाभ लेने के लिए आह्वान किया। मौके पर पंचायत के उप मुखिया अविनाश कुमार एवं नरेंद्र नाथ मुखर्जी ने सभी प्रतिभागियों को स्वरोजगार की स्थापना हेतु प्रेरित किया तथा उन्हें हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।



जागरूकता कार्यक्रम में शामिल लोग।

# व्याख्यानमाला में पक्षी विशेषज्ञ की पाठशाला

▸▸ गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में लेक्चर सीरीज का तीसरा दिन

▸▸ आइबीसीएन के कार्यकर्ता सह बर्ड एक्सपर्ट ने दी पारिस्थितिकी संतुलन की जानकारी



खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षण प्रशिक्षण कॉलेज मुकुंदगंज, हजारीबाग में बुधवार को छह दिवसीय लेक्चर सीरीज (व्याख्यानमाला) के तीसरे दिन बतौर अतिथि इंडियन बर्ड कंजर्वेशन नेटवर्क के कार्यकर्ता सह नियो ह्यूमन फाउंडेशन के उपाध्यक्ष और पक्षी विशेषज्ञ मुरारी सिंह ने विजुअल पाठशाला में कई महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन में पक्षियों की अहम भूमिका पर चित्रों के माध्यम से विस्तार से अपना विचार साझा किया।

साथ ही पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों उनके रहन-सहन, खान-पान, व्यवहार और पारिस्थितिकी संतुलन में उनके योगदान पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पक्षियों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। दुनिया के 13% बर्ड भारत में हैं। दुनिया में कुल 9000 चिड़ियों की प्रजातियां हैं। झाड़ियों में चिड़ियों की 10 प्रजातियां वास करती हैं। चिड़ियां संस्कृति, धर्म और घर-आंगन के परिवेश में रची बसी हैं। चिड़ियां पौधों के जीवन के वाहक हैं। उन्हें सुरक्षित और संरक्षित कर हम पर्यावरण का संरक्षण और संवर्द्धन कर सकते हैं। उन्होंने गिद्धों की नौ प्रजातियों का वर्णन करते हुए बताया कि सिर्फ हजारीबाग में उनकी पांच प्रजातियां हैं।

उन्होंने बताया कि झारखंड में इंपोर्टेंड बर्ड एरिया में हजारीबाग, डाल्टनगंज, कोडरमा, साहेबगंज, धनबाद, चतरा और सरायकेला को रखा गया है। वन्य जीवन संरक्षण के कार्यकर्ता सह वरिष्ठ पत्रकार मुरारी सिंह ने कहा कि जैव विविधता के संरक्षण के लिए सम्मिलित प्रयास करने की जरूरत है और यह सबकी जिम्मेवारी भी है। सहायक प्राध्यापिका कुमारी अंजलि ने अतिथि का परिचय कराते हुए उन्हें सम्मानित किया। मंच संचालन प्रशिक्षु प्रीति कुमारी और धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने किया।

राष्ट्रीय गान के साथ व्याख्यान का समापन हुआ। लेक्चर सीरीज में आइक्यूएसी को-ऑर्डिनेटर डॉ बसुंधरा कुमारी, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ पुष्पा कुमारी, जगेश्वर रजक, महेश प्रसाद, एसएस मैती, अनिल कुमार, गुलशन कुमार, संदीप खलखो, डॉ दीपमाला, दशरथ कुमार, रचना कुमारी, दिलीप कुमार सिंह, संदीप कुमार सिन्हा समेत सभी प्राध्यापक और प्रशिक्षु मौजूद थे।

## एक नजर में

### पांच बेटियों को सदर विधायक ने दिया लहंगा



हजारीबाग। सदर विधायक मनीष जायसवाल की ओर से लगातार प्रखंड क्षेत्र बहनों को उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया गया जा रहा है। इस कड़ी में बुधवार को विधायक की ओर से उनके कटकमसांडी प्रतिनिधि किशोरी राणा ने कटकमसांडी के विभिन्न गांवों में पांच से अधिक बेटियों को उनके विवाह के लिए उपहार स्वरूप लहंगा भेंट किया। कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ने सभी के घर जाकर लहंगा भेंट कर उज्जवल भविष्य की कामना की। परिजनों ने सदर विधायक मनीष जसवाल के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि हमारे लोकप्रिय विधायक हमारे सुख-दुख में हमेशा साथ रहते हैं। यही छवि इनको औरों से अलग बनाता है। पिछले वर्ष कि भांति इस बार भी लहंगा वितरण किया जा रहा है जो सराहनीय कार्य है। उन्होंने कहा कि इन्हीं कार्यों की वजह से सदर विधायक मनीष जायसवाल जन-जन के दिलों में बसते हैं। मौके पर कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा ,कटकमसांडी भाजपा महामंत्री राकेश कुमार सिंह गदोखर मुखिया नारायण साव,अनुराग मित्तल,लेखराज यादव एवं दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### झारखंड कुशवाहा महासभा की बैठक संपन्न



इचाक। झारखण्ड कुशवाहा महासभा की बैठक जिलाध्यक्ष मुकुटधारी महतो की अध्यक्षता में मेहता कुशवाहा भवन जुलु पार्क हजारीबाग में किया गया। बैठक में मुख्य संरक्षक पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता, संरक्षक पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, प्रदेश संगठन मंत्री श्री बटेश्वर प्रसाद मेहता विशेष रूप से शामिल हुये। बैठक में कुशवाहा महसभा के संगठन को गांव गांव तक मजबूत करने, पंचायत स्तर पर समिति गठन करने तथा छूटे हुए प्रखंडों में कमेटी गठन करने के लिए प्रभारी नियुक्त करने पर विचार किया गया। बैठक के अंत में बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर पुण्यतिथि मनाई गई। बैठक में मेहता विकास मंच के अध्यक्ष जय नारायण मेहता, प्रशिक्षण प्रमुख सुनील कुमार मेहता, जिप सदस्य रेणु देवी, महासचिव इंद्रदेव मेहता, प्रो ब्रज किशोर मेहता, अजय कुमार मेहता, अशोक कुमार मेहता, सीता राम मेहता, पूर्व सरपंच ब्रज किशोर मेहता, सदन मेहता, मुकेश मेहता, त्रिपुरारी मेहता समेत कई पदाधिकारी एवम सदस्य शामिल थे। आगामी बैठक 20दिसंबर को मेहता कुशवाहा भवन जुलु पार्क हजारीबाग में होगी।

### बाबा साहेब के पदचिह्नों पर चलें : शैलेश कुमार




बरही। आईलेक्स पब्लिक स्कूल के सभी शाखा विद्यालयों निदेशक शैलेश कुमार के निर्देशन में डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई।जिसके तहत बाबा साहेब की तस्वीर पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी ब्रांच के सामाजिक विज्ञान के शिक्षक बबलू कुमार, रवि सिंह, रिंकू कुमार और सौरभ कुमार ने अपने अपने ब्रांच के अनुसार उन्होंने भीमराव अम्बेडकर जी के बारे में विस्तृत जानकारी दी। बच्चों ने डॉ भीमराव अंबेडकर की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। निदेशक शैलेश कुमार ने कहा कि भीमराव अम्बेडकर के जीवन हमसभी के लिए प्रेरणास्रोत है।

**कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक–1603, दिनांक–16.11.2023 द्वारा आमंत्रित ई-निविदा आमंत्रण सूचना सं0-07/2023-24/RWD/EE/HAZARIBAG, दिनांक–16.11.2023, जिसका PR No-311556 Rural Work Department (23-24)D से प्रकाशित निविदा में निम्नवत् संशोधन की जाती है–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि :– 09.12.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–16.12.2023 अपराह्न 5.00 बजे तक ।
3. निविदा खोलने की, तिथि, एवं समय–18.12.2023 पूर्वाह्न 3.30 बजे।

शेष सभी शर्तें यथावत रहेगी ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, हजारीबाग

PR 312831 (Rural Work Department) 23-24 (D)

**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी (विकास शाखा)**

**अति अल्पकालीन निविदा**

वित्तीय वर्ष 2023–24 में EAP-SDG आकांक्षी जिला कार्यक्रम नीति आयोग अंतर्गत स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में प्राप्त राशि से **Management of Undernourished Children and Mobile Telemedicine Van at Village Level, Khunti Distict** के "प्रस्ताव के लिए अनुरोध (**Request for Proposal**)" आमंत्रित की जाती है। मानक स्तर के कम्पनियाँ/प्रमाणिक बिक्रेताएँ/उनके अधिकृत बिक्रेताएँ इच्छुक संस्थान विभिन्न शर्तों के अनुरूप अपना प्रस्ताव/विस्तृत विवरणी "प्रस्ताव के लिए अनुरोध (**Request for Proposal**)" अंतर्गत दिनांक 20.12.2023 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक विकास शाखा, उपायुक्त कार्यालय, खूँटी में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगे। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 20.12.2023 के अपराह्न 1.00 बजे समिति के समक्ष खोला जायेगा। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् जमा किये जाने वाले "प्रस्ताव के लिए अनुरोध (**Request for Proposal**)" पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

अल्पकालीन निविदा की नियम एवं शर्तें खूँटी जिला के वेबसाईट www. khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

उपायुक्त, खूँटी

PR 312840 (District)23-24*D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्ड़ल, कोडरमा**

**अति अल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 05/RE/2023–24 2nd call**

1. विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :–दिनांक–12.12.2023 से दिनांक13.12.2023 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावाधितक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक– 14.12.2023 (अपराह्न 3.00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक– 14.12.2023 (अपराह्न 3.30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :–कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा। (समाहरणालय परिसर)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Koderma | **Part-01,** Establishment of potato chips and Milet Processing Unit at Campus of Jhumari Telaiya Bazar Samiti under ODOP (One District One Product) at Koderma Bazar. (Repairing of civil work) | 1817000.00 | 36400.00 | 5000.00 | दो माह (02) |
| 2. | Koderma | **Part-02** , Establishment of potato chips and Milet Processing Unit at Campus of Jhumari Telaiya Bazar Samiti under ODOP (One District One Product) at Koderma Bazar.(Renovation work of Electrical ,water supply and Aluminium Partition work) | 1453500.00 | 29100.00 | 2500.00 | दो माह (02) |

निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, कोडरमा।

PR.NO.312847 Rural Work Department(23-24):D

# वर्ष 2024 में शनि बदलेगी राशि

**साल 2024 में शनि के राशि परिवर्तन को लेकर मतभेद, जनवरी या फरवरी कब शनि बदलेंगे राशि?**

पारंपरिक पंचांग वैदिक ज्योतिष के ग्रंथों पर अधारित होते हैं जबकि आधुनिक पंचांग नॉटिकल अल्मनॉक पर। जिससे ग्रहों की गोचर स्थिति की तिथियों में अंतर आ जाता है। पारंपरिक पंचांग अनुसार शनि का राशि परिवर्तन आमतौर पर ढाई साल बाद होता है। साल 2020 में शनि के राशि परिवर्तन को लेकर मतभेद, जनवरी या फरवरी कब शनि बदलेंगे राशि?

पारंपरिक पंचांग अनुसार शनि का राशि परिवर्तन आमतौर पर ढाई साल बाद होता है।

साल 2024 में शनि धनु राशि से मकर राशि में चले जायेंगे। लेकिन इनके राशि परिवर्तन की तारीखों को लेकर मतभेद हो रहा है। कंप्यूटराइज्ड पंचांग के अनुसार देखें तो शनि 24 जनवरी को मकर राशि में प्रवेश कर जायेंगे। तो वहीं पारंपरिक पंचांगों के अनुसार शनि का ये राशि परिवर्तन 17 फरवरी को होगा। इन दोनों तारीखों के बीच 24 दिन का अंतर आ रहा है।

**क्यों उत्पन्न हो रहा है यह मतभेद**

**क्या है मतभेद:** पारंपरिक पंचांग वैदिक ज्योतिष के ग्रंथों पर अधारित होते हैं जबकि आधुनिक पंचांग नॉटिकल अल्मनॉक पर। जिससे ग्रहों की गोचर स्थिति की तिथियों में अंतर आ जाता है। पारंपरिक पंचांग अनुसार शनि का राशि परिवर्तन आमतौर पर ढाई साल बाद होता है। इस तरह से शनि 30 सालों में 12 राशियों का चक्र पूरा करते हैं। पारंपरिक पंचांग के अनुसार शनि 17 फरवरी को अपनी राशि बदलेंगे। जबकि आधुनिक पंचांग से देखें तो शनि का राशि परिवर्तन 24 जनवरी को ही हो रहा है।

अब इन तारीखों में आने वाले 24 दिनों के अंतर से इन दिनों पैदा होने वाले बच्चों की कुंडली में शनि की स्थिति भी अलग-अलग होगी। जो लोग कम्प्यूटर से जन्मकुंडली तैयार करेंगे उनकी कुंडली में 24 जनवरी की सुबह 9 बजकर 52 मिनट पर शनि मकर राशि में दिखाई देंगे। वहीं परंपरागत तरीके से जो कुंडली बनेंगी उनमें शनि 17 फरवरी तक धनु राशि में दिखेंगे।

**शनि साढ़े साती और ढैय्या:** 2024 में शनि के राशि बदलते ही मिथुन और तुला राशि के लोगों पर शनि की ढैय्या शुरू हो जायेगी। वहीं वृषभ और कन्या राशि के लोगों को इससे मुक्ति मिल जायेगी। इसी तरह कुंभ राशि वालों पर शनि साढेसाती का पहला चरण शुरू हो जायेगा धनु वालों पर अंतिम चरण तो वृश्चिक राशि के लोगों को इससे




मुक्ति मिल जायेगी।

गुरुवार स्पेशल भजनः भगवान विष्णु और शिरडी साईं के इन भजनों को सुनकर करें दिन की शुरुआत

**शनि का राशियों पर प्रभाव:** साल 2024 में शनि के राशि परिवर्तन से कुछ राशियों पर इसका शुभ प्रभाव पड़ेगा तो कुछ पर अशुभ। ये आपके ग्रहों की स्थिति पर आधारित होगा कि शनि आपको कैसें फल देंगे। इस राशि परिवर्तन से मुख्य तौर पर तुला, धनु, मकर, कुंभ, मीन, मिथुन और कर्क राशि वाले लोग प्रभावित होंगे। आपके जीवन में बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। तो वहीं मेष, वृषभ, कन्या वालों के लिए शनि अच्छे परिणाम लेकर के आ सकते हैं।

ज्योतिष अनुसार हर ग्रह का राशि परिवर्तन होता रहता है। चंद्रमा हर 2 दिन में, सूर्य एक महीने में इसी तरह अन्य ग्रह भी अलग-अलग अवधि में अपनी राशि बदलते हैं। ग्रहों का राशि परिवर्तन ज्योतिष में एक महत्वपूर्ण घटना मानी गई है सभी राशि के लोगों पर कुछ न कुछ प्रभाव जरूर पड़ता है।

वनस्पति को अपने जीवन में किसी भी तरह से शामिल करते हैं तो वह हमारे लिए उपयोगी है। इसमें पेड़-पौधों की जड़, छाल और उनके रस आदि के उपयोग से कई ग्रह दोष दूर किए जाते हैं।

मंगल ग्रह की शुभता के लिए और इससे संबंधित दोषों को दूर करने के लिए अनंतमूल या खेर की जड़ को लाल कपड़े में मंगलवार के दिन धारण करें।

प्राचीन ग्रंथों और भारतीय संस्कृति में हमेशा से ही पेड़ों के महत्व पर जोर दिया गया है। हम वनस्पति को अपने जीवन में किसी भी तरह से शामिल करते हैं तो वह हमारे लिए उपयोगी है। इसमें पेड़-पौधों की जड़, छाल और उनके रस आदि के उपयोग से कई ग्रह दोष दूर किए जाते हैं। हर ग्रह के लिए कुछ खास पेड़-पौधे होते हैं, जिनकी जड़ धारण करने से उन ग्रहों को शक्ति मिलती है और वे शुभ फल देने लगते हैं।

**जानते हैं ऐसी ही पेड़ों की जड़ों के बारे में..**

**सूर्य-**

यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में सूर्य की स्थिति कमजोर है तो सूर्य से संबंधित दोषों को दूर करने के लिए और सूर्यदेव की कृपा पानेके लिए बेलपत्र की जड़ को गंगाजल से धो कर लाल या गुलाबी कपड़े में बाजू में रविवार के दिन धारण करें।

**चंद्रमा-**

चंद्रदेव की कृपा पाने और उससे संबंधित दोषों को दूर करने के लिए सफेद कपड़े में खिरनी की जड़ को सोमवार के दिन धारण करें।

**मंगल-**

मंगल ग्रह की शुभता के लिए और इससे संबंधित दोषों को दूर करने के लिए अनंतमूल या खेर की जड़ को लाल कपड़े में मंगलवार के दिन धारण करें।

**बुध-**

बुध ग्रह से जनित दोषों को दूर करने एवं बुध ग्रह की कृपा पाने के लिए हरे कपड़े में विधारा की जड़ को बुधवार के दिन धारण करें।

**बृहस्पति**

बृहस्पति ग्रह की कृपा पाने के लिए एवं इस ग्रह से हो रहे अशुभ फलों को दूर करने के लिए केले की जड़ को बृहस्पतिवार के दिन पीले कपड़े में बाजू में धारण करें।

**शुक्र-**

शुक्र ग्रह की कृपा पाने के लिए गूलर की जड़ को सफेद कपड़े में शुक्रवार के दिन धारण करें।

**शनि-**

शनिदेव की कृपा पाने के लिए शमी की जड़ को शनिवार के दिन नीले कपड़े में धारण करें।

**राहु-**

राहु से जुड़े दोषों को दूर करने के लिए एवं राहु की कृपा के लिए सफेद चंदन के टुकड़े को नीले कपड़े में बुधवार के दिन धारण करें।

**केतु-**

केतु से जुड़ी परेशानियों को दूर करने एवं इनके शुभ परिणामों के लिए अश्वगंधा की जड़ नीले रंग के कपड़े में बृहस्पतिवार के दिन धारण करें।

**ये जड़ भी हैं काम की**

पूजा पाठ हो या कोई मांगलिक कार्य इनमें अशोक के पेड़ की पत्तियां प्रयोग में लाई जाती हैं। अशोक के पेड़ की जड़ भी आपके सुख समृद्धि को बढ़ाने वाली एवं शोक को दूर करने वाली है। इसे विधि विधान से धारण करने से कभी धन की कमी नहीं होती। धन के स्थान पर इसे रखने से भी चमत्कारिक लाभ मिलता है।

**केले की जड़ से दूर होगी दरिद्रता**

कर्ज या आर्थिक तंगी से छुटकारा पाने के लिए केले के पेड़ की जड़ में रोली, चावल, जल और फूल अर्पित करें। अब इस जड़ को पीले कपड़े में लपेट कर अपने पास रख लें बहुत लाभ मिलेगा।

## आचार्य श्रीराम शर्मा वचनामृत



इस संसार में प्यार करने लायक.दो वस्तुएँ हैं-एक दुख और दूसरा श्रम। दुख के बिना हृदय निर्मल नहीं होता और श्रम के बिना मनुष्यत्व का विकास नहीं होता। - आचार्य श्रीराम शर्मा

संपदा को जोड़-जोड़ कर रखने वाले को भला क्या पता कि दान में कितनी मिठास है। - आचार्य श्रीराम शर्मा

जीवन में दो ही व्यक्ति असफल होते हैं- एक वे जो सोचते हैं पर करते नहीं, दूसरे जो करते हैं पर सोचते नहीं। - आचार्य श्रीराम शर्मा

मानसिक बीमारियों से बचने का एक ही उपाय है कि हृदय को घृणा से और मन को भय व चिन्ता से मुक्त रखा जाय। - आचार्य श्रीराम शर्मा

मनुष्य कुछ और नहीं, भटका हुआ देवता है। - आचार्य श्रीराम शर्मा

असफलता यह बताती है कि सफलता का प्रयत्न पूरे मन से नहीं किया गया। – श्रीराम शर्मा आचार्य

शारीरिक गुलामी से बौद्धिक गुलामी अधिक भयंकर है। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

ग्रन्थ, पन्थ हो अथवा व्यक्ति, नहीं किसी की अंधी भक्ति। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

जैसी जनता, वैसा राजा। प्रजातन्त्र का यही तकाजा॥ – श्रीराम शर्मा, आचार्य

केवल वे ही असंभव कार्य को कर सकते हैं जो अदृष्य को भी देख लेते हैं। – श्रीराम शर्मा आचार्य

नहीं संगठित सज्जन लोग। रहे इसी से संकट भोग॥ – श्रीराम शर्मा, आचार्य

मनुष्य की वास्तविक पूँजी धन नहीं, विचार हैं। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

प्रज्ञा-युग के चार आधार होंगे - समझदारी, इमानदारी, जिम्मेदारी और बहादुरी। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

मन?स्थिति बदले, तब परिस्थिति बदले। - पं श्रीराम शर्मा आचार्य

रचनात्मक कार्यों से देश समर्थ बनेगा। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

संसार का सबसे बडा दिवालिया वह है जिसने उत्साह खो दिया। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

समाज के हित में अपना हित है। – श्रीराम शर्मा, आचार्य

सुख में गर्व न करें, दु?ख में धैर्य न छोड़ें। - पं श्री राम शर्मा आचार्य

उसी धर्म का अब उत्थान, जिसका सहयोगी विज्ञान॥ – श्रीराम शर्मा, आचार्य

बड़प्पन अमीरी में नहीं, ईमानदारी और सज्जनता में सन्निहित है। – श्रीराम शर्मा आचार्य


जो बच्चों को सिखाते हैं, उन पर बड़े खुद अमल करें तो यह संसार स्वर्ग बन जाय। – श्रीराम शर्मा आचार्य

विनय अपयश का नाश करता हैं, पराक्रम अनर्थ को दूर करता है, क्षमा सदा ही क्रोध का नाश करती है और सदाचार कुलक्षण का अंत करता है। – श्रीराम शर्मा आचार्य

जब तक व्यक्ति असत्य को ही सत्य समझता रहता है, तब तक उसके मन में सत्य को जानने की जिज्ञासा उत्पन्न नहीं होती है। - पं. श्रीराम शर्मा

अवसर तो सभी को जिन्दगी में मिलते हैं, किंतु उनका सही वक्त पर सही तरीके से इस्तेमाल कुछ ही कर पाते हैं। **– श्रीराम शर्मा**

# भगवान शिव से जुड़ा है नाम रुद्र प्रयाग



**उत्तराखंड** में स्थित रुद्रप्रयाग अलंकनंदा नदी के पांच प्रयाग में से एक है। अलकनंदा और मंदाकिनी नदी यहां मिलती हैं। पवित्र स्थल केदारनाथ की यहां से दूरी महज 86 किलोमीटर है। हरिद्वार और ऋषिकेश रेलवे स्टेशन से रुद्रप्रयाग पहुंचा जा सकता है।

कहा जाता है कि इसी जगह पर भगवान शिव ने नारद को आशीर्वाद दिया था और रुद्र अवतार में प्रकट हुए थे। हिमालय के नजदीक होने की वजह से यह जगह काफी खूबसूरत दिखाई पड़ती है और पर्यटक भी यहां आते रहते हैं। रुद्रप्रयाग में कई पवित्र मंदिर भी है जिसे देखने के लिए सालों भर भक्त पहुंचते हैं।

इनमें जगदंबा और शिव मंदिर प्रमुख हैं। इसके साथ-साथ अलकनंदा नदी के पास स्थित कोटेश्वर मंदिर भी श्रद्धालुओं के बीच काफी प्रसिद्ध है। दिल्ली के रुद्रप्रयाग की दूरी करीब 357 किलोमीटर है।

केदारनाथ के अलावा बद्रीनाथ जाने के लिए भी रुद्रप्रयाग से रास्ता है। इसलिए यहां काफी संख्या में लोग आते रहते हैं। 2013 में उत्तरखंड में आई बाढ.की वजह से रुद्रप्रयाग को काफी क्षति हुई थी। कई मकान और पुल ढह गए थे।

दुनिया के बेहतरीन स्थलों में हिमालय के इस संगम स्थल का शुमार है जिसके कारण पूरी दुनिया से लोग यहां घूमने आते हैं। निश्चित तौर पर देश दुनिया के लोग के लिए यह स्थल विशेषकर गर्मियों में एक बड़ा भ्रमण का स्थल है।

## चैतन्य महाप्रभु के विचार



भगवान श्रीचैतन्य महाप्रभु जी ने कहा, 'एकादशी पालन शुद्ध भक्ति का अंग है, उसको न मानने से भक्ति का सर्वनाश हो जाएगा। एकादशी के दिन प्रसाद को प्रणाम करके, उसको अगले दिन पाओ, जब तिथि सम्पूर्ण हो जाए। एकादशी तिथि के दिन वैष्णव लोग केवल मात्र श्रीकृष्ण नाम रस का ही पान करते हुए तृप्त रहते हैं। वे न तो कोई अन्य रस लेते हैं, न ही अन्य कोई बात बोलते हैं। वैष्णव लोग इस दिन सभी प्रकार के भोगों का त्याग करते हैं।'

'शुद्ध वैष्णव तो सदा प्रसाद का ही सेवन करते हैं, अन्य कोई द्रव्य तो वे चखते भी नहीं हैं। एकादशी के दिन तो वैष्णव जन निराहार रहते हैं व अगले दिन पारण करते हुए प्रसाद भोजन करते हैं। एकादशी के दिन वैष्णवजन केवल अनुकल्प अर्थात अन्नरहित फलाहार का प्रसाद लेते हैं। जो अवैष्णव हैं वे एकादशी के दिन नाम प्रसाद पर छल से दिन-रात अपना इन्द्रिय तर्पण करते हैं। पापियों के संग अन्नहार करते रहते हैं व हरिवासर व्रत को अर्थात एकादशी व्रत को नहीं मानते हैं। भक्ति के सभी अंगों को मानने से, भक्ति का सम्मान करने से भक्ति देवी की कृपा प्राप्त होती है। अत? अवैष्णव का संग छोड़, एकादशी का व्रत पालन करना चाहिए।'

प्रसाद सेवन व हरिवासर आपस में विरोधी नहीं हैं, हमें अन्तर समझना चाहिए। भक्ति के एक अंग को मानता और दूसरे से द्वेष करता हो, उस व्यक्ति को बुद्धिहीन जानो। हरिभक्ति के जो भी अंग हों, उसकी जो भी विधि हो, देश-काल नियमानुसार उसको एकान्त भाव से पालन करते हुए भक्ति मार्ग में अग्रसर हो जाओ। सभी भक्ति-अंगों के अधिपति श्रीव्रजेन्द्रनन्दन हैं, जिससे वे सन्तुष्ट होते हों, वही पालन करो।

एकादशी के दिन निद्रा-आहार का वर्जन कर, अन्य दिनों में प्रसाद का निर्मल चित्त से सेवन करना चाहिए। एकादशी का विधान भगवान श्रीचैतन्य महाप्रभु जी से सुनकर सभी वैष्णव बड़े प्रसन्न हुए तथा आनन्द से 'गोविन्द-गोविन्द' पुकारने लगे। राय रामानन्द जी, स्वरूप दामोदर जी इत्यादि 'उड़िया' 'गौड़िया' सभी भक्तों को बड़ा आनन्द आया। हे भाई ! श्रीगौरांग महाप्रभु हमारे प्राणधन हैं। निष्कपट भाव से उनका भजन करो, वे तुम्हें इस भव-सागर से पार कर देंगे तथा साथ ही साथ तुम्हारे शरीर व मन को भी शीतलता प्रदान करेंगे।

# मृत्यु के भय से मुक्ति देते हैं काल भैरव

राजेंद्र कुमार शर्मा

भैरव अष्टमी, जिसे ह्यकाल-भैरव जयंतीह्ल के नाम से भी जाना जाता है, एक हिंदू पवित्र, धार्मिक दिन है जो काल देवता ह्यभैरवह्ल के प्रकट होने को समर्पित है, जो भगवान शंकर का ही एक क्रोधी स्वरूप है।

कार्तिक (दक्षिण भारतीय अमावस्या कैलेंडर के अनुसार, हर महीने एक नये चंद्रमा के साथ समाप्त होता है) या मार्गशीर्ष (उत्तर भारतीय के अनुसार) में ढलते चंद्रमा (कृष्ण पक्ष) के आठवें चंद्र दिवस (अष्टमी) को पड़ता है। दोनों ही पंचांगों के अनुसार, भैरव अष्टमी एक ही दिन पड़ती है। कभी-कभी इस दिन को कालाष्टमी के नाम से भी जाना जाता है।

काल भैरव की उत्पति

भैरव शिव के क्रोध का स्वरूप हैं। इस संबंध में सुनाई गई कथा के अनुसार, त्रिमूर्ति देवता, ब्रह्मा, विष्णु और शिव गंभीर मुद्रा में बात कर रहे थे कि उन सभी में से कौन श्रेष्ठ है। गर्मागर्म बहस में, शिव को ब्रह्मा द्वारा की गई टिप्पणियों से अपमान महसूस हुआ और जब ब्रह्मा ने शिव का अपमान किया, तो क्रोधित शिव के माथे से भैरव (काल-भैरव) प्रकट



हुए। हिंसक प्रतिकार से काल भैरव पर ब्रह्महत्या का पाप लगा। ब्रह्महत्या के पाप का प्रायश्चित करने के लिए, भैरव को कपाली का व्रत करना पड़ा। भिक्षापात्र लेकर भिक्षाटन के रूप में दुनियाभर में घूमना पड़ा। जब भैरव पवित्र शहर वाराणसी पहुंचे, तो अंततः उनके पाप का प्रायश्चित हो गया, जहां उन्हें समर्पित एक मंदिर आज भी मौजूद है।

इसके बाद भगवान भैरव के रूप में शिव को हिंदू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार लोगों के बीच कानून और अनुशासन बनाए रखने का काम सौंपा गया। इस प्रकार इसे ह्यकाशी का कोतवालह्ल नाम से प्रतिष्ठापित किया गया है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार आज भी मोक्ष नगरी वाराणसी, जहां अधिकांश हिंदू अपने मृतक सगे-संबंधियों का अंतिम संस्कार पवित्र नदी गंगा किनारे कर, उनकी मुक्ति और स्वर्गलोक प्राप्ति की कामना करते हैं। भगवान भैरव का आह्वान करने और उनकी धार्मिकता को प्रबल करने के लिए भक्त काल भैरव मंत्र का जाप करते हैं।

जयंती पर धार्मिक अनुष्ठान

भैरव अष्टमी पर पूरी रात जागरण किया जाता है और पूजा-अर्चना की जाती है तथा भैरव, शिव और पार्वती की कथा सुनी और सुनाई जाती है। मध्यरात्रि में शंख, घंटियों और नगाड़ों के साथ भैरव की आरती की जाती है। सुबह स्नान करने के बाद, भक्त, विशेष रूप से शिव-भक्त, अपने पूर्वजों को तर्पण देते हैं। फिर, भैरव, शिव, पार्वती और भैरव के वाहन, कुत्ते की फूलों और मिठाइयों से पूजा की जाती है। कुत्तों को प्रसाद के रूप में दूध, मिठाई, दही और अन्य भोजन भी दिया जाता है।

विशेष है इस वर्ष की जयंती

यदि भैरव अष्टमी रविवार या मंगलवार को पड़ती है, तो वह दिन अधिक पवित्र माना जाता है, जो कि भैरव को समर्पित पवित्र कार्य दिवस है। और इस वर्ष की काल भैरव जयंती 5 दिसंबर, दिन मंगलवार को पड़ रही है, इस दृष्टि से इस बार इस दिवस की महत्ता और भी बढ़ जाती है ।

पूजा से मिलने वाला आशीर्वाद

सफलता, धन, स्वास्थ्य और बाधा निवारण के लिए विशेष रूप से भैरव की पूजा की जाती है। ऐसा कहा जाता है कि भैरव अष्टमी का व्रत करने से भक्त को पाप और मृत्यु के भय से मुक्ति मिल जाती है।

पावन वैष्णो देवी और वाराणसी में काल भैरव जयंती की विशेषता

कश्मीर में वैष्णो देवी की पहाड़ियों में स्थित भैरव प्रसाद मंदिर में भैरव अष्टमी मनाई जाती है। इस दिन, सोने या चांदी से काल-भैरव की एक छवि बनाई जाती है और पानी से भरे पीतल के धातु के बर्तन में विसर्जित किया जाता है। मंत्र उच्चारण के साथ पूजा-अर्चना की जाती है, जैसा कि शिव आराधना में किया जाता है।

वाराणसी में, अष्टभैरव, जो कि भैरव के आठ सहायक पहलू हैं, को समर्पित आठ मंदिरों की आठ दिवसीय तीर्थयात्रा की जाती है, जिसका समापन भैरव अष्टमी के साथ होता है। भैरव अष्टमी पर, शहर के संरक्षक देवता, काल भैरव की उनके मंदिर में पूजा की जाती है।

# स्पीड न्यूज

## धर-पकड़ के बाद साइबर अपराधियों में दहशत

**मरकच्चो (कोडरमा)।** सिम्पल एस्कॉर्ट, एससीएचएलओकेए डॉट कॉम फर्जी वेबसाइट पर सर्विस देने के नाम पर करोड़ों रुपयों की ठगी करने के मामले में मरकच्चो पुलिस की टीम ने थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत तेलोडीह से ठगी का गोरख धंधा कर रहे छः साइबर ठगों को उक्त ग्राम से अलग अलग घरों से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, जहां पुलिस के छापेमारी से साइबर अपराधी अपने जिला छोड़ अन्य जिलों व राज्यों में पलायन करने लगे। फर्जी वेबसाइट चलाने वाले अपराधियों की धर पकड़ के बाद और बचे अगल-बगल के साइबर अपराधियों में दहशत देखा जा रहा है। जहां देशभर में साइबर अपराध के मामले बढ़ते जा रहे हैं, वहीं राहत भरी खबर है कि मरकच्चो थाना क्षेत्र में पुलिस की दबिश से साइबर अपराधियों के पांव उखड़ने लगे हैं। पुलिस के छापेमारी अभियान ने साइबर अपराधियों के हौसलों को अब हिला कर रख दिया है और उनका प्लायन शुरू हो गया है और साइबर अपराधी दूसरे जिलों के साथ-साथ अन्य राज्यों में सेफ जोन की तलाश में भटक रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मरकच्चो थाना क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में रह रहे साइबर अपराधियों ने अब दूसरे जिलों व राज्यों में जाकर क्राइम करना शुरू कर दिया है।

## प्रखंड स्तरीय संघ के अध्यक्ष बने विकास

**खरौंधी।** प्रखंड के पंचायत समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पंचायत समिति सदस्य में एकजुटता लाने के लिए प्रखंड स्तरीय संघ का गठन किया गया। जिसमे सर्वसम्मति से करिवाडीह पंचायत के पंचायत समिति सदस्य विकास कुमार सिंह को अध्यक्ष बनाया गया। वहीं पूर्णिमा देवी को उपाध्यक्ष, कृष्ण राम को सचिव, नसीबन बीबी को उपसचिव, रेणु देवी को कोषाध्यक्ष, शिलवंति देवी को उपकोषाध्यक्ष, कुलवंती देवी को संचालक, पानपति देवी को महामंत्री बनाया गया है। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष विकास कुमार सिंह ने कहा कि पंचायत समिति सदस्य के लोगो ने मुझे जो जिमेदारी दी है। उसे इमानदारी के साथ निर्वहन करने का काम करूंगा।

## पुण्यतिथि पर याद किये गये संविधान निर्माता

**केतार।** संविधान निमार्ता बाबासाहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की 67वीं पुण्यतिथि पर भीम आर्मी एवं सामाजिक लोगों ने केतार बाजार स्थित अंबेडकर जी के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। साथ ही उनके बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर अजय वर्मा ने बाबा साहेब की कृति व व्यक्तित्व के बखान किया। साथ ही कहा कि उनके पद्चिन्हों का अनुसरन और उनके आदर्शो को आत्मसात कर ही हम उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित कर सकते हैं। मौके पर भीम आर्मी अध्यक्ष समरेश कुमार रवि, उप प्रमुख शंभू सिंह, सुरेश प्रसाद आदि मौजूद थे।

## नप ने वृद्ध आश्रम में किया कंबल का वितरण

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** झारखंड सरकार की लोक कल्याणकारी योजना के तहत नप प्रशासक हर्षवर्धन के आदेशानुसार वृद्धाश्रम में 30 वृद्ध लोगों के बीच कंबल का वितरण किया। वहीं नगर प्रबन्धक डॉ. अरविंद मोदी ने कहा कि आपकी योजन आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं को जरूरतमंदों के बीच पहुंचाने का कार्य कर रही है। उसी कड़ी में बुधवार को वृद्धाश्रम में रह रहे लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर पीयूष तिवारी, संजीव पांडेय, सुदर्शन श्रीवास्तव, चंदन पांडेय, लखन सिंह, मुकेश रविदास समेत वृद्धाश्रम में कार्यरत परामर्शी स्वीटी कुमारी, वृद्धाश्रम में रहने वाले सभी वृद्ध आदि मौजूद थे।

## याद किये गये बाबा साहेब

**टंडवा(चतरा)।** प्रखंड क्षेत्र के कोयद पँचायत में भारत रत्न संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की पुन्य तिथि सह महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। इस दौरान बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया गया। समाजसेवी जिवलाल भगत ने कहा कि बाबा साहेब ने सदैव जाति-पांति से उठकर देश हित में निर्णय लिया ।

# गढ़वा में सामूहिक विवाह का ऐतिहासिक आयोजन, परिणय सूत्र में बंधे 101 गरीब वर-वधू

## मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा, कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की यह पहल सराहनीय

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा में बुधवार को सामुहिक विवाह का ऐतिहासिक आयोजन किया गया। कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी ने अनोखी व ऐतिहासिक पहल करते हुए 101 निर्धन व असहाय कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया। शहर के दानरो नदी स्थित छठ घाट के मैदान में आयोजित इस समारोह में 101 वर-वधुओं का हिन्दू रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर व संस्था के सचिव विकास कुमार माली ने संयुक्त रूप से सामूहिक विवाह में शामिल सभी वर को आशीर्वाद दे कर उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उसके बाद बारात गढ़देवी मंदिर होते हुए विवाह स्थल पर पहुंची।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की से आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय है। संस्था द्वारा वैसी लड़कियों की शादी कराई गई जो काफी असमर्थ, असहाय व लाचार थीं। आज जहां दहेज को लेकर बेटियों के साथ अत्याचार हो रहा है। उसी को रोकने के उद्देश्य से संस्था दहेज मुक्त सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। संस्था की जितनी भी तारीफ की जाए कम है। उन्होंने कहा कि यह सामूहिक विवाह एक अनोखी और ऐतिहासिक पहल है। संस्था के सचिव ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना एवं सामूहिक विवाह को प्रोत्साहन करना है। यह संस्था महिला



सशक्तिकरण को लेकर दृढ़ संकल्पित है और अपने पदाधिकारियों, सर्वेयरों व कार्यकताओं के सहयोग से प्रतिदिन अपने उद्देश्य के प्रति अग्रसर है। इन्होंने सभी उद्देश्यों एवं लक्ष्यों की पूर्ति करते हुए गढ़वा एवं पलामू जिला सहित बिहार के विभिन्न पंचायतों के गांव से कन्याओं का चयन किया है। संस्था ने 101 कन्याओं की सामूहिक विवाह करा कर यह भी संदेश दिया है कि संस्था हर निर्धन परिवार के साथ है। जो बेटियों को बोझ समझते हैं वे अपनी बेटियों को बोझ नहीं समझें वे संस्था में आकर मिलें। संस्था उन्हें सहयोग करते हुए सम्मान के साथ बेटी का विवाह करा कर विदाई करेगी। सचिव श्री माली ने कहा कि संस्था को मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, विधायकगण, जिला परिषद् चेयरमैन, वार्ड पार्षदगण, समाज सेवीगण, जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन आदि सभी वर्गो के लोगों का भरपूर सहयोग मिला है ।जिससे कि संस्था अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य की ओर अग्रसर है। इनके अमूल्य सहयोग के लिए संस्था परिवार तहे दिल से सभी का सम्मान करती है।

इससे पूर्व बाल विवाह, दहेज प्रथा का बहिष्कार एवं जागरूकता के लिए बारात फेरी सह जागरूकता रैली निकाली गई। आशीर्वाद मैरिज हॉल से निकलने के बाद गोविंद उच्च विद्यालय के मैदान के समीप मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तत्पश्चात कचहरी, घंटाघर होते हुए गढ़देवी मंदिर में आशीर्वाद लेने के बाद बाईपास रोड होते हुए विवाह स्थल पहुंची। वहां मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के समक्ष वैदिक मन्त्रोच्चार के साथ जयमाला कार्यक्रम की शुभारंभ हुई। सभी जोड़े की अपने-अपने विवाह मंडप में हिन्दू रीति रिवाज से विवाह संपन्न कराई गई। विवाह के पश्चात सभी नव दंपति को संस्था सचिव विकास कुमार माली ने विदाई में ट्रांक, आलमीरा, पलंग, तोशक, रजाई, तकिया, बेडशीट, बर्तन सेट, वर वधु वस्त्र, श्रृंगार सामग्री इत्यादि देकर उनके मंगल भविष्य की कामना करते हुए विदाई किया।

**सभी जोड़ों को दिया आशीर्वाद :** इस पुनीत कार्य में सभी आए हुए अतिथियों ने सभी जोड़ों को आशीर्वाद दिया। तत्पश्चात रात्रि में भव्य भक्ति जागरण, झांकी एवं मुंबई से आए गायिका अर्चना गोस्वामी, एंकर चन्दन मिश्रा, एकता मालन सहित विभिन्न कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इस मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चैबे, संस्था की उषा कुमारी, राजेश कुमार सिन्हा, हासिबुल्लाह अंसारी, संजय सिंह, रितेश सिंह, अर्जुन माली, संस्था के प्रधान कार्यालय के पदाधिकारी, विभिन्न जिलों के सभी जिला प्रबंधक एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नगर परिषद ने 59 लोगों को भेजा नोटिस

## होल्डिंग टैक्स के लिए स्व घोषणा पत्र नहीं भरा था, आवासीय भवन एवं कई प्रतिष्ठान शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत कई संपत्तिधारियों द्वारा स्व-घोषणा पत्र नहीं भरा गया है। इसके लिए 59 लोगों को नोटिस भेजा गया है। उन्हें नगर परिषद द्वारा पूर्व में भी नोटिस निर्गत किया गया था। उसके बावजूद सम्पतिधारियों द्वारा स्व-घोषणा नहीं भरा गया है।

नगर पालिका अधिनियम के तहत आवासीय भवन पर 2000 रुपये और गैर-आवासीय पर 5000 रुपये जुमार्ना के साथ स्व घोषणा पत्र भरना पड़ेगा। क्योंकि स्व घोषणा पत्र भरने की अंतिम तिथि बहुत वर्ष पहले ही बीत चुका है। कम से कम 7-8 वर्षो से ऐसे हठी लोग संपत्ति कर नहीं दे रहे हैं और ना ही स्व-घोषणा पत्र भरकर जमा किया है।

जिन गृह स्वामियों के द्वारा घोषणा पत्र नही भरा गया है और सरकार के राजस्व क्षति कर रहे हैं। उसमें से आरवीएस स्कूल, गंगा क्लिनिक, माहुरी धर्मशाला, राणीसती धर्मशाला, पंजाबी धर्मशाला, भगवती ट्रस्ट, चोवा राम मोदी सेवा सदन, साहू धर्मशाला, प्रकाश होटल, फामेर्सी कॉलेज, प्रीतम कौर प्रितपाल सिंह, मधुसूदन दारुका, किरण चंद चैधरी, संजीव बर्णवाल, दशरथ मोदी, झामुमो नेता दीपक विश्वकर्मा, रविन्द्र शांडिल्य, शिव

**आवासीय भवन पर 2000 और गैर-आवासीय पर 5000 रुपये जुर्माने के साथ स्व घोषणा पत्र भरना पड़ेगा**

कुमार मोदी, दिप नारायण यादव, प्रकाश राणा, राम नारायण सिंह, संजय यादव, मनोज राम, भोला राम, मनोज चरण पहाड़ी, कल्याण चंद चैधरी एंड ब्रदर, पीर मोहम्मद एंड ब्रदर, जलील, बिनोद बजाज, प्रकाश चंद सराफ, श्यामलाल यादव, रेणु बजाज, जय प्रकाश नारायण, रघु यादव, कौशल्या देवी, बिंदा प्रसाद, श्याम लाल प्रसाद, सलजा प्रसाद, सुनीता देवी, रेखा सिन्हा, फिरोजा बेगम, खेमन यादव, भिखारी महतो, शंकर वर्मा, अनिता देवी, रजनी बाला, रविन्द्र कौर, राजेन्द्र सिंह, रतन लाल सेठी, रामचंद्र राम, चित्रा देवी, मंजूर आलम, मनोज कुमार, बालमुकुंद राम, रिचपाल अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, अनुराग कुमार, अर्पणा बोस, समेत अनेको गृह स्वामी है।

प्रशासक हर्षवर्धन ने बताया कि जिन लोगों के द्वारा स्व-घोषणा पत्र भर कर नहीं दिया है, उनलोगों पर झारखंड नगर पालिका अधिनियम 2011 की धारा 184 के अंतर्गत निम्नलिखित कार्रवाई किए जाने का प्रावधान है। इसमें कुर्की जब्ती के लिए वारंट निर्गत करना और देय कर की वसूली के लिए चल संपत्ति की बिक्री, देय कर की वसूली के लिए अचल संपत्ति की जप्ती एवं बिक्री, बकायादार के नाम, बैंक खाता तथा अन्य वित्तीय प्रपत्र चाहे एकल या संयुक्त रूप से धारित हो जब्त करने और वसूली करने हेतु वारंट निर्गत करने के साथ साथ देय कर की वसूली के लिए बॉडी वारंट निर्गत करने का प्रावधान है। उपर्युक्त प्रावधानों के तहत हठी सम्पतिधारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है और अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

# चतरा में 2 किलोग्राम अफीम के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** पुलिस को जिले में सक्रिय अफीम तस्करों के विरुद्ध एक बार फिर दोहरी सफलता हाथ लगी है। जहां एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा के नेतृत्व में गठित सदर थाना पुलिस की स्पेशल टीम ने थाना क्षेत्र के ऊंट मोड़ के समीप से वश वाहन में तस्करी की योजना बना रहे दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। जबकि इन तस्करों के सूचना पर चलाए गए वाहन चेकिंग अभियान के दौरान तीसरे तस्कर को भी पुलिस ने एक किलोग्राम अर्धगोला अफीम के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर ऊंटा निवासी निकु कुमार के घर में छापेमारी कर एक किलोग्राम अर्धगोला अफीम के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक माप तौल की मशीन और एक स्मार्ट फोन भी बरामद किया है। इसके साथ ही तस्करों की निशानदेही पर सदर थाना क्षेत्र के दारियातू गांव निवासी कुलेश्वर दांगी के के पास से अफीम बिक्री के 92 हजार रुपये नकद बरामद करने के साथ उसे भी गिरफ्तार किया है। प्रेस कांफ्रेंस कर मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों से पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा के लिए जेल भेज दिया गया है।

## भाकपा माले जिला कमिटी की बैठक संपन्न

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** भाकपा माले जिला कमिटी की बैठक झुमरीतिलैया पार्टी कार्यालय में बुधवार को संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला सचिव राजेंद्र मेहता ने किया। बैठक में ताजा राजनीतिक हालात पर चर्चा करते हुए जिला प्रभारी भुवनेश्वर केवट ने कहा कि पांच राज्यों के चुनाव परिणाम प्रगतिशील और धर्म निरपेक्ष ताकतों के लिए निराशाजनक है। बुनियादी मुद्दों के बजाए फर्जी बहसों पर उलझा कर जीत हासिल की गई है। विकसित भारत का संकल्प यात्रा मोदी सरकार द्वारा 10 वर्षो के बाद शुरू करना अपनी नाकामियों को उजागर करना है। वहीं राजेन्द्र मेहता ने कहा कि माले कोडरमा जिला में दबे कुचले कमजोर गरीबों की आवाज बनेगी। माईका और प्रवासी मजदूरों को राज्य के भीतर रोजगार की गारंटी हो इस बात पर संघर्ष तेज किया जाएगा। बैठक में 18 दिसंबर को सभी प्रखंडों में कार्यकर्ता जीबी बैठक अयोजित करने, 16 जनवरी को महेन्द्र सिंह की शहादात दिवस मनाने और 22 जनवरी को संकल्प सभा करने का

# कोडरमा के वार्ड नंबर 10 में लगाया गया शिविर

## आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय, हरीसभा वार्ड नंबर 10 में शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में अंचल कार्यालय कोडरमा से संबंधित मामले, विधवा पेंशन, सर्वजन पेंशन योजना, राशन कार्ड बनवाने, राशन कार्ड में नाम जोड़ने एवं सुधार के लिए, स्वास्थ्य विभाग के द्वारा स्वास्थ्य जांच, आयुष्मान कार्ड, नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत मुख्यमंत्री श्रमिक योजना का आवेदन एवं नगर पंचायत कोडरमा से संबंधित मामले आदि के लिए शिविर में वार्ड वासियों को जानकारी दी गई तथा योजना के लाभ से जोड़ा गया।

शिविर में नगर पंचायत कोडरमा के प्रशासक शशि शेखर सुमन के द्वारा निर्धन गरीब बुजुर्ग को कम्बल वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के 4 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में सभी वार्ड वासियों को सरकार के विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है, यह कार्यक्रम लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगा। मौके पर संजीत कुमार साहु, अनिल कुमार, अरुण दास, मनोज कुमार झा, संजीव राजहंस, नीलम तिग्गा, विनोद कुमार, रीता देवी, प्रतिमा देवी, नीलम कुमारी, पवन कुमार आदि लोग मौजूद थे।

# जेआरडी स्पोर्टस कंपलेक्स में टाटा व चेन्नई में भिड़ंत आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर एफसी 7 दिसम्बर, गुरुवार को अपने घरेलू मैदान जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन सुपर लीग (2023-24) में अपने आगामी मैच में चेन्नइयन एफसी की मेजबानी करेगी। आईएसएल में हर मुकाबले की अपनी एक अनूठी कहानी होती है, और यह भी अलग नहीं है। रेड माइनर्स उस कोच का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं जो उन्हें भारतीय फुटबॉल के उच्चतम शिखर पर ले गया। ओवेन कॉयल अब मरीना मचान्स के हेड कोच हैं, लेकिन उन्होंने जमशेदपुर एफसी को 2021-22 में आईएसएल लीग विनर्स शील्ड जीतने में मदद की थी। स्कॉटिश कोच की शानदार क्षमता का सच्चा प्रमाण यह है कि उन्होंने एक हल्की सी टीम का उत्थान करके उसे अंक तालिका के शीर्ष पर पहुंचाया था और मजबूत टीम मुम्बई सिटी एफसी को पछाड़कर प्रतिष्ठित शील्ड को पुनः प्राप्त करने में मदद की थी। शायद उच्च स्तर पर समाप्त करने में विश्वास रखने वाले, कॉयल ने अपने मूल स्थान क्वींस पार्क एफसी में जमशेदपुर एफसी छोड़ दिया, जहां उन्होंने एक साल के कार्यकाल पूरा किया। उसके बाद उन्होंने चेन्नइयन एफसी के रूप में एक नई चुनौती स्वीकार की, जिसके साथ जुड़ने के लिए वह 2019 में पहली बार भारत आए थे। जमशेदपुर एफसी सबसे गर्मजोशी से भरे प्रशंसकों के साथ शानदार मेजबानी करने के लिए जाना जाता है और कॉयल को उम्मीद होगी कि वे खुली बांहों से उनका स्वागत करेंगे। हालांकि, फैंस अपनी फुटबॉल के प्रति समान रूप से भावुक हैं, और इस कारण स्कॉट कूपर पर महत्वपूर्ण तीन अंक अपनी झोली में डालने का दबाव होगा। कूपर बार-बार इस बात पर जोर देते रहे हैं कि अंक तालिका यह नहीं बताती है कि इस समय सीजन में टीमें वास्तव में कहां खड़ी हैं। हालांकि, उनके दिमाग में यह बात जरूर चल रही होगी कि उनकी टीम को कहीं अधिक बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है, जितना वो इस समय कर रही है। ऐसा नहीं है कि वे अपेक्षित प्रयास करने में असफल हो रहे हैं। यहां सिर्फ दिक्कत यह है कि सभी बक्सों पर एक साथ टिक नहीं किया जा रहा है। मैदान पर सकारात्मक परिणाम हासिल करने के लिए कई विभागों को मिलकर एकजुट प्रयास करने की जरूरत है।




**इनकी प्रतिष्ठा दाव पर -जमशेदपुर एफसी :** रेड माइनर्स अपने पिछले दो मैचों में एक बार भी गेंद को गोलजाल में उलझा नहीं सके हैं। इस कारण जमशेदपुर एफसी को स्पष्ट रूप से पता है कि उनकी समस्या कहां है। उन्होंने आठ मैचों में चार बार गोल किया है, और उनकी अग्रिम पंक्ति में अंतिम टच देने में विफल रही है क्योंकि ओडिशा एफसी के खिलाफ अपने आखिरी मैच में 20 शॉट लगाने के बावजूद वे गोल करने में विफल रहे। ऐसा लगता है कि जमशेदपुर एफसी प्रभावशाली आक्रामक प्रतिभा से वंचित नहीं है। एलेन स्टेवानोविक, री ताचिकावा और डेनियल चीमा चुक्वू के साथ-साथ सेमिनलेन डोंगेल जैसी भारतीय प्रतिभाओं ने अब तक अपनी क्षमताओं की झलक मात्र दिखाई है। हालांकि, जिस चीज ने टीम को परेशान किया है। वो है एक इकाई के रूप में एक साथ खेलने में विफल रहना और विपक्षी टीम पर लंबे समय तक दबाव बनाए रखने में असमर्थ है।

## एयरपोर्ट पर सीएम का गर्मजोशी से स्वागत

जमशेदपुर। बुधवार को एयरपोर्ट पर मुख्यमंत्री का स्वागत जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव विजय खान, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव राकेश तिवारी ने गुलदस्ता देकर भेंट कर किया। मुख्यमंत्री जी ने सभी कांग्रेस जनो के प्रति अपना आभार कट किया।



## बारिश से चांडिल में धान की फसलों को भारी क्षति

जमशेदपुर। लगातार रुक रुक कर हो रही बेमौसम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। चांडिल एवं आस पास के क्षेत्रों में मंगलवार रात से शुरू हुई बेमौसम बारिश से सबसे ज्यादा धान की फसलों को नुक्सान हो रही है। बुधवार को भी सुबह से पुरे इलाके में झमाझम बारिश से लोगों का घरों से निकलना मुश्किल हो गया। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों ओर रोज कमाने खानें वाले लोगों को हों रहीं हैं। धान की फसलें अभी किसान घर भी नहीं घुसा सकें है। किसानों ने अभी घान की फसलों को काट कर खलिहान में रखा है। कई किसानों ने तो अभी अपनी फसलों को काट कर खेत से इस बेमौसम बारिश के कारण घर भी नहीं लें जा सका है। खेत में पानी जम जाने के कारण कटी हुई धान खेतों में ही सड़ रहे है।

## बाबा साहेब की पुण्यतिथि पर 47 यूनिट रक्तदान



जमशेदपुर। बोधिसत्व बाबासाहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस 6 दिसम्बर के अवसर पर रविदास समाज पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर के द्वारा जमशेदपुर ब्लड बैंक बिस्टुपुर में एक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन माननीय अभिषेक मुखी मैनेजर टाटा स्टील फाऊंडेशन ने किया। सबसे पहले संविधान की उद्देशिका को पढ़ा गया। मुख्य अतिथि अभिषेक मुखी ने कहा कि बाबासाहेब की कठिन मेहनत का परिणाम है कि समाज को बुध्द और उनका धम्म तथा देश को भारत का संविधान मिला। राष्ट्र निर्माण में संविधान महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा यदि सम्पूर्ण रूप से लागू किया जाय। रक्तदान समाज कल्याण के साथ-साथ आपस में भाईचारा बढ़ाता है। इसकी तारीफ करनी चाहिए। समाज को अपने तरफ से हर संभव मदद देने का आश्वासन दिये। हरिबालक प्रसाद,सरयू रविदास भी कार्यक्रम को और आगे ले जाने का विश्वास दिलाया। शिविर में 47 यूनिट रक्त संग्रह हुआ।

## सदर अस्पताल के मरीजों में बांटा फल

जमशेदपु। बुधवार को युवा क्रांति मंच के द्वारा भारतीय संविधान के प्रमुख शिल्पकार, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर जमशेदपुर के सदर अस्पताल मे 70 मरीज जो इलाजरत है उनके बीच फल वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ति, युवा क्रांति मंच के अध्यक्ष सौरव राहुल सिंह ,अजय सिंह, सुमित यादव, अवनीश सिंह, सुबास पाणिग्रही, आनंद सिंह, विशाल दास, जीतू दास आदि मौजुद थे।

## मृतक के परिजनो को सौंपा मुआवजा का चेक

चांडिल। खरसावां में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वारा कार्यक्रम के दौरान बुधवार को विधायक सविता महतो के हाथों चांडिल प्रखंड के गांगुडीह पुनर्वास स्थल निवासी पांन्तु गोप के हाथो चार लाख रुपये मुआवजा राशि का चेक सौंपा। इस दौरान विधायक सविता महतो ने कहा राज्य सरकार द्वारा हाथी द्वारा मृतक के परिजनों को मुआवजा के तौर पर चार लाख रुपये का चेक सौपा गया। इस अवसर पर जिले के उपयुक्त रवि शंकर शुक्ला, एसपी डॉ विमल कुमार, डीएफओ आदित्य नारायण, रेंजर शशि प्रकाश रंजन, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो आदि उपस्थित थे।

## चतरा डीसी ने वेयर हाउस का किया निरीक्षण

**चतरा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अबु इमरान ने आज निर्वाचन कार्यालय स्थित वेयर हाउस का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने भारत निर्वाचन आयोग के तय मानकों के आधार पर वेयर हाउस में सुरक्षा व्यवस्था समेत अन्य का जायजा लिया। उपायुक्त ने सीसीटीवी समेत अन्य सुरक्षा मानकों का जांच किया। जांच में सीसीटीवी समेत अन्य क्रियान्वित पाए गए।
इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से उप निर्वाचन पदाधिकारी अरुण एक्का समेत अन्य कार्यालय कर्मी उपस्थित थे।

## लंबित वादों का ससमय निपटारा करें : अपर समाहर्ता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल की अध्यक्षता में उच्च न्यायालय, मानवाधिकार और लोकायुक्त से संबंधित मामले में लंबित वादों की समीक्षा बैठक की गई। बैठक में उच्च न्यायालय झारखंड में जिले के वादों को ससमय निबटारा के लिए अपर समाहर्त्ता ने लंबित वादों की विभागवार व अंचलवार समीक्षा की। अपर समाहर्ता ने कहा कि उच्च न्यायालय के मामलों को प्राथमिकता देते हुए निष्पादन किया जाये। न्यायालय के लंबित मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाएगी। उन्होंने गंभीर और जटिल मामलों को अविलंब निष्पादित करने की बात कही। बैठक में डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अविनाश कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी इंदर कुमार आदि उपस्थित थे।

## चतरा जेल में डीसी-एसपी ने की छापेमारी

**चतरा।** धनबाद मंडल जेल में गोलीबारी के बाद मंगलवार को डीसी अबू इमरान और एसपी राकेश रंजन ने चतरा जेल में छापेमारी की। छापेमारी करीब ढाई घंटे तक चली। इस दौरान जिला प्रशासन की टीम ने जेल के अस्पताल, कैंटीन,बैरक और अन्य जगहों का निरीक्षण किया। एसपी ने बताया कि जेल से कुछ भी अति गंभीर सामग्री नहीं मिली है। बता दें कि धनबाद में हुई घटना को देखते हुए राज्य के सभी कारागारों को अलर्ट मोड पर रहने का आदेश दिया गया है ताकि इस प्रकार की घटना को रोका जा सके।

## संविधान के निर्माण में बाबा साहेब का महत्वपूर्ण योगदान : मंत्री

**गढ़वा।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने शहर के सहिजना मोड़ स्थित बाबा साहब अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर का इस देश के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। देश संचालन के लिए संविधान के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान है।

## टीम इंडिया, दक्षिण अफ्रीका दौरे पर रवाना, पहला टी-20 मैच 10 को



एजेंसी

**बेंगलुरु।** भारतीय क्रिकेट टीम दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए देर रात बेंगलुरु से रवाना हुई। रुतुराज गायकवाड़, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जयसवाल, मुख्य कोच राहुल द्रविड़, मोहम्मद सिराज सहित अन्य लोग दौरे के लिए केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, बेंगलुरु से रवाना हुए। दक्षिण अफ्रीका का सभी प्रारूपों का दौरा 10 दिसंबर से तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के साथ शुरू होगा जो 14 दिसंबर तक चलेगा। 17 दिसंबर से, सफेद गेंद श्रृंखला का एकदिवसीय चरण शुरू होगा जो 21 दिसंबर को समाप्त होगा। कप्तान रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह जैसे सीनियर खिलाड़ी सफेद गेंद श्रृंखला में नहीं खेलेंगे।। सूर्यकुमार यादव टी-20 टीम का नेतृत्व करेंगे जबकि केएल राहुल वनडे टीम की कप्तानी करेंगे। रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, साई सुदर्शन और रजत पाटीदार जैसे युवाओं को वनडे टीम के लिए कॉल-अप मिला है। सीनियर खिलाड़ी दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए वापसी करेंगे, पहला टेस्ट 26 दिसंबर से सेंचुरियन में और दूसरा टेस्ट अगले साल 3 जनवरी से केपटाउन में होगा।

# आइसीसी रैंकिंग के तीनों फॉर्मेट में भारत नंबर वन

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय टीम भले ही एक दशक से कोई आइसीसी ट्रॉफी नहीं जीती है, लेकिन टीम इंडिया के खिलाड़ी लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल में भी टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा, लेकिन सभी क्रिकेट पंडितों का मानना है कि डेढ़ महीने तक चले इस टूनार्मेंट में फाइनल को छोड़कर हर मुकाबले में टीम इंडिया चैंपियन की तरह खेली। भारतीय खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन का असर आइसीसी रैंकिंग में भी दिख रहा है। आइसीसी की 12 अलग-अलग रैंकिंग में भारतीय टीम या भारतीय खिलाड़ियों ने आठ रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है। भारतीय टीम तीनों फॉर्मेट में आइसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर बनी हुई है। वहीं, भारत के पांच खिलाड़ी आइसीसी की अलग-अलग रैंकिंग में शीर्ष पर हैं।




### टी20 रैंकिंग

टी20 में भारतीय टीम 16,137 अंक के साथ शीर्ष पर बनी हुई है, जबकि दूसरे स्थान पर मौजूद इंग्लैंड के पास 11,133 अंक हैं। वहीं, भारत के सूर्यकुमार यादव टी20 में नंबर एक बल्लेबाज हैं और रवि बिश्नोई गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर हैं। बल्लेबाजों में ऋतुराज गायकवाड़ भी सातवें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में हार्दिक पांड्या तीसरे स्थान पर हैं।

### वनडे रैंकिंग

वनडे में भारतीय टीम 6,640 अंक के साथ शीर्ष पर है। दूसरे स्थान पर मौजूद ऑस्ट्रेलिया के पास 4,926 अंक हैं। ऐसे में यहां भी भारत का लंबे समय तक शीर्ष में रहना तय है। खिलाड़ियों की बात करें को बल्लेबाजों में शुभमन गिल शीर्ष पर हैं। विराट कोहली तीसरे और रोहित शर्मा चौथे स्थान पर हैं। गेंदबाजों में मोहम्मह सिराज तीसरे, जसप्रीत बुमराह चौथे, कुलदीप यादव छठे और मोहम्मद शमी 10वें स्थान पर हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा 10वें स्थान पर हैं।

### टेस्ट रैंकिंग

टेस्ट में भी भारतीय टीम शीर्ष पर बनी हुई है। भारत के पास 3,434 अंक हैं, जबकि ऑस्ट्रेलिया 3,534 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दोनों टीमों की रेटिंग 118 है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की तुलना में एक मैच ज्यादा खेला है। इस वजह से यह टीम दूसरे स्थान पर है। अब ऑस्ट्रेलिया के पास पाकिस्तान को हराकर शीर्ष पर आने का मौका रहेगा। वहीं, भारत के लिए दक्षिण अफ्रीका के दौरे में अच्छा प्रदर्शन करना मुश्किल होगा। खिलाड़ियों की बात करें तो भारतीय कप्तान रोहित शर्मा बल्लेबाजों की रैंकिंग में 10वें नंबर पर हैं। गेंदबाजों में रविचंद्रन अश्विन शीर्ष पर बने हुए हैं। रवींद्र जडेजा तीसरे स्थान पर हैं। ऑलराउंडर रैंकिंग में रवींद्र जडेजा पहले और रविचंद्रन अश्विन दूसरे स्थान पर हैं। अक्षर पटेल भी पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। कुल मिलाकर भारत के 18 खिलाड़ी आइसीसी रैंकिंग में शीर्ष 10 में बने हुए हैं। इनमें से पांच खिलाड़ी शीर्ष स्थान पर हैं। वहीं, भारतीय टीम तीनों फॉर्मेट में शीर्ष पर बनी हुई है।

| आइसीसी रैंकिंग में शीर्ष पर मौजूद खिलाड़ी |
|---|
| सूर्यकुमार यादव- टी20, बल्लेबाज |
| रवि बिश्नोई- टी20, गेंदबाज |
| शुभमन गिल- वनडे, बल्लेबाज |
| रविचंद्रन अश्विन- टेस्ट, गेंदबाज |
| रवींद्र जडेजा- टेस्ट, ऑलराउंडर |

## चेन्नै की बाढ़ में फंसे अश्विन, इलाके में 30 घंटे से बिजली नहीं, सबकुछ बर्बाद हो गया

एजेंसी

**चेन्नई।** भारत के अनुभवी स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने चक्रवाती तूफान 'मिगजॉम' के कारण चेन्नै के लोगों की बदहाली का जिक्र करते हुए कहा कि उनके अपने इलाके में पिछले 30 घंटे से अधिक समय से बिजली गुल है। तमिलनाडु और आसपास के इलाकों में में 'मिगजॉम' तूफान ने तबाही मचाई हुई है। चेन्नै में मंगलवार को बारिश रूक गई, लेकिन जगह जगह काफी पानी जमा है, बिजली कटी हुई है और मोबाइल नेटवर्क नहीं आ रहा। अश्विन ने 'एक्स पर लिखा, 'मेरे इलाके में भी 30 घंटे से अधिक समय से बिजली नहीं है। यही



हालत अधिकांश इलाकों की है । पता नहीं क्या विकल्प बचा है। चेन्नै के रहने वाले अश्विन लगातार शहर की तस्वीरें और वीडियो क्लिप पोस्ट कर रहे हैं। हालांकि, शहर को बड़े पैमाने पर जल जमाव, बिजली कटौती और मोबाइल नेटवर्क में व्यवधान का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि बाकी 30 फीसदी बिजली आपूर्ति बाधित होने की वजह से संचार सेवाएं नहीं प्रदान कर रहे हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि राज्य सरकार दूरसंचार सेवाएं बहाल किए जाने की निगरानी के लिए नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करेगी। उन्होंने कहा कि चेन्नै में बुधवार को भी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। शहर में बारिश से प्रभावित इलाकों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पल्लीकरनई, मडिपक्कम और पेरुंगुडी सर्वाधिक प्रभावित हुए हैं। इस बीच, दक्षिणी रेलवे ने एक बयान जारी कर कहा है कि वह बुधवार तक रेलगाड़ियों का परिचालन पूरी तरह से बहाल करने के लिए लगातार कोशिश कर रही है।

## इंग्लैंड ने भारत को 38 रनों से हराया

एजेंसी

**मुंबई।** पहले टी20 में इंग्लैंड ने भारत को 38 रन से हराया, शेफाली वर्मा का अर्धशतक बेकार। भारत और इंग्लैंड के बीच तीन टी20 मैच की सीरीज के पहले मुकाबले में भारत को 38 रन से हार झेलनी पड़ी है। इंग्लैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए छह विकेट खोकर 197 रन बनाए थे। इसके जवाब में टीम इंडिया छह विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड की टीम तीन टी20 मैच की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। इस मैच में इंग्लैंड के लिए नेट शिवर ने 77 रन बनाए और डेनियल यॉट ने भी 75 रन का योगदान दिया। गेंद के साथ सोफी एक्लेस्टन ने तीन विकेट लिए। भारत के लिए शेफाली वर्मा ने 52 और हरमनप्रीत कौर ने 26 रन बनाए। गेंद के साथ रेणुका सिंह ने तीन और श्रेयांका पाटिल ने दो विकेट लिए।




इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 77 रन नेट शिवर ने बनाए। डेनियल यॉट ने भी 75 रन का योगदान दिया। अंत में एमी जोन्स ने नौ गेंद में 23 रन बनाए। भारत के लिए रेणुका सिंह ने तीन विकेट लिए। श्रेयांका पाटिल को दो और साइका इशाक को एक विकेट मिला। इस मैच में टीम इंडिया ने शानदार शुरूआत की थी। रेणुका सिंह ने पहले ओवर में ही लगातार दो विकेट लेकर इंग्लैंड को बैकफुट में ढकेल दिया। इसके बाद शिवर-यॉट ने शतकीय साझेदारी कर इंग्लैंड की वापसी कराई।


## टेनिस : पूर्व चैंपियन कैरोलिन वोज्नियाकी को मिला ऑस्ट्रेलियन ओपन में वाइल्डकार्ड

**मेलबर्न।** पूर्व विश्व नंबर 1 और 2018 चैंपियन डेनमार्क की कैरोलिन वोज्नियाकी को छह ऑस्ट्रेलियाई प्रतिभाओं के साथ ऑस्ट्रेलियन ओपन 2024 के लिए मुख्य ड्रॉ वाइल्डकार्ड दिया गया है। वोज्नियाकी, जिन्होंने 2018 में मेलबर्न पार्क में यह खिताब जीता था, साल के पहले ग्रैंड स्लैम आयोजन के लिए वाइल्डकार्ड प्राप्तकर्ता के रूप में घोषित सात खिलाड़ियों में से एक थी। अन्य छह प्रतिभाशाली ऑस्ट्रेलियाई किम्बर्ली बिरेल, ओलिविया गैडेकी, तायला प्रेस्टन, जेम्स डकवर्थ, मार्क पोलमैन्स और एडम वाल्टन हैं।2018 चैंपियन वोज्नियाकी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के आधिकारिक पॉडकास्ट पर 4 साल में पहली बार ऑस्ट्रेलिया लौटने के अपने उत्साह का खुलासा किया। 2 बच्चों की 33 वर्षीय मां ने कहा है कि मेरे पास मेलबर्न की बहुत सारी अद्भुत यादें हैं और निश्चित रूप से ऑस्ट्रेलियन ओपन जीतना करियर का सर्वकालिक आकर्षण है। वोज्नियाकी ने ऑस्ट्रेलियन ओपन 2020 में संन्यास ले लिया था। साढ़े 3 साल दूर रहने के बाद वोज्नियाकी ने अगस्त 2023 में टेनिस में रोमांचक वापसी की।

## पाकिस्तान क्रिकेट टीम का कोच बनने को तैयार हैं अजय जडेजा

**नयी दिल्ली।** अजय जडेजा ने एक सवाल के जवाब में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कोच बनने में दिलचस्पी दिखाई। दरअसल, हाल ही में भारत के पूर्व कप्तान अजय जडेजा से पाकिस्तान में कोचिंग की भूमिका निभाने के बारे में पूछा गया। अफगानिस्तान की तुलना पाकिस्तानी टीम से करने से पहले जडेजा ने मजाक में कहा, मैं तैयार हूं। मैंने अफगानों के साथ अपनी सीख साझा की और मेरा मानना है कि पाकिस्तान भी कभी अफगानिस्तान जैसी ही टीम थी। इस बातचीत के दौरान अजय जडेजा ने निडरता से अपनी बात रखी। भारतीय टीम में चार-चार कप्तानों के लॉजिक को भी समझ से परे बताया। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खत्म हुई टी-20 सीरीज के शुरूआती दो मैच के बाद ईशान किशन को आराम देने का भी उन्होंने विरोध किया। 1999 के अंत और साल 2000 के शुरूआती दौर अजय जडेजा का नाम मोहम्मद अजहरुद्दीन के साथ मैच फिक्सिंग केस में फंसा।

## ढाका में पहले दिन स्पिनर्स का कहर 196 रन देकर झटके 15 में से 13 विकेट




एजेंसी

**मीरपुर।** ढाका में बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मुकाबले में स्पिनर्स कहर बरपा रहे हैं। पहले दिन दोनों ही टीमों के बल्लेबाजों को स्पिनर्स का सामना करने में मुश्किल हुई। गेंद काफी टर्न हो रही थी जिससे बल्लेबाज सहज नजर नहीं आ रहे थे। नतीजा यह रहा कि पहले दिन 15 विकेट गिरे जिसमें से 13 स्पिनर्स के खाते में आए।

### 172 रन के स्कोर पर ऑलआउट हुआ बांग्लादेश

बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। 66.2 ओवर में टीम 172 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कीवी स्पिनर्स मिचेल सैंटनर, एजाज पटेल ने तीन-तीन और और ग्लेन फिलिप्स ने दो विकेट झटके। वहीं तेज गेंदबाजों के खाते में केवल एक विकेट आया जो कि कप्तान टिम सउदी ने लिया। बांग्लादेश की ओर से मुशिफकुर रहीम ने 35 और शहादत हुसैन ने 31 रन बनाए।

### बांग्लादेशी स्पिनर्स का कमाल

न्यूजीलैंड के बाद फैंस को बांग्लादेशी स्पिनर्स का कमाल भी देखने को मिला। कीवी बल्लेबाजों ने पहले दिन 55 रन बनाये लेकिन पांच विकेट भी खो दिये। यह पांचों विकेट स्पिनर्स के हाथों में आए। मेहदी हसन मिराज ने डेवन कॉनवे, केन विलियमसन और टॉम बलंडेल को आउट किया। वहीं ताइजुल इस्लाम ने हेनरी निकोलस और टॉम लाथम को अपना शिकार बनाया। खराब रोशनी के कारण पहले दिन का जल्दी खत्म हो गया। दिन के 80 ओवर का कोटा भी पूरा नहीं हो सका। दूसरे दिन का खेल जल्दी शुरू होगा। हालांकि ढाका में गुरुवार को बारिश के आसार हैं ऐसे में पूरे दिन के खेल होने की संभावना कम ही है। बांग्लादेश के पास फिलहाल मौका है कि वह पहली बार न्यूजीलैंड को टेस्ट सीरीज में मात दे।

### मुशिफकुर रहीम के नाम जुड़ा शर्मनाक रिकॉर्ड

**मीरपुर।** विकेटकीपर बल्लेबाज मुशिफकुर रहीम क्षेत्ररक्षण में बाधा पहुंचाने के कारण आउट होने वाले बांग्लादेश के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। शेर-ए-बांग्ला नेशनल स्टेडियम में बंगलादेश और न्यूजीलैंड के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के पहले दिन के 41वें ओवर के दौरान काइल जेमीसन की गेंद को बल्ले से खेलने के बाद मुशिफकुर ने अपने दाहिने हाथ से रोका। इसके बाद न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों ने अपील की और टीवी अंपायर अहसान रजा ने मुशिफकुर को आउट करार दिया। पहले ऐसे आउट होने को 'हैंडल्ड द बॉल' की श्रेणी में रखा जाता था। लेकिन 2017 में आइसीसी के नियमों में हुए परिवर्तन के बाद इसे 'ऑब्स्ट्रक्ट द फील्ड' या 'फील्डिंग में बाधा' की श्रेणी में ही रखा जाने लगा। इससे पहले 29वें ओवर के दौरान भी मुशिफकुर ने गेंद को हाथ से मारने का प्रयास किया था, लेकिन तब वह बीट हो गए थे।

## हार्दिक पांड्या क्रिकेट से 18 सप्ताह रहेंगे दूर, सीधा आइपीएल में लेंगे एंट्री

**नयी दिल्ली।** टी20 विश्व कप 2024 भले ही छह महीने दूर है लेकिन बीसीसीआइ ने अभी से संभावित कप्तान हार्दिक पांड्या की फिटनेस पर काम शुरू कर दिया है। क्रिकेट विश्व कप 2023 में जब हार्दिक को चोट लगी तो दक्षिण अफ्रीका दौरे पर बीसीसीआइ ने रोहित शर्मा से सफेद गेंद फॉर्मेट की कप्तानी संभालने को कहा था। लेकिन बात न बनने पर आखिरकार बीसीसीआइ ने टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए अभी से हार्दिक पांड्या पर फोक्स करना शुरू कर दिया है। हार्दिक पहले से चोटों से परेशान रहे हैं ऐसे में बीसीसीआइ विशेष रूप से ऑलराऊंडर के लिए 18-सप्ताह का उच्च-प्रदर्शन कार्यक्रम पर काम कर रही है। एनसीए द्वारा तैयार किए गए कार्यक्रम में हार्दिक कार्डियो, शक्ति प्रशिक्षण, कार्यात्मक प्रशिक्षण और महत्वपूर्ण रूप से पर्याप्त आराम जैसे विभिन्न पहलुओं से होकर गुजरेंगे।

## 'कैप्टन साहब' शुबमन गिल ने राशिद खान से की मुलाकात, गुजरात टाइटंस ने दी प्रतिक्रिया

**नयी दिल्ली।** भारत के बल्लेबाज शुबमन गिल ने ब्रिटेन में अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान से मुलाकात की और वह अपने गुजरात टाइटंस (जीटी) टीम के साथी को देखकर बहुत रोमांचित हुए और उन्होंने सोशल मीडिया पर एक दिल छू लेने वाली पोस्ट साझा की। अफगान के सनसनी ने गिल के साथ एक तस्वीर खिंचवाई जिन्होंने हाल ही में हार्दिक पांड्या की मुंबई इंडियंस में आश्चर्यजनक वापसी के बाद आइपीएल 2024 के लिए गुजरात टाइटन्स का नया कप्तान नामित किया था। राशिद ने सोशल मीडिया पर तस्वीर शेयर करते हुए लिखा, 'कप्तान साहब द्वारा रोकने के लिए धन्यवाद।' राशिद की पोस्ट पर माइकल वॉन और टाइटन्स दोनों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रियाएं आईं और दोनों दिग्गज खिलाड़ियों की मुलाकात देखकर खुश हुए। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने कहा, 'मुझे यह पसंद है।' दूसरी ओर टाइटन्स ने लिखा, 'नजर ना लगे'।

## अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकता हूं : डुप्लेसी

**अबु** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने कहा कि टी-20 विश्वकप से पहले वह एक बार फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर सकते हैं और उन्होंने टीम के रॉब वाल्टर के साथ इस संदर्भ में बात की हैं। डुप्लेसी ने अबू धाबी टी-10 लीग में कहा, मुझे ऐसा लगता है कि मैं अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में फिर से वापसी कर सकता हूं।

## आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स, सैल्यूट, मार्कंडेश्वर और नामधारी इलेवन अपने मुकाबले जीते

**नयी दिल्ली।** पहली हॉकी इंडिया जूनियर और सब जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप 2023 के चौथे दिन (जोन ए) में सब जूनियर वर्ग में एचएआर हॉकी अकादमी और घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी ने अपने मुकाबले जीते तथा जूनियर वर्ग में आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स कंपनी, सैल्यूट हॉकी अकादमी, मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी और नामधारी इलेवन ने अपने-अपने मैच जीत दर्ज की।

## गुवाहाटी मास्टर्स 2023 बैडमिंटन में समीर वर्मा, आकर्षि कश्यप प्री-क्वार्टर फाइनल में

**गुवाहाटी।** समीर वर्मा पुरुष एकल के 32वें राउंड में तीसरी वरीयता प्राप्त किरण जॉर्ज को हराकर और महिला एकल में पांचवीं वरीयता प्राप्त आकर्षी कश्यप ने शुल्ज को हराते हुए बुधवार को गुवाहाटी मास्टर्स 2023 बैडमिंटन टूनार्मेंट के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुंच गये है। बुधवार को यहां अनुभवी समीर वर्मा ने 32 मिनट तक चले दूसरे दौर के मुकाबले में साथी भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किरण के खिलाफ दबदबा बनाते हुए 21-13, 21-13 से जीत हासिल की। वर्मा शुरूआती गेम में किरण से 1-5 से पीछे थे, लेकिन उन्होंने पहले गेम में वापसी करते हुए स्कोर 10-10 से बराबर कर लिया। दूसरे गेम में समीर ने 8-3 की बढ़त बनाई।

## होप्स पर टिकी है दिल्ली की होप

**नयी दिल्ली।** देर से ही सही दिल्ली की फुटबॉल का ग्राफ दिन-पर-दिन और मैच-दर-मैच ऊपर चढ़ रहा है। सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करने वाले दिल्ली के पुरुष खिलाड़ियों के बाद अब महिला खिलाड़ी भी तेजी से आगे बढ़ रही हैं, जिसका बड़ा प्रमाण है 'होप्स' फुटबॉल क्लब। 'होप्स' क्लब ने 2022-23 की दिल्ली महिला प्रीमियर लीग का खिताब जीतकर बड़ी पहचान बनाई थी। होप्स देश के शीर्ष आठ महिला क्लबों में शामिल है, जिसे इंडियन वुमन लीग (आइडब्लूएल) में खेलने का सम्मान मिला है। साल 2023-24 की आईडब्लूएल के लिए होप्स ने दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर स्टेडियम को अपना होम ग्राउंड बनाया है। नौ दिसंबर को खेले जाने वाले पहले मैच में होप्स को कर्नाटक के किक स्टार्ट क्लब से खेलना है, जिसके लिए क्लब के अध्यक्ष संजय यादव और कप्तान अनुष्का सैमुअल आशावान हैं।

## कोलंबियाई मिडफील्डर क्विंटेरो की नजरें कोपा अमेरिका पर

एजेंसी




**ब्यूनस आयर्स।** जुआन फर्नांडो क्विंटेरो को उम्मीद है कि रेसिंग क्लब के साथ उनका प्रभावशाली फॉर्म उन्हें संयुक्त राज्य अमेरिका में अगले साल होने वाले कोपा अमेरिका से पहले कोलंबिया की टीम में वापसी दिला देगा। सितंबर में विश्व कप क्वालीफायर में चिली के साथ गोल रहित ड्रॉ के बाद से क्विंटेरो ने कोलंबिया के लिए नहीं खेला है। हालांकि इसके बाद 30 वर्षीय खिलाड़ी ने फॉर्म में गिरावट पर काबू पा लिया है और 20 जून से 14 जुलाई तक खेले जाने वाले अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के सबसे पुराने महाद्वीपीय टूनार्मेंट के लिए मैनेजर नेस्टर लोरेंजो की योजनाओं में शामिल होने की उम्मीद कर रहे हैं। क्विंटेरो ने कहा, मैं जहां भी संभव हो मदद करने के लिए हमेशा तैयार हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व कर सकूंगा और टीम के लिए महत्वपूर्ण बन सकूंगा। क्विंटेरो ने लोरेंजो की जमकर प्रशंसा की, जिन्होंने कतर में 2022 फीफा विश्व कप के लिए टीम के क्वालीफाई करने में विफलता के बाद पिछले साल जून में रेनाल्डो रुएडा की जगह ली थी। कोच ने कोलंबिया को अपने पहले छह क्वालीफायर में तीन जीत और तीन ड्रॉ दिलाए हैं और वे 10-टीम दक्षिण अमेरिकी समूह में तीसरे स्थान पर हैं। क्विंटरो ने कहा, मैं अपने कोच नेस्टर लोरेंजो से बहुत खुश हूं। मैं उन्हें कई सालों से जानता हूं. वह एक ऐसे व्यक्ति हैं जो कोलंबियाई फुटबॉल के बारे में बहुत कुछ जानते हैं, वह खिलाड़ियों के बहुत करीब हैं और यह परिणामों में परिलक्षित होता है।

## वर्ष 2027 तक स्पेनिश लीग ला लीगा के अध्यक्ष बने रहेंगे जेवियर टेवास

एजेंसी

**मैड्रिड।** नेशनल प्रोफेशनल फुटबॉल लीग (ला लीगा) के चुनाव आयोग ने जेवियर टेवास मेड्रानो के स्पेनिश लीग (ला लीगा) के अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति की पुष्टि की। टेवास इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार थे, जिसे उन्होंने पहली बार 2013 में संभाला था। वह 2027 तक लीग के अध्यक्ष बने रहेंगे। लीग ने कहा कि 14 दिसंबर को टेवास की आधिकारिक तौर पर अध्यक्ष के रूप में पुष्टि की जाएगी। हालाँकि, यदि चुनाव आयोग के प्रस्तावों के खिलाफ कोई अपील दर्ज नहीं की जाती है, तो अपील दर्ज करने की समय सीमा से पहले टेवास को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना जा



सकता है। 61 वर्षीय टेवास को लीग के प्रसारण अधिकार बिक्री के सफल पुनर्गठन के साथ-साथ लीग के समग्र वित्त और टीमों के सुधार के लिए जाना जाता है। टेवास स्पेनिश लीग को अंतरराष्ट्रीय मंच पर इंग्लिश प्रीमियर लीग के आधिपत्य को चुनौती देने में मदद करना चाहते हैं।

## एक ओवर में छह छक्के, 24 गेंद में शतक और 43 गेंद में नाबाद 193 रन, एक मैच में टूटे कई रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली।** टी10 लीग में कैटेलोनिया जगुआर के सलामी बल्लेबाज हमजा सलीम डार ने इतिहास रच दिया है। उन्होंने सिर्फ 43 गेंद में 193 रन की पारी खेली है। वह पारी की शुरूआत करने उतरे और अंत तक नाबाद रहे। यूरोपियन क्रिकेट सीरीज के 45वें मुकाबले में सोहल हॉस्पिटलेट की टीम कोई विकेट नहीं ले सकी। वहीं, कैटेलोनिया ने बिना कोई विकेट खोए। 10 ओवर में 25.70 के रन रेट से 257 रन का विशाल स्कोर खड़ा कर दिया। इसमें सलीम के 193 रन के अलावा यासिल अली ने 58 रन का योगदान दिया। यासिर ने 19 गेंद में नाबाद 58 रन बनाए। इस दौरान उनके बल्ले से तीन चौके और सात छक्के निकले। उनका स्ट्राइक रेट 305.26 का रहा ।सलीम ने अपनी ऐतिहासिक पारी में 14 चौके और 22 छक्के लगाए। उन्होंने 448.83 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए और महज 24 गेंद में अपना शतक पूरा किया। इस पारी के दौरान उन्होंने एक ओवर में छह छक्के लगाने का कारनामा भी किया। कैटेलोनिया की पारी का नौवां ओवर करने आए मुहम्मद वारिस के ओवर में कुल 43 रन बने। सलीम ने इस ओवर में लगातार छह छक्के लगाए। नौ गेंद के इस ओवर में दो वाइड और एक नो गेंद भी शामिल थी।

स्पीड न्यूज

## बिहार प्रशासनिक सेवा के तीन अफसर डिमोट

**पटना।** बिहार प्रशासनिक सेवा के तीन अफसरों को डिमोट किया गया है। इन्हें डिमोट योग्य नहीं होने की वजह से किया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से यह अधिसूचना जारी की गई है। सरकार के आदेश में कहा गया है कि 17 अक्टूबर को इन तीनों अधिकारियों को उच्चतर पद का प्रभार दिया गया था लेकिन इसके लिए ये लोग योग्य नहीं थे। इस कारण उच्चतर पद का प्रभार वापस लिया जाता है। जिन अधिकारियों को पहले प्रोन्नत किया गया और फिर उसे वापस लिया गया उसमें संयुक्त सचिव पद पर कंचन कपूर हैं। शिवकुमार पंडित और वीरेंद्र कुमार मूल कोटि के बिहार प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी हैं।

## एक्सिस बैंक शाखा से साढ़े 16 लाख की लूट

**आरा।** बिहार में भोजपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र में बुधवार को सुबह पांच अपराधी एक्सिस बैंक की शाखा से करीब साढ़े 16 लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को यहां बताया कि सुबह लगभग 10:15 बजे एक्सिस बैंक, आरा में हथियार से लैस पांच अपराधी आए और बैंक कर्मियों को एक कमरे में बंद कर दिया। इस्केबाद हथियार के बल पर अपराधी काउंटर पर रखे हुए लगभग साढ़े 16 लाख रुपये लेकर फरार हो गए।

## कर्नाटक से पटना लाये गये मजदूरों के शव

**पटना।** कर्नाटक के विजयपुरा के अलियाबाद औद्योगिक क्षेत्र में एक प्राइवेट खाद्य प्रसंस्करण इकाई के गोदाम में एक विशाल मशीन क्षतिग्रस्त होने और इसके बाद 100 टन मक्का के ढेर के नीचे दबने से बिहार के सात श्रमिकों की हुई मौत के बाद बुधवार को उनके शव को पटना एयरपोर्ट लाए गए। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतक मजदूरों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये देने का ऐलान किया था। मुख्यमंत्री कार्यालय ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कर्नाटक के विजयपुरा की इस घटना से आहत हैं। मुख्यमंत्री ने इस घड़ी में शोक संतृप्त परिजनों के लिए ईश्वर से प्रार्थना की है कि मृतक के परिजनों को इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करें।

## पहसारा बम विस्फोट का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**बेगूसराय।** बेगूसराय में हुए चर्चित बम ब्लास्ट में छह बच्चों के घायल होने के मामले में बुधवार को पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। इस मामले में बम रखने के मुख्य आरोपी शुभम कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया है। यह जानकारी एसपी योगेन्द्र कुमार ने दी। एसपी ने बताया कि 2021 मे ही पहसारा निवासी शुभम कुमार द्वारा इस बम को खंडहरनुमा घर में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के फिराक में छुपाया गया था। इसके बाद वह पहसारा में हुए दोहरे हत्याकांड में जेल चला गया था। इस अपराधी पर लूट, डकैती, रंगदारी, आर्म्स एक्ट एवं सहित करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। यह अपराधी हथियार के बदले बम का इस्तेमाल करता था।

## अंग्रजी शराब के साथ दो तस्कर को धराया

**नवादा।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी के बावजूद अवैध रूप से शराब की तस्करी कर तस्कर बिहार में खपा रहे हैं। इसके कारण पूर्ण शराबबंदी कानून बिहार में फेल होता दिख रहा है ।हालांकि पुलिस शराबबंदी कानून लागू करने के लिए पुरी तरह से कटिबद्ध है और लगातार छापेमारी और धरपकड़ कर रही है। इस दौरान में उत्पाद अधीक्षक अनिल आजाद के निर्देश पर उत्पाद अधकारी पिंटू कुमार ने बुधवार को नवादा जिला के हिसुआ गांव में छापेमारी अभियान चला कर 168 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है ।उत्पाद अधीक्षक अनिल आजाद ने बताया कि शराब बिक्री की सूचना लगातार मिल रही थी। सूचना के आलोक में एक टीम का गठन कर छापेमारी अभियान चलाया गया। हिसुआ थाना क्षेत्र के पासी टोला निवासी राजेश गोस्वामी के पुत्र मुकेश कुमार और खराती बीघा निवासी विनोद कुमार के पुत्र रजनीश कुमार दोनों के पास से 180 एमएल अफसर चॉइस का 144 पीस और 750 मल का रॉयल स्टैग का 24 पीस शराब बरामद किया गया है और एक इ-रिक्शा वहान को जब्त किया गया है।

# कोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था का एसपी ने लिया जायजा, दिये कई दिशा-निर्देश

एजेंसी

**दुमका।** एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बुधवार को दुमका के सिविल कोर्ट की सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया। एसपी के साथ सिविल एसडीओ कौशल कुमार एवं डीएसपी विजय कुमार सहित इंस्पेक्टर मौजूद थे। एसपी ने कोर्ट के चारों ओर घुम-घुमकर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया और पुलिस कर्मियों को कई दिशा-निर्देश दिए। एसपी ने क्यूआरटी टीम एवं नियंत्रण कक्ष के पुलिस पदाधिकारियों को विशेष रुप से सजग रहने का निर्देश दिया। एसपी ने बताया कि कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। कोर्ट में क्षमता के अनुसार पुलिस बलों की तैनाती है कि नहीं और कितने सुरक्षा बलों की आवश्यकता है। इस दिशा में पदाधिकारियों से विशेष से विचार-विमर्श किया गया। उन्होंने कहा कि कोर्ट की सुरक्षा के लिए और भी कई कदम उठाएं जाएंगे। सुरक्षा-व्यवस्था में कोई कमी नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंट्रोल रुम में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारियों से भी लगातार कोर्डिनेट जारी रखी जाएगी। कोर्ट में पदस्थापित पुलिस कर्मियों की कार्यशैली पर भी विशेष ध्यान रखी जाएगी। एसपी ने कोर्ट गेट के पास सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कोर्ट के मुख्य गेट के पास भीड़-भाड़ नहीं रखने का निर्देश दिया है।






## बीडीओ गोड्डा और विधायक प्रदीप यादव के संरक्षण में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**गोड्डा।** बुधवार को ग्राम पंचायत निपनिया में 1126 अबुआ आवास का आवेदन प्राप्त किया गया एवं 40 बच्चों को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड, 25 बृद्धा अवस्था पेंशन का स्वीकृति की गई, 04 विकलांग पेंशन 15 महिलाओं का विधवा पेंशन स्वीकृति, 07 बच्चों को साइकिल वितरण, 36 बिरसा मुंडा सिंचाई कुप का निर्माण एवं 23 बच्चियों को सावित्रीबाई फुले योजना का लाभ के साथ अन्य सम्पत्तियों का वितरण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत मखनी में 1049 अबुआ आवास योजना का आवेदन प्राप्त किया, 17 महिलाओं को विधवा पेंशन 29 वृद्धा पेंशन का स्वीकृति,12 बच्चों को साईकिल वितरण,42 विरसा मुंडा सिंचाई कुप का निर्माण 25 बच्चियों को सावित्रीबाई फुले योजना कके साथ कई अन्य संपत्तियों का वितरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, विशिष्ट अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष दिनेश यादव, जिला परिषद सदस्य अंजना देवी, विधायक प्रतिनिधि सह युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव विकास कुमार सिंह, गोड्डा प्रमुख एवं उप प्रमुख, दोनों पंचायत के मुखिया गण, पंचायत समिति गण, वार्ड सदस्य गण, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष नवल साह एवं सेंकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर में कुल 1190 आवेदन प्राप्त

एजेंसी

**हंसडीहा।** जिले के सरैयाहाट प्रखंड के सलजोरा बंदरी पंचायत में बुधवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्‌घाटन बीडीओ महेश्वरी यादव व अन्य द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान बीडीओ श्री यादव ने कहा कि सरकार आपके द्वारा योजना में लोगों का ऑन द स्पॉट मामले का निष्पादन किया जा रहा है।जो भी आवेदन प्राप्त हो रहा है उसे ऑन लाइन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का परेशानी होने पर लाभुक सीधे रूप से उनसे संपर्क कर सकते हैं।वही छात्रों के बीच निशुल्क साईकिल वितरण योजना सहित कई योजना के परिसम्पतियों का वितरण किया। जिसमें धोती साड़ी, कंबल, व महिला समूहों को ऋण शामिल है। लोगों को परेशानी नहीं हो इसके लिए सभी विभागों का अलग अलग काउंटर लगाया गया था। सबसे ज्यादा भीड़ अबुआ आवास के काउंटर पर देखी गई।शिविर में सर्वाधिक आबुवा आवास योजना के लिए 778 मुख्यमंत्री पशुधन 103 आयुष्मान कार्ड 5 सर्वजन पेंशन योजना 23 आपूर्ति 203 गुरुजी क्रेडिट कार्ड 21 मत्स्य पालन 6 केसीसी 21 व अन्य 32 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर महेश्वरी प्रसाद यादव, जिला परिषद सदस्य बालमुकुंद यादव, प्रमुख ललिता मरांडी, उप प्रमुख सोनी देवी, बीपीओ कन्हैया झा, मुखिया प्रज्ञा रानी, समाजसेवी रामदेव मंडल सहित अन्य लोग मौजूद थे।


उप प्रमुख द्वारा साइकिल योजना के तहत छात्रों को चेक देते।

# लखीसराय, बेगूसराय, शिवहर और नवादा के डीएम बने अपर मुख्य सचिव, 26 आइएएस अफसरों को प्रोन्नत्ति

एजेंसी

**पटना।** बिहार प्रशासनिक सेवा आइएएस में प्रोन्नत 26 अधिकारियों को अपर सचिव में प्रोन्नति दी गई है। इसको लेकर सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस प्रमोशन वाली लिस्ट में कई जिलों के डीएम भी शामिल हैं। इस लिस्ट के अनुसार लखीसराय के डीएम का भी प्रमोशन हुआ है। अब वे अपर सचिव होंगे। इसके अलावे बेगूसराय, शिवहर, नवादा के जिलाधिकारियों को भी अपर सचिव में प्रोन्नति दी गई है। दरअसल, बिहार प्रशासनिक सेवा के कई अधिकारियों को प्रमोशन दिया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की तरफ से जारी अधिसूचना के मुताबिक लखीसराय डीएम अमरेंद्र कुमार, शिवहर के डीएम राम शंकर, नवादा के डीएम आशुतोष कुमार वर्मा, बेगूसराय के बंदोबस्त अधिकारी विजय कुमार सिंह का प्रमोशन अपर सचिव के पद पर किया गया है। इसके साथ ही राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के संयुक्त सचिव एस एस कैसेर सुलतान, संयुक्त सचिव सह संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी निर्वाचन विभाग में तैनात मिथिलेश कुमार साहू, तजी संयुक्त संयुक्त सचिव भवन निर्माण विभाग सुमन कुमार, सचिव बिहार राज्य विश्वविद्यालय सेवा आयोग दुगार्नंद झा, तदेन संयुक्त सचिव, योजना एवं विकास विभाग विनय कुमार को अपर सचिव के पद पर प्रमोशन दिया गया।

### बिहार के पांच डीएसपी को एएसपी में मिला प्रमोशन

बिहार सरकार के तरफ से बड़े पैमाने पर अधिकारियों का प्रमोशन दिया गया है। बिहार पुलिस सेवा के 6 अधिकारियों को अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में प्रोन्नति दी गई है। इस संबंध में गृह विभाग की तरफ से अधिसूचना जारी की गई है। इस लिस्ट के मुताबिक वरीय पुलिस उपाधीक्षक नुरुल हक को भी अपर पुलिस अधीक्षक के रूप में प्रोन्नति दी गई है। नुरूल हक वर्तमान में बिहारशरीफ के एसडीपीओ हैं।

### अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया

इसके आलावा गृह विभाग की अधिसूचना के मुताबिक कृष्ण कुमार सिंह, आलोक रंजन, कुमार इंद्र प्रकाश और पंकज कुमार को भी अपर पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। ये सभी लोग वर्तमान में डीएसपी के पोस्ट पर कार्यरत थे, अब नीतीश सरकार के तरफ से इन लोगों को प्रमोशन दिया गया है। इसके बाद से अब ये लोग बतौर एसपी अपनी सेवा देंगे। इसके साथ ही गृह विभाग की तरफ से अधिसूचना के मुताबिक राजन सिन्हा जिन्हें 19 अक्टूबर 2023 को स्टाफ ऑफिसर के रूप में प्रोन्नति दी गई थी, अब उसमें सुधार किया गया है। उन्हें डिमोट कर अपर पुलिस अधीक्षक बना दिया गया। इस संबंध में गृह विभाग ने अपने आदेश में संशोधन किया है।

## घात लगाए अपराधियों ने युवक को गोलियों से भूना, मौत

**पूर्वी चंपारण।** जिले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र में बाइक सवार अज्ञात अपराधियों ने बुधवार की एक युवक को गोली मार कर हत्या कर दी। घटना मोतिहारी शहर के जमला रोड स्थित चंडी माई स्थान के समीप की है। उक्त युवक बाइक से जीम जा रहा था, इस बीच अज्ञात अपराधी बैक टू बैक चार गोली शरीर में उतार दिया। इस घटना के बाद उसे गंभीर हालत में लोगों ने रहमानिया मेडिकल सेंटर में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देख पटना रेफर कर दिया गया। लेकिन उसे नहीं बचाया जा सका, पटना ले जाने के दौरान ही उसकी मौत हो गई। मृत युवक की पहचान मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जमला निवासी चंदेश्वर सिंह के तीसरे पुत्र राहुल उर्फ छोटू (22) के रूप में हुई है।

## ट्रांसजेन्डर रेशमा पटना विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य के रूप में मनोनीत

**पटना।** बिहार के राज्यपाल-सह-कुलाधिपति राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने ट्रांसजेन्डर रेशमा प्रसाद को बिहार के सबसे प्रतिष्ठित पटना विश्वविद्यालय के सीनेट का सदस्य मनोनीत किया है। राज्यपाल ने कहा है कि रेशमा प्रसाद के सीनेट का सदस्य होने पर उच्च शिक्षा के क्षेत्र में ट्रांसजेन्डर की समस्याएं सामने आ सकेंगी और उनके समाधान के बेहतर प्रयास किये जा सकेंगे। ट्रांसजेन्डर शिक्षा सहित सभी क्षेत्रों में आगे बढ़ रहे हैं और राजभवन उनके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर है। ट्रांसजेंडर एक्टिविस्ट रेशमा प्रसाद बिहार में इस कम्युनिटी के हक अधिकार के लिए अक्सर मुखर रहती हैं।

# 22 हजार शिक्षकों को सेवामुक्त करने का आदेश

**पटना।** पटना हाईकोर्ट ने बुधवार को बिहार प्राथमिक शिक्षक पद पर पिछले दो वर्षों से नियुक्त बीएड डिग्री धारक नियोजित शिक्षकों (छठे चरण) को नौकरी से हटाने का फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट के इस फैसले से करीब 22 हजार शिक्षकों को सेवामुक्त होना पड़ सकता है जो पिछले करीब दो वर्ष से नियोजित शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रहे थे। वर्ष 2022 में छठे चरण में 42 हजार नियोजित शिक्षक बहाल हुए थे। इसमें एक से पांच वर्ग तक के लिए 22 हजार नियोजित शिक्षक बहाल हुए थे। इसके पहले दो दिसंबर को हाईकोर्ट ने बीएड शिक्षकों के मामले में फैसला सुरक्षित रख लिया गया है। अब कोर्ट के फैसले से 22 हजार प्राथमिक शिक्षकों पर गाज गिरी है। पटना हाईकोर्ट ने सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आलोक में ये स्पष्ट किया है कि राज्य में प्राथमिक वर्गों (कक्षा एक से पांच) में बीएड डिग्रीधारक शिक्षक के रूप में नियुक्त नही होंगे। चीफ जस्टिस के वी चंद्रन व जस्टिस राजीव रॉय की खंडपीठ ने ललन कुमार व अन्य द्वारा बड़ी संख्या में दायर याचिकाओं पर सुनवाई की। कोर्ट ने ये स्पष्ट किया कि प्राथमिक कक्षाओं में डीएलएड डिग्री प्राप्त शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी। कोर्ट ने कहा कि रिट याचिकाओं को इस निष्कर्ष के साथ स्वीकार किया जाता है कि 'एनसीटीई' द्वारा जारी दिनांक 28.06.2018 की अधिसूचना अब लागू नहीं है और बीएड उम्मीदवारों को प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि जो नियुक्तियां की गई हैं, उन पर नए सिरे से काम करना होगा और मूल के अनुरूप ही योग्य उम्मीदवारों को नियुक्त करना होगा। साथ ही कोर्ट ने कहा कि वर्ष 2010 की एनसीटीई की अधिसूचना को केवल उसी पद पर जारी रखा जा सकता है। जिस पद पर उन्हें नियुक्त किया गया है। राज्य यह भी निर्णय लेगा कि क्या इस तरह के पुनर्कार्य पर रिक्त होने वाले पदों को प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के रूप में नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों से राज्य के पास उपलब्ध मेरिट सूची से भरा जाएगा। ऐसे में बीएड डिग्री धारक नियोजित शिक्षकों (छठे चरण) को कोर्ट के इस फैसले से बड़ा झटका है। करीब 22 हजार प्राथमिक शिक्षकों को इस फैसले से अब नौकरी से हाथ धोना पद सकता है।




# नित्यानंद ने रेवंत रेड्डी की जातिसूचक टिप्पणी पर जताई नाराजगी

एजेंसी

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री एवं बिहार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व अध्यक्ष नित्यानंद राय ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बिहारियों पर की गई जातिसूचक टिप्पणी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। श्री राय ने बुधवार को यहां कहा कि मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बयानों की जितनी भी निंदा की जाए वह कम है। विधानसभा के चुनावों में मिली करारी हार के बाद से कांग्रेस बंटवारे की राजनीति पर अब उतर गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार के डीएनए पर सवाल उठाने वाले नेता को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव का समर्थन प्राप्त है।

भाजपा नेता ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री रेड्डी का बयान कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की राजनीति का हिस्सा है। पूरी निर्लजता से बिहार के हमारे कुर्मी भाइयों-बहनों का अपमान कांग्रेस कर रही है। बिहार के डीएनए पर सवाल खड़ा करने वाले कांग्रेस को बिहार की एक-एक जनता अपनी ताकत का एहसास कराएगी। उन्होंने कहा कि बिहार के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाकर उत्तर और दक्षिण का भेद पैदा कर राजनीति करने वाली कांग्रेस के डीएनए में ही बंटवारा है। देश को बांटने से लेकर धर्म और जाति के नाम पर बांटकर कांग्रेस देश में राज करना चाहती है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने कहा कि सनातन धर्म को गाली देने के बाद भी कांग्रेस और घमंडिया गठबंधन का पेट नहीं भरा है। अब वे बिहारियों के डीएनए पर प्रश्न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य में बांटने की ऐसी हर राजनीति का जवाब बिहार सहित देश की जनता एकजुट होकर कांग्रेस को देगी।

## पेज 1 का शेष

### अबुआ आवास...

**यह सरकार जमीन पर काम करती है :** सीएम ने कहा कि आपकी सरकार जमीन पर काम करनेवाली सरकार है। पिछले 20 साल में पिछली सरकार ने सिर्फ दिखावा किया है, जमीन पर कोई काम नहीं किया। राज्य गठन के बाद यह पहला मौका है, जब आपकी सरकार खुद जनता के बीच आ रही है। राज्य सरकार ने विकास का वह मॉडल तैयार किया है, जिस पर पिछली सरकार 20 साल तक भी काम करने की हिम्मत नहीं जुटा सकी। विकास कार्य हमारे विपक्षी भाइयों को नहीं दिखता। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष ने बार-बार सरकार गिराने का प्रयास किया लेकिन, हर बार मुंह की खानी पड़ी। 29 दिसंबर को सरकार अपने 4 साल पूरे करेगी।**15 हजार किमी ग्रामीण सड़क का निर्माण :** सीएम ने कहा कि राज्य में 15 हजार किलोमीटर ग्रामीण सड़क का निर्माण होगा। बिजली, पानी और सड़क गांव गांव पहुंचाने का कार्य होगा। आपकी सरकार सौ यूनिट बिजली मुफ्त उपलब्ध करा रही है। इसका लाभ अबतक करीब 66 हजार लोगों को मिला है। मौके पर मंत्री चंपाई सोरेन, सत्यानंद भोक्ता, विधायक दशरथ गागराई, सबिता महतो, मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, आयुक्त कोल्हान समेत अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। **50 हजार नियुक्तियां जल्द :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार लगातार शिक्षकों की नियुक्ति कर रही है। राज्य सरकार जल्द ही 50 हजार नई नियुक्तियां करेगी, इसके अलावा मुख्यमंत्री मंत्री रोजगार सृजन योजना को भी समृद्ध किया जा रहा है, ताकि कम पढ़े-लिखे लोग जिन्हें रोजगार नहीं मिल पाता है, वे स्वरोजगार से जुड़ सकें। सरकार स्वरोजगार के लिए बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध करायेगी।

### एल खियांग्ते झारखंड...

झारखंड में इन्होंने लंबी सेवा दी है। कई मुख्यमंत्रियों के साथ कार्य करने का उन्हें अनुभव रहा है। श्री सिंह पूर्व सीएम मधुकोड़ा के प्रधान सचिव रह चुके हैं। झामुमो सुप्रीमो शिबू सोरेन के सीएम रहते हुए उनके प्रधान सचिव के तैर पर कार्य किया है। वहीं, हेमंत सोरेन के प्रधान सचिव भी रहे हैं। हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद हेमंत सोरेन ने उन्हें राज्य का 23वां मुख्य सचिव बनाया गया। सुखदेव सिंह 2024 में सेवानिवृत्त होंगे।

### पूजा सिंघल को जाता...

मनी लाउंड्रिंग मामले में पूजा सिंघल, बर्खास्त कनीय अभियंता राम बिनोद प्रसाद सिन्हा, कार्यपालक अभियंता शशि प्रकाश जेल में रहते ट्रायल फेस कर रहे हैं। जबकि पूजा के पति अभिषेक झा को अग्रिम राहत एवं सीए सुमन कुमार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल चुकी है।

### राज्यपाल ने दी मंजूरी...

हालांकि पिछले करीब 4 सालों से बाबूलाल ही सदन में भाजपा की अगुवाई कर रहे थे। लेकिन पिछले दिनों पूर्व मंत्री और विधायक अमर कुमार बाउरी को भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष चुन लिया जिसे कैबिनेट से भी स्वीकृति मिल चुकी है। अगले साल के आखिर में झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनाव तक बाउरी अपनी भूमिका जोरदार तरीके से निभायेंगे। तीन राज्यों के चुनाव के परिणाम के बाद भाजपा ऊंचे मनोबल के साथ शीतकालीन सत्र में दिखेगी।

### सांसद धीरज साहू...

मुख्य द्वार बंद कर दिया गया है और एक-एक कागजात की जांच की गयी। सांसद के घर में इनकम टैक्स के इस सर्वे को लेकर लोगों के बीच सनसनी फैल गयी थी। जानकारी के अनुसार आयकर विभाग की टीम कागजातों को खंगाल रही है। रांची के रेडियम रोड स्थित सुशीला निकेतन के बाहर मौजूद धीरज साहू के यहां काम करने वाले कर्मियों ने बताया कि वह जब सुबह पहुंचे तो उन्हें अंदर जाने से रोका गया। दरवाजे पर सुरक्षाकर्मी भी तैनात थे। किसी को आने-जाने की रोक लगायी गयी थी।

### इंडिया गठबंधन में कभी...

जबकि ऐसी कोई बात नहीं थी। मेरी तबीयत खराब थी। मुझे सर्दी-खांसी, बुखार लगा हुआ था। अगली बैठक होगी तो हम फिर कहेंगे कि अब देर नहीं कीजिए। आपस में बैठकर सबकुछ जल्दी से तय कर लीजिए। हम एक साल से विपक्षी एकजुटता में लगे हुए हैं। राज्यों के चुनाव में सभी पार्टियां अपनी-अपनी जीत के लिए लग जाती हैं वो अलग चीज है लेकिन हम चाहते हैं कि आगे से सब एकजुट होकर चुनाव लड़ें। श्री कुमार ने इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने के सवाल पर कहा कि पीएम पद को लेकर उनके बारे में अक्सर खबरें आती हैं कि लेकिन वह स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि उन्हें कुछ नहीं चाहिए। वह केवल इतना चाहते हैं कि विपक्ष एकजुट हो और अभी जो पार्टी केंद्र की सत्ता में है उसके खिलाफ चुनाव लड़े। उन्होंने परोक्ष रूप से भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि वे लोग देश के इतिहास को बदलने में लगे हुए हैं।

### झारखंड में तूफान...

तार की चपेट में आ कर छह गायों की मौत हो गयी। **कब तक होगी बारिश :** मौसम केंद्र के अनुसार राजधानी समेत करीब-करीब पूरे झारखंड में सात दिसंबर तक इसी तरह का मौसम रहेगा। उसके बाद आकाश साफ हो सकता है। आकाश साफ होने के बाद न्यूनतम तापमान गिर सकता है। धूप निकलने से अधिकतम तापमान बढ़ेगा। वहीं, 8-9 दिसंबर से झारखंड का पारा गिरने की संभावना है, जिससे राज्य में अच्छी ठंड पड़ सकती है।

### नेहरू ने गलती नहीं...

बाद में कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दलों के सदस्य सदन से वाकआउट कर गये। गृह मंत्री के जवाब के बाद इन दोनों विधेयकों को ध्वनिमत से मंजूरी दी गयी। **पीओके अस्तित्व में नहीं आता :** श्री शाह जम्मू कश्मीर से संबंधित दोनों विधेयकों पर सदन में हुई चर्चा का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा, पहली और सबसे बड़ी गलती वह थी जब जब हमारी सेना जीत रही थी, पंजाब का क्षेत्र आते ही संघर्ष विराम कर दिया गया और पीओके का जन्म हुआ। अगर संघर्ष विराम तीन दिन बाद होता तो आज पीओके भारत का हिस्सा होता। उनका कहना था कि दूसरा ब्लंडर' संयुक्त राष्ट्र में भारत के आंतरिक मसले को ले जाने का था। अमित शाह ने यह भी कहा कि पीएम मोदी 2024 में एक बार फिर पीएम बनेंगे और 2026 तक जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का पूरी तरह खात्मा हो जायेगा। गृह मंत्री के जवाब के बाद इन दोनों विधेयकों को ध्वनिमत से मंजूरी दी गयी। **पंडितों को घाटी नहीं छोड़नी पड़ती :** चर्चा के दौरान शाह ने कहा, धारा 370 के कारण जम्मू-कश्मीर में 45 हजार मौतें हुई हैं। पीएम मोदी ने हिम्मत करके 370 को हटाया। आज कश्मीर की स्थिति पूरी तरह से बदल चुकी है। 370 हटने के बाद वहां एक कंकड़ भी नहीं चला है। यदि पहले की सरकारों ने आतंकवाद पर शिकंजा कसा होता तो कश्मीरी पंडितों को घाटी नहीं छोड़नी पड़ती।

**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**पशुपालन प्रभाग, झारखण्ड**

**कार्यालय प्रबंधक, राजकीय पशु प्रक्षेत्र, गौरियाकरमा (हजारीबाग)**
**निलामी सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गौरियाकरमा अन्तर्गत राजकीय पशु प्रक्षेत्र, सांढ़ पोशण प्रक्षेत्र एवं सूकर प्रजनन प्रक्षेत्र के खाली बोरों की निलामी 15.12.2023 को पूर्वाह्न 11:00 बजे राजकीय पशु प्रक्षेत्र गौरियाकरमा के कार्यालय कक्ष में गठित समिति द्वारा की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति निलामी में शामिल हो सकते हैं। डाक बोलने वाले को निर्धारित सुरक्षित राशि जमा करना अनिवार्य है। विशेष जानकारी हेतु कार्यावधि में कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

नियम एवं शर्तें :-

1. डाक बोलने के लिए सुरक्षित राशि 10000/- (दस हजार) रूपये जमा करना अनिवार्य है।
2. निलामी तिथि को 10 बजे पूर्वाह्न से सुरक्षित राशि जमा ली जायेगी।
3. जिनका सुरक्षित राशि जमा रहेगा वही व्यक्ति डाक बोलने के लिए अधिकृत होगें।
4. अधिकतम बोली गई डाक पर खाली बोरों की निलामी की स्वीकृति दी जायेगी एवं स्वीकृति के पश्चात राशि जमा कर खाली बोरों का उठाव कर लेना होगा।
5. संतोशप्रद डाक नही बोले जाने पर निलामी को रद्द करने का अधिकार समिति को सुरक्षित रहेगा।
6. अन्य जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।
7. जिस व्यक्ति का निलामी स्वीकृत हो जाता है और वे खाली बोरों का उठाव नही करते है तो उनका जमा राशि जब्त कर लिया जायेगा।

प्रबंधक
राजकीय पशु प्रक्षेत्र
गौरियाकरमा हजारीबाग

PR 312815 Animal Husbandry(23-24)#D

# हमें डॉ अंबेडकर के मूल्यों पर कायम रहना होगा : सीजेआइ



**नयी दिल्ली।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ और उच्चतम न्यायालय के अन्य न्यायमूर्तियों ने बुधवार को बी.आर. अंबेडकर को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उच्चतम न्यायालय परिसर में आंबेडकर को श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद सीजेआई ने कहा कि हमें डॉ. अंबेडकर के मूल्यों पर कायम रहना होगा।

सीजेआई ने कहा कि शीर्ष अदालत के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है क्योंकि छह दिसंबर राष्ट्र के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। लेकिन अदालत परिसर में डॉ. बी.आर. आंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के साथ ही अब हम भी इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा हैं। चंद्रचूड़ ने कहा कि वह और उनके सहयोगी इस बात से बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं कि हम भारतीय संविधान के निर्माता को श्रद्धांजलि देने के लिए इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा हैं।



महापरिनिर्वाण दिवस पर संविधान निर्माता बाबासाहब भीमराव अंबेडकर के संसद भवन परिसर में बुधवार को उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## करणी सेना के अध्यक्ष गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन और उदयपुर कलेक्ट्रेट पर पथराव

# एसआइटी करेगी हत्या की जांच

## अपराधियों की जानकारी देने वालों को मिलेगा पांच लाख रुपये का इनाम

एजेंसी

**जयपुर।** श्री राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की हत्या के विरोध में बुधवार को राजस्थान बंद रहा। प्रदेश के विभिन्न शहरों में बंद के दौरान हल्का-फुल्का विरोध प्रदर्शन हुआ। राजधानी जयपुर में भाजपा मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन कर राह चलते लोगों पर पथराव की घटना हुई। उदयपुर कलेक्ट्रेट पर भी आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने हल्का पथराव किया। प्रदेश के विभिन्न शहरों में कहीं टायर जलाए गए तो कहीं ट्रेन रोककर गुस्से का प्रदर्शन किया गया। बंद के मद्देनजर सुबह से ही जयपुर, कोटा, जोधपुर, जैसलमेर, चूरू, बीकानेर, चित्तौड़गढ़ और उदयपुर समेत अन्य शहरों में स्वप्रेरित बाजार बंद रहे। कई शहरों के स्कूलों में भी छुट्टी घोषित कर दी गई। सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को गोली मारने वाले दोनों आरोपितों की पहचान हो गई है और शूटरों की तलाश में दो सौ से अधिक पुलिसकर्मी जुटे हैं। वहीं पुलिस ने दोनों आरोपितों की जानकारी देने वालों को पांच-पांच लाख रुपये के इनाम का ऐलान किया है। इस मामले में एसआईटी गठित हो गई है, जिसकी अगुवाई अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (क्राइम ) दिनेश एमएन करेंगे। पुलिस महानिदेशक उमेश मिश्रा ने बताया कि सुखदेव सिंह गोगामेड़ी को गोली मारने वाले दोनों आरोपितों की पहचान हो गई है। एक आरोपित का नाम रोहित राठौड़ है,जो नागौर के मकराना का रहने वाला है। वहीं दूसरे का नाम नितिन फौजी है, जो हरियाणा के महेंद्रगढ़ का रहने वाला है। फिलहाल दोनों फरार हैं। पुलिस इनकी तलाश में जुटी है। इस वारदात वांटेड रोहित गोदारा की गैंग ने की है। रोहित गोदारा व सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के बीच कुछ वर्षों से व्यक्तिगत रंजिश चल रही थी। अभी तक की जांच में सामने नहीं आया कि किस विवाद के चलते यह वारदात की गई है। शूटरों की तलाश में दो सौ से अधिक पुलिसकर्मी जुटे हैं। पुलिस ने दोनों आरोपितों की जानकारी देने वालों को पांच-पांच लाख रुपये के इनाम का ऐलान किया है।



**राज्यपाल कलराज मिश्र ने मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और जयपुर पुलिस कमिश्नर को राजभवन बुलाकर कानून व्यवस्था की समीक्षा**

उल्लेखनीय है कि जयपुर के श्याम नगर में दो बदमाशों ने सुखदेव सिंह की घर में घुसकर गोली मार हत्या कर दी थी। इसके बाद उन्हें मानसरोवर स्थित मेट्रो मास हॉस्पिटल लाया गया, जहां मंगलवार से उनके समर्थक आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर धरने पर बैठे है। इस प्रदर्शन के चलते जयपुर में अजमेर-हाईवे पर करीब दो घंटे तक लंबा जाम रहा, जिसे करीब ढाई बजे खुलवा दिया गया। इससे पहले दोपहर दो बजे भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर भी हंगामा किया गया और बैरिकेड्स हटा दिए गए। जोधपुर में भी दोपहर 12 बजे के करीब भीड़ रेलवे स्टेशन में जा पहुंची और ट्रैक पर पहुंच कर नारेबाजी की। प्रदेश के हालात देखकर राज्यपाल कलराज मिश्र ने सुबह मुख्य सचिव, गृह सचिव, डीजीपी और जयपुर पुलिस कमिश्नर को राजभवन बुलाकर प्रदेश की कानून एवं शांति व्यवस्था की विशेष समीक्षा की। पाली के सोजत कस्बे के मुख्य बाजार में दुकान बंद करवाने के दौरान कुछ युवकों ने तोड़-फोड़ शुरू कर दी। उदयपुर के मुख्य बाजार में सभी समाज के लोग सड़कों पर उतरे और जुलूस के तौर पर कलेक्ट्रेट पहुंचे। जोधपुर के रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में समर्थक स्टेशन में घुस गए और यहां ट्रैक पर खड़े होकर नारेबाजी करने लगे। चित्तौड़गढ के कलेक्ट्री चौराहे पर प्रदर्शन किया गया। यहां टायर जलाए गए और इसके बाद शहर की दुकानों को बंद करवाया गया। जयपुर के गुर्जर की थड़ी इलाके में शाम करीब साढ़े चार बजे अंडर पास से निकलने वाले वाहन चालकों पर अचानक पत्थरबाजी शुरू हो गई थी। इसके बाद पुलिस ने भीड़ को खदेड़ा। उदयपुर में कलेक्ट्रेट पर पहुंचे लोगों ने अंदर खड़े पुलिस जाब्ते पर पथराव शुरू कर दिया। इस दौरान पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित किया। जयपुर शहर के एक रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ की गई।

## एक नजर में

### नेपाली नागरिकों को रूसी सेना में भर्ती करने वाले गिरोह का पर्दाफाश, 12 गिरफ्तार



**काठमांडू।** नेपाली नागरिकों को अवैध रूप से रूस भेजकर वहां की सेना में भर्ती कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। नेपाल पुलिस ने इनके पास से 50 से अधिक पासपोर्ट भी बरामद किया है। नेपाल पुलिस की क्राइम ब्रांच ने काठमांडू के अलग-अलग ठिकानों पर छापा मारकर 12 लोगों को गिरफ्तार किया। इनके पास से 50 से अधिक पासपोर्ट भी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि इन सभी पासपोर्ट पर रूस का वीजा लगा हुआ था। हिरासत में लिए गए आरोपितों के पास से 27 लाख रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। गिरफ्तार आरोपितों में द्रोण डांगी, दीपेन पेरियार, क्षितिज गिरी, सुभाष लामा, मनीष न्यौपाने, रोसल महर्जन, हरि बहादुर विश्वकर्मा, ईश्वर अधिकारी, गोकर्ण आर्यल, सुजाता दाहाल, संतोष रोक्का और संतोष नेपाल शामिल हैं। काठमांडू के पुलिस अधीक्षक कुमोद ढुंगेल ने बताया कि इन सभी को जिला अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया गया है। आगे की जांच जारी है। इन सभी की गिरफ्तारी के लिए काठमांडू के लेनचौर, ठमेल और महाराजगंज इलाके में छापेमारी की गई थी। यह गिरोह नेपालियों को अवैध रूप से रूसी सेना में शामिल होने के लिए विजिट वीजा पर रूस भिजवाने की व्यवस्था करता था। अब तक गिरफ्तार 12 लोगों के खिलाफ किसी ने भी शिकायत दर्ज नहीं कराई है। रूसी सेना में शामिल छह नेपाली नागरिकों की मौत और कुछ सैनिकों को यूक्रेन द्वारा बंधक बनाए जाने की घटना सामने आने के बाद सरकार ने जांच के आदेश दिए थे।

### केरल : एसएफआइ का राजभवन मार्च हुआ हिंसक

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की छात्र इकाई ह्यस्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) के कार्यकताओं ने राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान द्वारा उच्च शिक्षा क्षेत्र का भगवाकरण किए जाने का आरोप लगाते हुए बुधवार को यहां राजभवन तक मार्च किया, जिसने हिंसक रूप ले लिया। उच्च शिक्षा के क्षेत्र में राज्यपाल द्वारा उठाये गए कदमों के खिलाफ वाम संगठन द्वारा घोषित राज्यव्यापी शैक्षणिक हड़ताल के तौर पर यह मार्च निकाला गया।


### ऑस्ट्रेलिया : कार दुर्घटना में भारतीय की मौत

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलिया में एक कार हादसे में एक 26 वर्षीय भारतीय व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने उसके पार्थिव शरीर को भारत में उसके माता-पिता के पास पहुंचाने के लिए मदद की अपील की है। खुशदीप सिंह सोमवार रात करीब 11 बजकर 15 मिनट पर पार्मस रोड से गुजर रहे थे। तभी उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई और कई बार पलटी । रिपोर्ट के मुताबिक, घटना के बाद आपातकालीन सेवाओं ने सिंह को बचाने का प्रयास किया, लेकिन दुर्भाग्य से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना के सटीक कारण का पता लगाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संभवत थकान की वजह से यह हादसा हुआ। सिंह की पत्नी जपनीत कौर पति के शव को भारत में उनके माता-पिता के पास ले जाने के लिए फंड अभियान चला रही है। कौर एक छात्रा हैं। वह पिछले साल ऑस्ट्रेलिया आयी थीं। कौर ने कहा कि सिंह मेलबर्न में ट्रक चालक थे।

### नेपाल में आइएसआइ के दो एजेंट दोषी करार

**काठमांडू।** नेपाल की जेल में बंद पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई) के दो एजेंट को काठमांडू के स्पेशल कोर्ट ने आतंकी फंडिंग के मामले में दोषी करार दिया है। उत्तर प्रदेश के कानपुर में ट्रेन में हुए विस्फोट सहित कई आतंकी घटनाओं में फंडिंग करने के आरोप में दोषी करार इन दोनों एजेंटों के विरुद्ध जल्द ही सजा सुनाई जाएगी। वर्ष 2016 में कानपुर के पास पटना-इंदौर एक्सप्रेस में हुए विस्फोट में आतंकी फंडिंग करने वाले आईएसआई एजेंट शमसुल होदा और उसके सहयोगी गिरी बाबा उर्फ ब्रजकिशोर गिरी को काठमांडू के स्पेशल कोर्ट ने दोषी करार दिया है। पांच जजों के फुल बेंच ने लंबे समय से चल रहे इस मुकदमे पर अपना फैसला सुनाते हुए दोनों को दोषी करार दिया है। हालांकि इन दोनों को दी जाने वाली सजा पर अलग से सुनवाई की जाएगी। स्पेशल कोर्ट के प्रमुख न्यायाधीश टेकबहादुर कुंवर ने बताया कि सजा का ऐलान अलग से सुनवाई कर की जाएगी।

### फिल्म फाइटर का फर्स्ट लुक रिलीज




**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अनिल कपूर की आने वाली फिल्म फाइटर से उनका फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है। फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन के साथ दीपिका पादुकोण और अनिल कपूर की अहम भूमिका है। फिल्म फाइटर से अनिल कपूर का फर्स्ट लुक रिलीज हो गया है ।इस फिल्म में अनिल कपूर, ग्रुप कैप्टन राकेश जय सिंह उर्फ रॉकी के रोल में होंगे। सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बन रही फिल्म फाइटर में ऋतिक रौशन स्क्वॉडरन पायलट 'शमशेर पठानिया' उर्फ 'पैटी' के रूप में नजर आयेंगे ।फिल्म 'फाइटर' गणतंत्र दिवस के मौके पर 25 जनवरी, 2024 को रिलीज होगी।

# कोयले का उत्पादन एक अरब टन होने का अनुमान : जोशी

**केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसद को दी जानकारी**

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि देश में कोयले का उत्पादन करीब एक अरब टन होने की संभावना है और आने वाले समय में कोयले का आयात बंद किया जाएगा। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रह्लाद जोशी ने प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए कहा कि पहले देश में 54 करोड़ टन से लेकर 56.50 करोड़ टन तक कोयले का उत्पादन होता था, लेकिन इस बार यह आंकड़ा एक अरब टन का होने वाला है। उन्होंने कहा कि भारत कोयला उत्पादन के मामले में न केवल आत्मनिर्भर बनेगा बल्कि आने वाले समय में इसका आयात बंद कर दिया जाएगा। श्री जोशी ने एक अन्य पूरक प्रश्न के जवाब में कहा कि देश में वाणिज्यिक कोयला खनन शुरू हो गया है और इस साल ऐसी खदानों से डेढ़ करोड़ टन कोयला उत्पादन होगा। उन्होंने कहा कि देश में वाणिज्यिक कोयला खनन के लिए 91 ब्लॉक की नीलामी की गयी थी और उनमें वाणिज्यिक खनन शुरू हो गया है। इस बार वाणिज्यिक खनन के माध्यम से डेढ़ करोड़ टन कोयला उत्पादन होगा। पहली बार हमने वाणिज्यिक खनन में उत्पादन शुरू किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पहले कोयला ब्लॉक आवंटन और उत्पादित कोयले के आवंटन में गड़बड़ी होती थी लेकिन अब मौजूदा सरकार में इस दिशा में पारदर्शिता आई है। देश में कोयला उत्पादन बढ़ा है।

## कराची में लश्कर के आतंकी अदनान की गोली मारकर हत्या



**कराची।** पाकिस्तान के कराची में लश्कर-ए-तैयबा के प्रमुख आतंकवादी अदनान अहमद उर्फ हंजला अहमद की बुधवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। अदनान अहमद को लश्कर-ए-तैयबा के संस्थापक और 26/11 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड हफीज सईद का करीबी सहयोगी माना जाता था। अदनान अहमद को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अदनान अहमद की हत्या ने एक बार फिर पाकिस्तान में इसी साल भारत विरोधी तत्वों की रहस्यमयी हत्या को सामने ला दिया है। अक्टूबर में भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल आतंकवादी दाऊद मलिक को अज्ञात बंदूकधारियों ने पाकिस्तान में मार गिराया था। आतंकवादी मौलाना मसूद अजहर का करीबी सहयोगी माना जाता था।

# सरकार ने 100 वेबसाइटों को किया ब्लॉक

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सरकार ने बुधवार को कहा कि उसने संगठित अपराध या कार्य-आधारित अंशकालिक नौकरी धोखाधड़ी में शामिल 100 वेबसाइटों को ब्लॉक कर दिया है। गृह मंत्रालय ने अपनी वर्टिकल नेशनल साइबर क्राइम थ्रेट एनालिटिक्स यूनिट (एनसीटीएयू) के जरिए इन वेबसाइटों की पहचान की है। सरकार ने कहा कि गृह मंत्रालय की एक पहल, भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आई4सी) ने पिछले सप्ताह अपने एनसीटीएयू के जरिए संगठित निवेश या कार्य-आधारित भाग में शामिल 100 से अधिक वेबसाइटों की पहचान की है। सरकार ने कहा कि और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (एमईआईटीवाई) ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 के तहत अपनी शक्ति का इस्तेमाल करते हुए इन वेबसाइटों को ब्लॉक कर दिया है।

**डिजिटल विज्ञापन, चैट मैसेंजर और किराए के खातों का कर रहे थे उपयोग**



सरकार ने कहा कि कार्य-आधारित या संगठित अवैध निवेश संबंधी आर्थिक अपराधों को बढ़ावा देने वाली ये वेबसाइटें विदेशी अभिनेताओं द्वारा संचालित की जा रही थीं और वे डिजिटल विज्ञापन, चैट मैसेंजर और खच्चर या किराए के खातों का उपयोग कर रहे थे। कहा गया है कि यह भी पता चला है कि बड़े पैमाने पर आर्थिक धोखाधड़ी से प्राप्त आय को कार्ड नेटवर्क, क्रिप्टो मुद्रा, विदेशी एटीएम निकासी और अंतरराष्ट्रीय फिनटेक कंपनियों का उपयोग करके भारत से बाहर उड़ाया गया था। सरकार ने कहा कि 1930 हेल्पलाइन और एनसीआरपी के माध्यम से कई शिकायतें प्राप्त हुईं और ये अपराध नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण खतरा पैदा कर रहे थे और इसमें डेटा सुरक्षा संबंधी चिंताएं भी शामिल थीं। इन वेबसाइटों की कार्यप्रणाली के बारे में भी बताया गया। धोखाधड़ी कई भाषाओं में घर बैठे नौकरी या घर बैठे कमाई कैसे करें₹ जैसे कीवर्ड का उपयोग करके गूगल और मेटा जैसे प्लेटफार्मों पर लक्षित विज्ञापन लॉन्च करके शुरू होती है। निशाने पर ज्यादातर सेवानिवृत्त कर्मचारी, महिलाएं और अंशकालिक नौकरियों की तलाश कर रहे बेरोजगार युवा हैं। विज्ञापन पर क्लिक करने पर व्हाट्सएप/टेलीग्राम का उपयोग करने वाला एक एजेंट संभावित पीड़ित के साथ बातचीत शुरू करता है, जो उन्हें वीडियो लाइक और सब्सक्राइब, मैप्स रेटिंग आदि जैसे कुछ कार्य करने के लिए मनाता है। कार्य पूरा होने पर पीड़ित को शुरू में कुछ कमीशन दिया जाता है और दिए गए कार्य के बदले अधिक रिटर्न प्राप्त करने के लिए अधिक निवेश करने के लिए कहा जाता है। विश्वास हासिल करने के बाद जब पीड़ित बड़ी रकम जमा करता है, तो जमा राशि जब्त कर ली जाती है।

# सेंसेक्स रिकॉर्ड ऊंचाई पर, निफ्टी 21000 के करीब

## शेयर बाजार में लगातार तेजी जारी

**सेंसेक्स 357.59 अंक बढ़त के साथ 69,653 पर बंद और निफ्टी 82 अंक के साथ उच्चतम स्तर 20, 937 पर पहुंचा**

एजेंसी




**मुंबई।** शेयर बाजारों में बुधवार को लगातार सातवें कारोबारी सत्र में तेजी जारी रही और बीएसई सेंसेक्स 358 अंक की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी अपने अबतक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। कारोबारियों के अनुसार, सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और एलएंडटी में लिवाली के साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी रही। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में नरमी से भी धारणा मजबूत हुई।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 357.59 अंक यानी 0.52 प्रतिशत की बढ़त के साथ नये रिकॉर्ड स्तर 69,653.73 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 69,744.62 अंक तक चला गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 82.60 अंक यानी 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर अपने अबतक के उच्चतम स्तर 20,937.70 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में विप्रो में सबसे ज्यादा 3.85 प्रतिशत की तेजी रही।

इसके अलावा आईटीसी, एलएंडटी, टीसीएस, टाटा मोटर्स, नेस्ले इंडिया, इन्फोसिस और बजाज फाइनेंस प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ से नुकसान में रहने वाले शेयरों में एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और आईसीआईसीआई बैंक शामिल हैं। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार लिवाली से बाजार में तेजी को बल मिल रहा है। वहीं घरेलू निवेशक जीडीपी समेत विभिन्न अर्थिक आंकड़ों के अनुकूल होने तथा देश में राजनीतिक स्थिरता की उम्मीद के साथ दांव लगा रहे हैं। इसके अलावा, निवेशक यह उम्मीद कर रहे हैं कि भारतीय रिजर्व बैंक शुक्रवार को द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा में नीतिगत दर को यथावत रखेगा। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 5,223.51 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर खरीदे। इस बीच, एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग और जापान का निक्की लाभ में जबकि जबकि चीन का शंघाई कम्पोजिट नुकसान में रहा। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरूआती कारोबार में तेजी का रुख रहा। अमेरिकी बाजारों में मंगलवार को मिला-जुला रुख रहा। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.31 प्रतिशत की गिरावट के साथ 76.96 डॉलर प्रति बैरल रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि विधानसभा चुनावों के नतीजों के बाद बाजार में उम्मीद बढ़ी है। यह मौजूदा नीतियां जारी रहने की पुष्टि करता है और निवेशकों की अपेक्षाओं को पूरा करता है। मुद्रास्फीति में नरमी और अमेरिकी तथा भारतीय बाजारों में बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट के साथ विदेशी संस्थागत निवेशकों के बाजार में लौटने से भी मजबूती मिल रही है।

## रेपो रेट यथावत रहने की उम्मीद

**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की तीन दिन चलने वाली बैठक बुधवार को शुरू हुई। एमपीसी इस बार भी नीतिगत दर रेपो को यथावत रख सकती है। इसका प्रमुख कारण चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर का उम्मीद से अधिक होना और मुद्रास्फीति में नरमी है। आरबीआई ने चार मौद्रिक नीति समीक्षाओं में रेपो दर में कोई बदलाव नहीं किया।

अंतिम बार फरवरी में रेपो दर को बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत किया गया था। इसके साथ रूस-यूक्रेन युद्ध और उसके कारण वैश्विक आपूर्ति बाधित होने से महंगाई बढ़ने के कारण मई, 2022 से शुरू हुआ नीतिगत दर में वृद्धि का सिलसिला एक तरह से थम गया। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास छह सदस्यीय एमपीसी के निर्णय की घोषणा आठ दिसंबर को करेंगे।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा० लि०
राँची

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi - B | ₹ 140 | Hindi - B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran- II | ₹ 120 |
| English Grammar- II | ₹ 120 | English Grammar- II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran-II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !